✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 241 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 28 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




मधुबनी में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास करते सीएम नीतीश कुमार






## मुख्यमंत्री ने मधुबनी में 391 करोड़ की 395 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

# बिहार में बनेगी नई एजुकेशन सिटी : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मधुबनी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के क्रम में मंगलवार को मधुबनी पहुंचे। इस क्रम में उन्होंने मधुबनी जिले को दी बड़ी सौगात दी। इस क्रम में 391 करोड़ की लागत से 395 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए कहा कि उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य के संकल्प के तहत राज्य के प्रत्येक प्रखंड में आदर्श विद्यालय और डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे। साथ ही बिहार में एक नई एजुकेशन सिटी का निर्माण कराया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को पहली बार एनडीए की सरकार बनी थी, तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के काम में लगे



हुये हैं। सीएम नीतीश कुमार ने लालू राबड़ी सरकार की याद दिलाते हुए कहा कि याद है ना पहले क्या स्थिति थी? पहले बहुत बुरा हाल था? लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। समाज में कितना विवाद होता था, कितना हिन्दू-मुस्लिम झगड़ा होता था? पढ़ाई का क्या हाल था? बहुत कम बच्चे पढ़ते थे, बहुत कम पढ़ाई होती थी। पहले इलाज का पूरा इंतजाम नहीं था। सड़कें बहुत कम थी और जो थी उनका बुरा हाल था। बिजली बहुत कम जगह थी। शुरू से ही बिहार के विकास का काम हो रहा है। अब किसी प्रकार के डर एवं भय का वातावरण नहीं है। आज राज्य में भयमुक्त वातावरण, सामाजिक सौहार्द और शांति का माहौल है। सात निश्चय के तहत हर घर बिजली, नल का जल, शौचालय और पक्की सड़कें उपलब्ध कराई गईं। सात निश्चय-2 में युवाओं के लिए 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार का लक्ष्य रखा गया, जिसमें अब तक 10 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां और 40 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। सीएम नीतीश कुमार ने बताया कि अगले पांच वर्षों (2025-2030) के लिए सात निश्चय-3 के तहत रोजगार, उद्योग, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना पर विशेष फोकस रहेगा। युवाओं के लिए एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य है। सभी जिलों में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित होंगे, कृषि विपणन को बढ़ावा दिया जाएगा, डेयरी और मत्स्य पालन को प्रोत्साहन मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए जिला और प्रखंड अस्पतालों को विशिष्ट चिकित्सा केंद्र बनाया **(शेष पृष्ठ 11 पर)**

## सीएम नीतीश ने मुख्यमंत्री आवास पर किया झंडोत्तोलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 1, अण्णे मार्ग में झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सशस्त्र टुकड़ियों की सलामी ली तथा सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर बच्चों को मुख्यमंत्री ने जलेबी खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद सह जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार



रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पुलिस महानिदेशक अभियान, विशेष कार्य बल सह पुलिस महानिदेशक विशेष शाखा कुंदन कृष्णन सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## भू-लगान में लापरवाही पड़ेगी भारी : विजय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में भू-लगान वसूली को लेकर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बड़ा आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि रोक के बावजूद यदि किसी जिले में ऑफलाइन भू-लगान रसीद जारी की जाती है, तो इसे महज प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि गंभीर अनुशासनहीनता और आपराधिक कृत्य माना जाएगा। ऐसे मामलों में दोषी अधिकारी या कर्मी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार ने भू-लगान भुगतान और रसीद निर्गत करने की पूरी व्यवस्था को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके बावजूद कहीं भी ऑफलाइन रसीद जारी होना, फर्जीवाड़े और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

## मक्का व्यवसायी के पुत्र की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पूर्णिया।** पूर्णिया में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े बिजनेसमैन के बेटे की गोली मारकर कर हत्या दी। मृतक की पहचान सूरज बिहारी उर्फ सूरज यादव की रूप में हुई है। पिता जवाहर यादव पूर्णिया के बड़े मक्का व्यवसायी हैं और गोदाम का संचालन करते हैं। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि हत्या को अंजाम देने वाला शराब कारोबारी है। घटना मरंगा थाना क्षेत्र के नेवालाल चौक स्थित फंड वर्ल्ड पार्क के पास मंगलवार की है। फायरिंग में बाल-बाल बचे प्राइवेट गार्ड प्रेम कुमार ने बताया कि सरस्वती पूजा के दिन इंस्टाग्राम फोटो खिंचाने को लेकर कारोबारी सूरज बिहारी के भाई उदय यादव और उनके दोस्तों से ब्रजेश और नंदू सिंह की कहासुनी हुई थी। उदय के दोस्त के पिता सुबोध कुमार ने बताया कि उनका बेटा सोशल मीडिया क्रिएयर है। स्कूल में सरस्वती पूजा के दौरान उसने एक लड़की की तस्वीर लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। उस लड़की का बॉयफ्रेंड तस्वीर देख लिया था। इसके बाद उस लड़की का बॉयफ्रेंड ने मेरे बेटो को स्कूल से उठा लिया और लेकर जाकर उसके साथ मारपीट की। हालांकि मेरा बेटा किसी तरह भागकर आ गया।

## मगध से दरभंगा एयरपोर्ट का होगा सीधा जुड़ाव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मगध से दरभंगा एयरपोर्ट का सीधा जुड़ाव होगा। केंद्र सरकार ने औरंगाबाद के निकट आमस से शुरू होकर दरभंगा तक बनने वाले एक्सेस कंट्रोल्ड हाइवे से दरभंगा एयरपोर्ट को जोड़ने वाली सड़क की मंजूरी दे दी है। दरभंगा एयरपोर्ट का ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर से भी सम्पर्कता कायम होगा। दरअसल पिछले दिनों मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया था कि दरभंगा एयरपोर्ट का सिविल इन्क्लेव बनाया गया है।

## परीक्षा में देर से आने वाले छात्रों पर होगी सख्ती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 को नकल-मुक्त, अनुशासित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सभी जिलों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परिषद ने साफ कहा है कि परीक्षा के दिन समय का पालन करना हर परीक्षार्थी के लिए अनिवार्य होगा। तय समय के बाद परीक्षा केंद्र पहुंचने वाले छात्रों को किसी भी हालत में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यदि कोई परीक्षार्थी देर से आने पर जबरदस्ती या अवैध तरीके से परीक्षा परिसर में प्रवेश करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी छात्रों को परीक्षा शुरू होने से 1 घंटा पहले परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना होगा। परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले केंद्र का मुख्य गेट बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी छात्र को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, चाहे वह किसी भी कारण से देर से पहुंचा हो। यदि कोई छात्र गेट बंद होने के बाद दीवार कूदकर, गेट पर जबरदस्ती करके या किसी अन्य गलत तरीके से परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की कोशिश करता है, तो इसे नियमों का उल्लंघन और अपराध माना जाएगा। परिषद के अनुसार यह परीक्षा की निष्पक्षता को बिगाड़ने वाला गंभीर मामला है।

## राजकीय रेल पुलिस कर्मियों के तबादले की नीति जल्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) में तबादले की नई नीति बनेगी। इसको लेकर आईजी रेल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है जिसमें डीआईजी रेल और एआईजी रेल शामिल हैं। यह समिति राज्यभर के जीआरपी में पदस्थापित कर्मियों के स्थानांतरण से संबंधित नीति निर्धारित कर एक हफ्ते में एडीजी (रेल) को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। तब तक जीआरपी में अंतर रेल जिला स्थानांतरण पर रोक लगी रहेगी। एडीजी (रेल) कमल किशोर सिंह ने बताया कि भविष्य में नयी नीति के अनुरूप स्थानांतरण की प्रक्रिया एक बोर्ड से की जाएगी। इस बोर्ड की संरचना निर्धारित कर दी गई है। इस चार सदस्यीय बोर्ड की अध्यक्षता रेलवे आईजी करेंगे।

## नहीं छीने जा सकते पुराने अधिकार : हाईकोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हाईकोर्ट पटना ने खगड़िया जिले में चल रहे विशेष भूमि सर्वे को लेकर दायर याचिका पर अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि भूमि का स्वामित्व केवल बिक्री विलेख या रिकॉर्ड ऑफ राइट्स से स्वतः तय नहीं होता है। स्वामित्व का अंतिम निर्णय सक्षम सिविल कोर्ट ही कर सकती है। जस्टिस पूर्णेंदु सिंह की एकलपीठ ने इन्हीं टिप्पणियों के साथ याचिका का निस्तारण कर दिया। ये मामला बेलदौर अंचल सहित कई मौजों से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं का दावा था कि 1946 से पहले जमींदारों द्वारा 'सरवस्ता' के तहत उन्हें रैयती भूमि का वैध बंदोबस्त मिला था। रजिस्टर-टू में प्रविष्टि और वर्षों तक लगान वसूली के आधार पर उन्होंने अपने स्वामित्व और कब्जे का दावा किया। ये आरोप लगाया गया कि मौजूदा सर्वे के दौरान उनसे ऐसे पुराने दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, जो सरकारी अभिलेखों में उपलब्ध ही नहीं हैं, जिससे उनके अधिकारों पर असर पड़ रहा है। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए बताया कि सर्वे अभी जारी है। बिहार विशेष सर्वे एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के तहत आपत्ति दर्ज कराने का वैधानिक उपाय मौजूद है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पंजीकृत बिक्री विलेख तब तक निर्णायक नहीं होता, जब तक विक्रेता के पास स्पष्ट शीर्षक न हो। हालांकि, वैध हस्तांतरण के आधार पर नामांतरण से किसी को रोका भी नहीं जा सकता। कोर्ट ने कहा कि सर्वे के नाम पर वर्षों पुराने कब्जे और अधिकारों को समाप्त नहीं किया जा सकता है। आवश्यकता पड़ने पर पक्षकार दीवानी अदालत में दावा कर सकते हैं।

## बीपीएससी शिक्षिका ने की आत्महत्या

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** कटहरा थाना क्षेत्र के सेहान गांव में एक महिला बीपीएससी शिक्षिका ने आत्महत्या कर ली है। उसका शव किराये के मकान से बरामद हुआ है। मौके से पुलिस को एक लेटर भी मिला है। मृत शिक्षिका कटहरा थाना क्षेत्र के एक गांव के एक गांव में रहती थी और खाजे चांद छपरा गांव में पढ़ाने जाती थी। मृत शिक्षिका की पहचान जंदाहा थाना क्षेत्र के रसुलपुर गांव निवासी के रूप में हुई है। पुलिस के साथ एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाने में लगी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। वहीं मृतका की एक 3 महीने की बच्ची है। शिक्षिका के पति रक्सौल स्थित बैंक में डिप्टी ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। बरामद नोट में लिखा है ये कोई हत्या नही हैं। वो अपनी मर्जी से जीवन लीला समाप्त कर रही है। इसमें किसी व्यक्ति का कोई हाथ नहीं है।






# अगले पांच साल में एक करोड़ नौकरी-रोजगार का लक्ष्य : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पटना समेत पूरे देश में तिरंगा फहराया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गांधी मैदान में तिरंगा फहराया। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री आवास पर तिरंगे को सलामी दी। तिरंगे को सलामी देने के बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान गांधी मैदान में परेड की सलामी ली। इस बार 21 टुकड़ियों की परेड निकाली गई। राज्यपाल ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले जवानों को पुरस्कार दिया। इसमें भोजपुर के लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी को सात लाख 50 हजार रुपये, पूर्णिया के शशिभूषण कुमार को, समस्तीपुर के मेजर जनरल अखिलेश कुमार को शामिल हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने बिहार के लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। कहा कि 77 वर्ष पूर्व देश में गौरवशाली संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य स्थापित हुआ और संसदीय व्यवस्था पर आधारित शासन की



नींव रखी गई। संविधान के माध्यम से राष्ट्र के सभी नागरिकों के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय तथा विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता सुनिश्चित हुई है। संविधान के द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठा और अवसर की समानता तथा लोगों को गरिमापूर्ण जीवन उपलब्ध कराने के सिद्धान्त हमारे पथ प्रदर्शक हैं। इन्हीं के सहारे देश के सर्वांगीण विकास की परिकल्पनायें पूरी हो रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि बिहार सरकार ने समाज हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए सरकार काम कर रही है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि बिहार सरकार महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोड़ दिया गया है। महिलाओं को रोजगार देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकाय में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण की शुरुआत की गई है। वर्तमान में पुलिस में महिलाओं की संख्या 30 हजार है, जो देश में सबसे अधिक है। 2016 से सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35% आरक्षण दिया गया है। 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर विशेष सहायता गठन किया गया, जिसे जीविका कहा गया। वर्ष 2024 से शहरी क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया। यह लगातार जारी है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से बड़ी संख्या में स्कूल खोले गए। शिक्षकों की नियुक्ति की गई। 2023 से बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से बड़े पैमाने शिक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। अब राज्य में पांच लाख 24 हजार शिक्षक हैं। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

# गुजरात के भुज में गणतंत्र दिवस पर फहराया गया खादी से निर्मित ध्वज

## कार्यक्रम में शहीद की पत्नी हुईं सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भुज (गुजरात)।** गुजरात के भुज जिले के ग्रेट रन ऑफ कच्छ के धोरडो में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम मंत्रालय की ओर से सोमवार को देशभक्ति एवं स्वदेशी शक्ति का ऐतिहासिक संगम देखने को मिला। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महात्मा गांधी के विरासत खादी से निर्मित दुनिया का सबसे विशाल स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज को पूरे सम्मान और गौरव के साथ प्रदर्शित किया गया। यह ध्वज 225 फीट लंबा, 150 फीट चौड़ा है। इसका भार लगभग 1400किलोग्राम है। इस स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज को बनाने के लिए खादी कारीगर व श्रमिकों ने लगभग 3500घंटे का अतिरिक्त कार्य किया है। वहीं सफेद नमक के रेगिस्तान के ऊपर आलोकित यह ऐतिहासिक तिरंगा राष्ट्रभक्ति, स्वदेशी भावना एवं भारत की सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रतीक बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत गुजरात के कारीगरों को उपकरण एवं टूलकिट का वितरण किया। बता दें कि 26 जनवरी 2026 को वर्ष 2001 में आए भुज भूकंप के 25 वर्ष पूर्ण हुए। इस दौरान भूकंप से प्रभावित नागरिकों का स्मरण करते हुए कच्छ की अदम्य जिजीविषा और विकास की ऐतिहासिक यात्रा को रेखांकित किया गया। मौके पर केवाइसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर कच्छ के रन में दुनिया के सबसे विशाल खादी तिरंगे का भव्य प्रदर्शन किया जाना राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। कार्यक्रम ऑपरेशन सिदूर के वीर जवानों को समर्पित है। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी नेतृत्व को श्रेय देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में खादी आंदोलन को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। उन्होंने प्रधानमंत्री के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि आज जो नया, सुरक्षित और सुव्यवस्थित भुज खड़ा है वह किसी संयोग का परिणाम नहीं बल्कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में उनके दूरदर्शी नेतृत्व, अथक परिश्रम और विकासपरक सोच का प्रतिफल है। भुज को भविष्य के लिए एक आत्मनिर्भर और नियोजित नगर के रूप में विकसित किया गया। श्री कुमार ने कहा कि बीते 11 वर्षो से केवीआइसी ने उत्पादन, विपणन, डिजाइन और तकनीक के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं जिसका व्यापक असर हुआ है। बता दें कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। वहीं दो करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

# एआई और पर्यावरण एवं जल प्रबंधन से नई दिशा लेगा बी.डी. कॉलेज : रत्ना अमृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बी.डी. कॉलेज, पटना में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने ध्वजारोहण किया और कहा कि बी.डी. कॉलेज को पटना का सर्वश्रेष्ठ कॉलेज बनाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने सरकार की 'न्याय के साथ विकास' की अवधारणा का उल्लेख करते हुए शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आहवान किया। अपने संबोधन में प्राचार्या ने कॉलेज द्वारा की जा रही पर्यावरणीय पहलों पर विशेष जोर दिया। ब्रेडा द्वारा लगाए गए सोलर पैनल से बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है जिससे ऊर्जा संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में कॉलेज ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वर्मी कम्पोस्ट यूनिट से स्थानीय समुदाय लाभान्वित हो रहा है और जैविक कचरे का पर्यावरण अनुकूल उपयोग किया जा रहा है। एमएसटीसी के साथ हुए समझौता ज्ञापन के माध्यम से कचरे का पारदर्शी और त्वरित निपटान संभव हुआ है, जो सतत विकास के प्रति कॉलेज की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ध्वजारोहण के पश्चात कॉलेज की सांस्कृतिक समिति द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत और नृत्य के माध्यम से राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया। प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयास से बी.डी. कॉलेज को शिक्षा, संस्कृति और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के क्षेत्र में एक आदर्श संस्थान के रूप में स्थापित किया जाएगा।

# भारतीय स्टेट बैंक, पटना में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्टेट बैंक पटना मंडल के महाप्रबंधक (नेटवर्क-दक्षिण बिहार) रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने ध्वज फहराया। इसके पश्चात बैंक के सुरक्षाकर्मियों की टुकड़ी ने राष्ट्रीय ध्वज को विधिवत सलामी दी। समारोह के दौरान शांति, सद्भाव और विकास की कामना के साथ स्टेट बैंक के प्रतीक चिहन सहित तिरंगे गुब्बारों के गुच्छे आकाश में छोड़े गए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के महाप्रबंधक (नेटवर्क-उत्तर बिहार) आर. नटराजन, महाप्रबंधक (नेटवर्क-झारखंड) विवेक चंद्र जायसवाल, लेडीज क्लब पटना की सदस्याएं, स्थानीय प्रधान कार्यालय के सभी उप महाप्रबंधक तथा बड़ी संख्या में बैंक के कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का समापन उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी देवेश मित्तल द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 में 77वां गणतंत्र दिवस गर्व एवं उत्साह से मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




पटना। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) विजय गोयल ने कार्यालय सह आवासीय परिसर में आयोजित आकर्षक समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय गोयल ने सीआईएसएफ एवं डीजीआर सुरक्षा टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य परेड का निरीक्षण किया तथा उनके अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने एनटीपीसी के कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों, सीआईएसएफ, संविदाकर्मियों तथा उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री गोयल ने एनटीपीसी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में पूर्वी क्षेत्र-1 के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के सभी विभागों तथा इसके अधीन कार्यरत स्टेशनों की उपलब्धियों के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से वर्ष 2032 तक एनटीपीसी के 1,49,000 मेगावाट के लक्ष्य को साकार करने हेतु अपने-अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आहववाहन किया। श्री गोयल ने निगम सामाजिक दायित्व के प्रति एनटीपीसी की सतत प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि संस्थान समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ-साथ 'सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण' के संकल्प को निरंतर साकार कर रहा है। इस दौरान मुख्य अतिथि विजय गोयल ने संगीता गोयल एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में संविदा कर्मियों एवं सहयोगियों को अपने कर्तव्यों के प्रति निरंतर निष्ठा एवं समर्पण के लिए उन्हें सम्मानित किया। पारंपरिक संगीत एवं देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने गणतंत्र की भावना को सजीव करते हुए एकता, सद्भाव एवं सांस्कृतिक विविधता के मूल्यों को और भी सुदृढ़ किया। इस अवसर पर अध्यक्षा, सुजाता लेडीज क्लब संगीता गोयल, महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) मैथ्यू ई. कुवूर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विल्सन अब्राहम, सभी विभागाध्यक्ष, समस्त कर्मचारीगण, उनके परिजन एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में भागीदारी के लिए अभियान की शुरुआत

## ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने की अपील : स्वच्छता सर्वेक्षण में जरूर लें भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के प्रांगण में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पटना नगर निगम के नगर आयुक्त यशपाल मीणा के निर्देशन में स्वच्छता सर्वेक्षण भागीदारी ही जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ राणा सिंह, प्रोफेसर सुनील सिंह,पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत तथा गायक राजेश कुमार केसरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रोफेसर डॉ राणा सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता एवं स्वच्छता प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया और परिसर तथा पूरे शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन में पटना को बेहतरीन रैंकिंग दिलवाने के लिए छात्रों, आगंतुकों एवं सनी हितधारकों से अधिक से अधिक मात्रा में स्वच्छता सर्वे में प्रतिभागिता करने के लिए आह्वान किया। डॉ राणा ने बिहार सरकार, पटना नगर निगम, तथा जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रमों तथा कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आने वाले समय में पटना राज्य और देश के स्वच्छतम शहरों में अग्रणी स्थान बनाएगा। उन्होंने सभी आगंतुकों को बताया कि पटना को स्वच्छ बनाना तथा स्वच्छ बनाए रखना पटना के सभी निवासियों तथा पटना नगर निगम की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा इसकेलिए हम सब को मिल जुल कर सार्थक प्रयास करना चाहिए। सुप्रसिद्ध लोक गीत गायिका एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने शानदार संगीत पर अपनी जानदार गीतों की प्रस्तुति दी। सबसे बड़ा है गहना साफ रहना, घर घर अलख जगाएंगे, स्वच्छ पटना बनेगा। साफ सफाई अपनाएंगे, स्वच्छ पटना बनेगा की प्रस्तुति के दौरान श्रोता खुशी से झूम उठे एवं तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज उठा ।

# देश के विकास में सतत अग्रणी भूमिका निभा रहा एनटीपीसी : संजीव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कांटी।** एनटीपीसी कांटी में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में संजीव कुमार सुआर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कांटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत परियोजना प्रमुख द्वारा झंडोत्तोलन के साथ की गई। ध्वजारोहण के पश्चात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों, अग्निशमन सुरक्षा बल, नगर सुरक्षा बल तथा डीएवी स्कूल के बच्चों की परेड टुकड़ियों ने सलामी दी और उत्कृष्ट परेड का प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में संजीव कुमार सुआर ने सभी उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा देश के स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण किया जिनके बलिदान के कारण भारत एक गणतंत्र राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाए हुए है। परियोजना प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी वर्ष 1975 से देश के विकास में सतत अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने एनटीपीसी की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी की कुल स्थापित क्षमता 85,975 मेगावाट है तथा वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समारोह में एनटीपीसी कांटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को परियोजना प्रमुख द्वारा मेरिटोरियस अवार्ड से सम्मानित किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सुरक्षा बल, बाल भवन तथा कर्मचारियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

# पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र - I मुख्यालय, पटना में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।**पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-। मुख्यालय, पटना में 77 वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर पावर ग्रिड पूर्वी क्षेत्र-। के क्षेत्रीय प्रमुख नितिन कुमार श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पावरग्रिड के अन्य पदाधिकारी एवं उनके परिवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्मिको, बच्चों एवं महिलाओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की गयी। पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-। के अंतर्गत झारखंड एवं बिहार के सभी उपकेन्द्रो पर ध्वजारोहण कर विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित किए गए।

# पूर्व मध्य रेल में हर्षोल्लास पूर्वक मना गणतंत्र दिवस

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गयी। रेल सुरक्षा बल ने राष्ट्रीय धुन बजाकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। महाप्रबंधक ने रेल सुरक्षा बल एवं स्काउट्स एंड गाइड के परेड का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल के यूनियन/एसोशिएसन संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी एवं रेलकर्मी भी इस अवसर पर उपस्थित थे । पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह सहित संगठन की अन्य समस्याएं भी गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थित थीं। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में दिसंबर माह तक पूर्व मध्य रेल कुल प्रारंभिक राजस्व के मामले में 22 हजार 133 करोड़ रुपये के साथ भारतीय रेलवे पर तीसरा सबसे अधिक राजस्व प्राप्त करने वाला क्षेत्रीय रेल है। इसी तरह दिसंबर माह तक पूर्व मध्य रेल ने 147 मिलियन टन माल ढुलाई की है जिससे 17 हजार 943 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष में अब तक पूर्व मध्य रेल भारतीय रेलवे पर माल लदान के मामले में चौथे स्थान पर तथा माल लदान से प्राप्त राजस्व के मामले में तीसरे स्थान पर रहा।

# गणतंत्र दिवस पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




जंदाहा (वैशाली)। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर में ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम देशभक्ति, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरे परिसर में राष्ट्रीय चेतना का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। टॉपर के रूप में त्रिप्ती एवं विजय लक्ष्मी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त चांदनी, मधु, मनीता, निशा, सलोनी, अंकित, आशीष, धर्मेंद्र, नितीश, प्रिंस, रौशन राज, रोहित, सतीश, विशाल, आयुष, अभिषेक, गौतम विशाल एवं मौसम को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच से विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षकों निधि, लक्ष्मी, मनीषा, अनिशा एवं अंशु को भी उनके समर्पण एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए लकी अली को पुरस्कृत किया गया। वहीं जुली, मोनिका, नूतन, अर्चना सहित अन्य प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को भी सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष क्षण उस समय देखने को मिला जब बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी द्वारा प्रदत्त 'भारत विजनरी लीडर्स अवार्ड' की ट्रॉफी एवं सम्मान पत्र को संस्थान के संस्थापक एवं संचालक आनंद रंजन झा ने मंच से अपने हाथों में लेकर उपस्थित जनसमूह को प्रदर्शित किया। इस अवसर ने कार्यक्रम को और अधिक गौरवपूर्ण बना दिया। समारोह को संबोधित करते हुए आनंद रंजन झा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के मूल्यों, कर्तव्यों और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का स्मरण कराता है। कौशलयुक्त एवं शिक्षित युवा ही सशक्त भारत की पहचान हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्रों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी बताया।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने सीएसआर के तहत सरकारी स्कूली बच्चों में किया स्वेटर का वितरण

## सरकारी विद्यालय के बच्चों को मिली सर्दी से राहत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने आज सुजाता लेडीज क्लब के तत्वावधान में अपने नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, शेखपुरा बिंद टोली, पटना के 150 से अधिक विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए। गर्म कपड़े पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल ने स्वेटर वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा 'बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। यह आवश्यक है कि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएं भी समय पर उपलब्ध हों। ठंड के मौसम में बच्चों को सुरक्षित और सहज वातावरण देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसी छोटी-छोटी पहलें न केवल बच्चों की नियमित पढ़ाई में सहायक होती हैं, बल्कि उनका आत्मविश्वास और मनोबल भी बढ़ाती हैं।' उन्होंने बच्चों से अनुशासन और परिश्रम को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया। ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिनेष कुमार ने एनटीपीसी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा 'एनटीपीसी द्वारा दिया गया यह सहयोग बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी है।
इससे उन्हें सर्दी से राहत मिलेगी और यह भावना भी सुदृढ़ होगी कि समाज और संस्थान उनके साथ खड़े हैं। ऐसे प्रयास बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि को और मजबूत करते हैं।'इस अवसर पर एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के अधिकारीगण, सुजाता लेडीज क्लब की सदस्याएं, विद्यालय के शिक्षक गण तथा बड़ी संख्या में लाभान्वित बच्चे उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय सुजाता लेडीज क्लब के माध्यम से पटना एवं आसपास के क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना से जुड़ी विभिन्न सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियां निरंतर संचालित करता रहा है तथा समाज के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बिहार के दो जिलाधिकारियों को सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**






**पटना।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 में बेहतर प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्वारा पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पूर्णिया के जिलाधिकारी अंशुल कुमार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान चुनाव प्रक्रिया में मतदाता सहभागिता बढ़ाने, मतदान प्रतिशत में सुधार और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिए गए योगदान के आधार पर प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद दोनों जिलों के जिलाधिकारियों ने कहा कि यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि जिले के सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों, मतदान से जुड़े कर्मियों, मतदाताओं और आम जनता के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि चुनाव से पूर्व और दौरान चलाए गए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों, प्रशिक्षण अभियानों और सुव्यवस्थित प्रबंधन के कारण मतदान प्रक्रिया को सफल बनाया जा सका। जिलाधिकारियों ने सभी संबंधित विभागों और नागरिकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और मजबूत करने के लिए इसी तरह सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता है। इन नवाचारों के परिणामस्वरूप निर्बाध और बिना किसी व्यवधान के निर्वाचन संपन्न हुआ तथा शून्य घटनाओं के साथ मतदान प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई, जो वर्ष 2020 के 60.28% से बढ़कर वर्ष 2025 में 71.55% तक पहुंच गया।

# औरंगाबाद के भगीना श्रमदीप सिन्हा को मिला राष्ट्रीय सम्मान

## नए आयकर कानून 2025 के प्रारूपण में उत्कृष्ट योगदान के लिए विशिष्ट सेवा प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब जिले के नाती, आयकर विभाग के 2005 बैच के प्रतिभावान अधिकारी श्रमदीप सिन्हा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। उन्हें नए आयकर कानून 2025 के प्रारूपण में अनुकरणीय कार्य, उत्कृष्ट योगदान एवं कर्तव्यपरायणता के लिए विशिष्ट सेवा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है।यह सम्मान दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष रवि अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। देश की कर व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और आधुनिक बनाने की दिशा में नए आयकर कानून के निर्माण में श्री सिन्हा की भूमिका को विशेष रूप से सराहा गया। वर्तमान में श्री सिन्हा अहमदाबाद में पदस्थापित हैं, किंतु उनका पारिवारिक जुड़ाव औरंगाबाद से गहरा है। उनकी ननिहाल औरंगाबाद में है। उनकी माता कामिनी कौशल सिन्हा, औरंगाबाद के स्थानीय निवासी स्वर्गीय भुवनेश्वर प्रसाद एवं स्वर्गीय विंदेश्वरी देवी की पुत्री हैं। आज भी उनका परिवार औरंगाबाद में निवास करता है, जिससे यह सम्मान जिले के लिए और भी विशेष बन जाता है। श्रमदीप सिन्हा की इस उपलब्धि से औरंगाबाद में हर्ष और गौरव का माहौल है। बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों और आम नागरिकों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। लोगों का कहना है कि कड़ी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना हर युवा का सपना होता है, जिसे श्री सिन्हा ने साकार किया है। उनके सम्मान से न केवल परिवार बल्कि पूरे औरंगाबाद जिले का मान बढ़ा है। क्षेत्रवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे आगे भी देशहित में इसी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे।

# लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में शान से लहराया तिरंगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में देश का 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्ष, उल्लास और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के निदेशक डॉ. धनंजय कुमार को विद्यालय की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके पश्चात डॉ. कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर उसे सलामी दी तथा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में डॉ. धनंजय कुमार ने विद्यालय परिवार सहित समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश होते हुए भी अनेकता में एकता की भावना से सुदृढ़ है, जो हमारी राष्ट्रीय पहचान है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि असंख्य बलिदानों के बाद प्राप्त स्वतंत्रता की रक्षा करना तथा संविधान की मूल भावनाओं का सम्मान करना ही सच्ची देशसेवा है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार दुबे ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि किसी भी देश का संविधान उसकी राजनीतिक एवं न्यायिक व्यवस्था का आधार होता है तथा नागरिक अधिकारों की रक्षा का मूल ढांचा प्रदान करता है, जिसके माध्यम से राष्ट्र के विकास की दिशा और दशा निर्धारित होती है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएँ एवं शिक्षकेतर कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन और भी अधिक सफल एवं प्रेरणादायी बन सका।

# गणतंत्र दिवस पर औरंगाबाद में शान से फहराया तिरंगा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में 77वां गणतंत्र दिवस सोमवार को हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद परिसर में जिला जज राज कुमार ने झंडोत्तोलन किया। इसी तरह कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने ध्वजारोहण किया। रामलखन सिंह यादव कॉलेज में प्राचार्य डॉ विजय कुमार रजक, जिला शिक्षा कार्यालय में सुरेंद्र प्रसाद, संयुक्त कृषि भवन में कृषि पदाधिकारी संदीप राज, सदर अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी रमन सिन्हा, मदनपुर प्रखंड परिसर स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अवतुल्य कुमार आर्य, नगर थाना में प्रभारी थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद में प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया।

# सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलज में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्र के द्वारा प्राचार्य आवास पर ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद छात्रावास में छात्रावास अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया एवं महिला छात्रावास में छात्रावास अधीक्षक रेणु कुमारी ने ध्वजारोहण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में महात्मा गांधी के चित्र पर, अखौरी कृष्ण प्रकाश सिन्हा (त्रिपुरारी बाबू) एवं सच्चिदानंद सिन्हा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। 100 फीट ऊंचे राष्ट्रध्वज के नीचे भारत मां की पूजा की गई। एनएसएस समन्वयक डॉ संजीव रंजन एवं एनसीसी ऑफिसर मनजीत कुमार की देखरेख में एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद प्राचार्य ने दोनों बटालियन का मुआयना किए। 10 बजे महाविद्यालय में ध्वजारोहण किया गया। मंच संचालन बहादुर भीम कुमार सिंह द्वारा किया गया। प्राचार्य ने कहा कि हम आज 77वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं यह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर (बाबा जी) की देन है, जो ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष थे। भारत विभिन्न क्षेत्रों में विकास कर रहा है। मैं भारतवर्ष का काफी सम्मान करता हूं। उन्होंने महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्र-छात्राओं को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। महाविद्यालय की प्रेक्षा ग्रह में प्राचार्य के द्वारा अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कल्चरल सेल के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जिसकी जिम्मेदारी कल्चरल सेल समन्वयक नीतू सिंह ने बखूबी से निभाया। कार्यक्रम का धन्यवाद डॉ संजीव रंजन ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्र-छात्राओं में भाग लिया।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर जम्होर में किया झंडोत्तोलन



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पामरगंज सहयोग विकास एवं ईख-क्रय विक्रय संघ समिति, जम्होर के अध्यक्ष तेजेन्द्र कुमार सिंह ने झंडारोहण किया। इस मौके पर मार्केटिंग डेवलपमेंट के सचिव प्रसिद्ध नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष इस्लाम अंसारी, जदयू के वरीय उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह चन्द्रवंशी, नगर जदयू अध्यक्ष सैयद मुजफ्फर एकबाल कादरी, अजीत कुमार सिंह के साथ सभी बोर्ड के सदस्य गण एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए।।इस अवसर पर तेजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि आज सभी लोगों को अपने संविधान के प्रति जागरूक होकर देश पर आने वाले सभी संकटों पर साथ खड़ा रहने की आवश्यकता है तथा प्रत्येक आम लोगों को अपने संविधान की रक्षा के लिए आज के इस ऐतिहासिक मौके पर अपने संविधान के प्रति सजग रहकर संकल्प लेने की आवश्यकता है।

# लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल में किया गया झंडोत्तोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल में 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर तिरंगे की सजावट से सुसज्जित रहा और पूरे कार्यक्रम में राष्ट्रप्रेम की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ की गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सर्वेश कुमार ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों का यह महत्वपूर्ण दायित्व है कि वे प्रत्येक बच्चे को यह अवश्य समझाएँ कि गणतंत्र का वास्तविक अर्थ क्या है और भारत किस प्रकार एक लोकतांत्रिक गणराज्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल अधिकारों की जानकारी देना ही नहीं, बल्कि उन्हें संविधान द्वारा निर्धारित कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। श्री कुमार ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश की आत्मा है और इसका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। शिक्षकों को चाहिए कि वे छात्रों को संविधान की महत्ता सरल एवं प्रभावशाली तरीके से समझाएं ताकि वे भविष्य में एक जिम्मेदार, अनुशासित और जागरूक नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने सभी उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने संविधान के आदर्शों पर चलने और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लिया। लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल में मनाया गया यह गणतंत्र दिवस समारोह विद्यार्थियों के लिए न केवल एक उत्सव रहा बल्कि राष्ट्रनिर्माण के मूल्यों को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी बना।

# उत्साह के साथ मना औरंगाबाद जिला का स्थापना दिवस

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** औरंगाबाद जिला का 54वां स्थापना दिवस नगर भवन में कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के लघु जल संसाधन विभाग सह जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन, ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र, सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, कुटुंबा विधायक ललन राम, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में जिले के स्थानीय कलाकारों द्वारा नृत्य एवं संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं जिन्हें उपस्थित दर्शकों द्वारा सराहा गया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं लोक परंपराओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा एवं लोक शिकायत) जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# यूजीसी एक्ट के खिलाफ दस्तक का धरना 30 को



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था दस्तक यूजीसी के काले कानून इक्विटी प्रमोशन रेगुलेशन एक्ट 2026 के विरोध में आगामी 30 जनवरी को धरना देगी। आज दोपहर औरंगाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति मिलने के बाद संस्था के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार (रवि सिंह), सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र प्रकाश उर्फ विकास सिंह, जेपी सेनानी प्रो डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, जिला विधिक संघ के उपाध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा ने संयुक्त बयान जारी कर यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि आगामी 30 जनवरी को औरंगाबाद के दानी बिगहा बस पड़ाव में प्रातः 10 बजे से धरना का आयोजन किया जाएगा। प्रेस बयान जारी कर उन्होंने कहा कि अब जब देशवासी समरस समाज बनाने की दिशा में अग्रसर हैं, जात-पात का भेदभाव प्रायः समाप्त हो चुका है। ऐसे में यह एक्ट बिल्कुल अप्रासंगिक है। इससे समाज में जातीय विद्वेष फैलने के साथ-साथ सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं एवं नौनिहालों में आत्महीनता एवं असुरक्षा की भावना पैदा करेगा। यूजीसी के इस एक्ट के विरोध का शंखनाद आगामी 30 जनवरी को फूंका गया है। एक्ट के वापस लेने तक चरणबद्ध ढंग से आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इन लोगों ने सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के सम्मानजनक एवं सुरक्षित भविष्य के लिए आगामी 30 जनवरी को दिए जा रहे धरना में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आंदोलन को व्यापक सफल बनाने की लोगों से अपील की है।



## एक नजर

### नगरनौसा में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**नगरनौसा (नालंदा)**। 77वां गणतंत्र दिवस नगरनौसा प्रखंड में पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के सभी सरकारी व निजी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्व से अवगत कराया गया। नगरनौसा थाना परिसर में थाना अध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा, आदर्श पंचायत भुतहाखार में मुखिया नीरजा देवी, नगरनौसा पंचायत में मुखिया पूनम कुमारी, अरियाबा पंचायत में मुखिया रुदल प्रसाद, दामोदरपुर बल्धा पंचायत में मुखिया ललिता देवी, खजुरा पंचायत में मुखिया महेंद्र सिंह, कामता पंचायत के मुखिया पप्पू कुमार, उपडाकपाल शैलेंद्र प्रसाद तथा विकास उच्च विद्यालय भोभी के प्रभारी प्रधानाध्यापक धीरेंद्र कुमार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस मौके पर वक्ताओं ने देश की आज़ादी में बलिदान देने वाले शहीदों को नमन करते हुए आपसी भाईचारे, एकता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं के बावजूद एक परिवार है और सभी नागरिकों को देश को प्रगतिशील बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

### 77वें गणतंत्र दिवस पर नगरनौसा में बैडमिंटन फ्रेंडली मैच आयोजित

**नगरनौसा (नालंदा)**। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगरनौसा में बैडमिंटन फ्रेंडली मैच का आयोजन किया गया। मनरेगा से हाई स्कूल नगरनौसा परिसर में निर्मित बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रंजू कुमारी ने किया और मैच का शुभारंभ कराया। फ्रेंडली मैच में शांति दूत स्कूल नगरनौसा, पेठिया पर टीम, फरीदपुर, दनियावां, माधोपुर एवं इस्लामपुर की टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख रंजू कुमारी ने कहा कि बैडमिंटन फुर्ती, चपलता और दमखम का खेल है, जिसमें शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक मजबूती भी आवश्यक है। संघर्ष और निरंतर अभ्यास से ही सफलता प्राप्त होती है। मैच के समापन पर विजेता टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी मनोज प्रसाद सहित खिलाड़ी रजनीकांत कुमार उर्फ पप्पू, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, बंटी कुमार, गप्पू कुमार, जीतू कुमार, भोला जी, महेंद्र प्रसाद, शेखर प्रसाद, अमित कुमार, मुन्ना कुमार, कौशलेंद्र प्रसाद व सुभाष कुमार समेत बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आम वोटर परिषद का आयोजन

**हिलसा (नालंदा)**। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आम वोटर परिषद द्वारा सदस्यता अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हिलसा निवासी इंद्रजीत चक्रवर्ती को आम वोटर परिषद का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्हें सदस्यता एवं पदभार ग्रहण प्रमाण पत्र सौंपा गया, जो राष्ट्रीय महासचिव अश्विनी कुमार द्वारा निर्गत किया गया। इस अवसर पर इंद्रजीत चक्रवर्ती को लोकतंत्र, संविधान और मतदाता अधिकारों की रक्षा के लिए निष्ठा व इमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। संगठन ने कहा कि आम वोटर परिषद का उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और जवाबदेह लोकतांत्रिक व्यवस्था का निर्माण करना है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अशोक प्रसाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार पटेल, दिलीप कुमार सिन्हा, प्रकाश कुमार, सुमन शर्मा, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, कुमारी बेबी सिन्हा, संजू देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### रामबाबू हाई स्कूल में एसडीओ ने किया ध्वजारोहण

**हिलसा (नालंदा)**। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हिलसा के सभी सरकारी व निजी संस्थानों में धूमधाम से ध्वजारोहण किया गया। मुख्य समारोह रामबाबू हाई स्कूल मैदान में आयोजित हुआ, जहां अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में एसडीओ ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और अनुशासन के साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की अपील की। इससे पूर्व एसडीओ ने एएसपी शैलजा के साथ परेड का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। नगर परिषद में मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, थाना परिसर में थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार, शहीद स्मारक पर विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया सहित विभिन्न संस्थानों में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। समारोह शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

### हिसुआ नगर परिषद में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण



**हिसुआ/नबिटा संवाददाता**। नगर परिषद परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर परिषद की अध्यक्षा पूजा कुमारी ने पूरे विधि-विधान के साथ तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के साथ ही परिसर राष्ट्रगान और देशभक्ति के नारों से गूंज उठा, जिससे उपस्थित लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना और अधिक प्रबल हो गई।इस अवसर पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अतिश रंजन ने गणतंत्र दिवस एवं राष्ट्रीय ध्वज के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है तथा देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह संविधान की मर्यादा और राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करे। उन्होंने नगर के विकास में जनभागीदारी की भूमिका पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में उप चेयरमैन टिंकू चौधरी, वार्ड पार्षद सह बिहार राज्य नागरिक सदस्य शोभा देवी सहित नगर परिषद के सभी वार्डों के वार्ड पार्षद मौजूद रहे। ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद कर्मी, स्थानीय नागरिक और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। पूरे परिसर को तिरंगे रंगों से सजाया गया था, जिससे माहौल देशभक्ति से ओत-प्रोत नजर आया।

### मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम




**नवादा**। दक्षिण बिहार एवं झारखंड की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर, नवादा में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण के साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। समारोह की शुरुआत विद्यालय के मुख्य द्वार पर मुख्य अतिथि मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष सह मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के निदेशक डॉ. अनुज सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं सम्मान करने के साथ हुई। वरिष्ठ खेल शिक्षक अलखदेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि को सलामी दी गई।मुख्य अतिथि डॉ. अनुज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना और नागरिक कर्तव्यों का बोध कराता है। उन्होंने छात्रों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अंत में प्रतिभागी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

# गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व देशभक्ति वातावरण में सम्पन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिले में 77वां गणतंत्र दिवस सम्पूर्ण हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति वातावरण में गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों, पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय नवादा स्थित हरिश्चन्द्र स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर सुसज्जित परेड का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस बल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। समारोह में बड़ी संख्या में आम नागरिक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक पदाधिकारी, विद्यार्थी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने सर्वप्रथम जिलेवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस एवं नवादा जिले के 53वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिस जिले के नाम में ही "नव" शब्द समाहित हो, वह जिला स्वाभाविक रूप से नवाचार, विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर रहता है। उन्होंने कहा कि प्रगति यात्रा से लेकर सात निश्चय-03 से जुड़ी अनेक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से आधारभूत संरचना, पेयजल, ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, शहरी एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में सड़कों एवं पुलों के निर्माण को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं हेतु भूमि अर्जन की प्रक्रिया प्रगति पर है तथा कई कार्यों का आवंटन कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जा चुका है। रोह एवं गोविंदपुर को जोड़ने वाली सकरी नदी पर निर्माणाधीन पुल का कार्य तीव्र गति से कराया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नए जलाशयों का निर्माण कराया जा रहा है तथा गंगा जल आपूर्ति योजना के अंतर्गत शेष वार्डों को भी आच्छादित करने की दिशा में कार्य प्रगतिशील है। उन्होंने बताया कि बुधौल में 620 सीट क्षमता वाले अटल कला भवन के निर्माण हेतु निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि रजौली प्रखंड में नए उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि चिन्हित कर प्रारंभिक अधिसूचना की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, जिससे जिले में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। रजौली में ही व्यवहार न्यायालय, अनुमंडलीय कारा, निबंधन कार्यालय एवं अन्य प्रशासनिक भवनों के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करा दी गई है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मोक्षधाम, शौचालय, सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं विद्युत अधोसंरचना से संबंधित योजनाओं का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में हो रही प्रगति का उल्लेख करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में विद्युत ग्रिड, सौर ऊर्जा परियोजनाओं एवं पम्प्ड स्टोरेज परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिससे भविष्य में ऊर्जा उपलब्धता और अधिक सुदृढ़ होगी। नगर परिषद, नवादा क्षेत्र में ठोस एवं गीले कचरे के प्रबंधन हेतु इकाइयों की स्थापना की जा रही है तथा शहरी क्षेत्रों में हरित पट्टी विकसित करने की दिशा में भी कार्य हो रहा है। वन विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में जैव विविधता पार्क, संजीवनी वाटिका एवं तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जो आमजन के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों के माध्यम से कृषि, स्वास्थ्य, पोषण, सड़क सुरक्षा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुँचाई गई। मुख्य समारोह के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# डाक पार्सल वाहनों से 6.5 लाख की शराब जब्त, दो चालक गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। मद्य निषेध कानून को सख्ती से लागू करने के क्रम में हिलसा मद्य निषेध थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एकंगरसराय थाना क्षेत्र से दो डाक पार्सल वाहनों को जब्त करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में दोनों वाहनों के चालकों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। मद्य निषेध थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर हिलसा अनुमंडल अंतर्गत एकंगरसराय थाना क्षेत्र के वीर कुंवर सिंह चौक के समीप नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान जहानाबाद की ओर से आ रहे दो संदिग्ध डाक पार्सल वाहनों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहनों में बने विशेष चेंबर से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, एक वाहन से 180 एमएल की 1356 बोतलें तथा दूसरे वाहन से 180 एमएल की 1742 बोतलें, कुल 3098 बोतल विदेशी शराब जब्त की गई है। बरामद शराब उत्तर प्रदेश निर्मित बताई जा रही है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 6.5 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार चालकों की पहचान समस्तीपुर जिले के आसिनचक गांव निवासी रमेश पासवान के पुत्र 21 वर्षीय राम इकबाल पासवान एवं वैशाली जिले के मियांबारी गांव निवासी बुधन राय के पुत्र 22 वर्षीय सुजीत कुमार के रूप में की गई है। इस संबंध में हिलसा मद्य निषेध थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के साथ संजीव पासवान, सुमित कुमार, मोहन प्रसाद, दुर्गा पासवान, अनिल कुमार गुप्ता, सिकंदर कुमार एवं सुनील कुमार साव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# सांसद ने बाल विवाह मुक्त भारत जागरुकता रथ को दिखाई हरी झंडी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के संकल्प के साथ आइडिया संस्था द्वारा आयोजित बाल विवाह मुक्त भारत जागरुकता रथ को सांसद कौशलेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 8 मार्च 2026 तक जिले के सभी पंचायतों, गांवों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं धार्मिक स्थलों में भ्रमण कर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक अपराध है, जिसे रोकना केवल सरकार नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से समाप्त करने में सहयोग करें और बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करें। इस अवसर पर आइडिया संस्था के मंटू कुमार, उज्ज्वल कुमार, अस्विनी कुमार, गंगोत्री कुमारी, विनोद पांडे, विवेक, शुशीला देवी, किरण देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# टी.एस. कॉलेज में देशभक्ति से गूंजा परिसर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिले के हिसुआ स्थित टी.एस. कॉलेज (त्रिवेणी सत्यभामा महाविद्यालय) में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर धूमधाम से ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा ने विधिवत रूप से तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के साथ ही उपस्थित शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के शिक्षकों ने भी अपने विचार रखे और छात्रों को अनुशासन, शिक्षा और नैतिक मूल्यों के महत्व को समझाया। एनसीसी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार दुबे के देख रेख में एनसीसी के 140 कैडेट्स द्वारा शानदार परेड प्रस्तुत किया गया, परेड का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर आकाश पांडे द्वारा किया गया, प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा द्वारा महाविद्यालय के कर्मी अजय कुमार शर्मा, तथा अमित कुमार को महाविद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने पे पुरस्कृत किया गया गणतंत्र दिवस समारोह में पूर्व प्राचार्य डॉ जय नन्दन प्र. सिंह, डॉ मनु जी राय, डॉ देवेंद्र प्रसाद, डॉ रविंद्र सिंह, प्रो विजय सिंह, डॉ भोला शंकर वर्णवाल, डॉ पुनम भारती, डॉ स्वर्गेश कुमार, डॉ मिथिलेश पासवान, प्रो अर्जुन कुमार,डॉ संजय कुमार चौहान, डॉ मुकेश कुमार, डॉ एस एन प्रभाकर, डॉ संजय कुमार, डॉ अमरदीप मोहन अमहोरे, डॉ दिव्या पाण्डेय, डॉ मांडवी रानी, डॉ राकेश कुमार चौधरी, डॉ अंजली कुमारी, डॉ उपेन्द्र मिश्रा,राजेश कुमार, शेखर, मिडिया प्रभारी मुकेश कुमार, शिंधुकांत , अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा, प्रवीण कुमार, शंकर कुमार, राधारमण, रौशन कुमार, अनुज कुमार सहित सैकड़ों छात्र/छात्रा उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर सेंट जोसेफ एकेडमी में विविध कार्यक्रमों का आयोजन



**बिहारशरीफ/ नबिटा ब्यूरो**। सेंट जोसेफ एकेडमी में 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सजना जोसेफ द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके पश्चात उन्होंने भव्य परेड की सलामी ली। परेड में प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं ने अनुशासित मार्च पास्ट, साहसिक करतब एवं शारीरिक दक्षता से संबंधित आकर्षक प्रदर्शन प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने पूरे समारोह को जीवंत और स्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक सजना जोसेफ ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की याद दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझते हुए जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जोसेफ टी.टी. ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि आज के छात्र ही भविष्य के भारत के निर्माता हैं, इसलिए उनमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का विकास अत्यंत आवश्यक है।

# बाल विवाह मुक्त जागरुकता अभियान की शुरुआत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। महिला एवं बाल विकास निगम के प्रबंध निदेशक के निर्देशानुसार जिले में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त जागरूकता अभियान का शुभारंभ 27 नवंबर 2025 से किया गया है, जो 8 मार्च 2026 तक संचालित रहेगा। अभियान का उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति का उन्मूलन करना तथा बालिकाओं एवं महिलाओं के बीच शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। यह पहल विकसित भारत—2047 के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यह अभियान तीन चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। प्रथम चरण के तहत 27 नवंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा इससे संबंधित कानूनों की जानकारी दी गई। द्वितीय चरण में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक धार्मिक स्थलों एवं विवाह से जुड़े सेवा प्रदाताओं के साथ समन्वय स्थापित कर बाल विवाह को हतोत्साहित करने हेतु संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को 27 जनवरी 2026 को उप विकास आयुक्त नवादा श्रीमती नीलिमा साहू ने समाहरणालय परिसर से बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों, नेहा ग्रामीण महिला विकास समिति के सदस्यों तथा विद्यालय की छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। साथ ही बाल विवाह उन्मूलन के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने सहभागिता निभाई। अभियान के तृतीय चरण में 1 फरवरी 2026 से 8 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायतों, नगरपालिकाओं, वार्डों एवं सामुदायिक स्तर पर व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान ग्रामसभाओं एवं नगरपालिका वार्ड बैठकों में बाल विवाह को एक प्रमुख एजेंडा के रूप में शामिल कर जनसामान्य को जागरूक किया जाएगा तथा इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रभारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, डीपीओ आइसीडीएस निरुपमा शंकर, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रियरंजन, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं उपस्थित रहीं।

# गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों ने निकाली आकर्षक और संदेशपरक झांकियां





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिले में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास, देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह का आयोजन सोगरा हाई स्कूल मैदान में किया गया, जहां जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भारत सोनी भी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया। परेड का संचालन प्रथम परेड कमांडर पु०अ०नि० सिद्धार्थ आनंद तथा द्वितीय परेड कमांडर परिचारी रबिन कुमार यादव द्वारा किया गया। विभिन्न टुकड़ियों ने अनुशासित परेड प्रस्तुत कर मुख्य अतिथियों को सलामी दी। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं जिले में किए जा रहे विकासात्मक कार्यों की विस्तार से जानकारी दी तथा सभी से राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक और संदेशपरक झांकियां प्रस्तुत की गईं। जिला स्वास्थ्य समिति की झांकी में कन्या भ्रूण हत्या एक अपराध का संदेश दिया गया। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की झांकी में मनरेगा खेल मैदान, सर्व शिक्षा अभियान नालंदा द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शिक्षा में आईसीटी का प्रयोग, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा बिहार भिक्षावृत्ति निवारण योजना, जिला कृषि कार्यालय द्वारा किसानों के सशक्तिकरण हेतु फार्मर रजिस्ट्री को दर्शाया गया। उत्कृष्ट झांकी प्रस्तुतीकरण में शिक्षा विभाग को प्रथम पुरस्कार, परिवहन विभाग को द्वितीय पुरस्कार तथा ग्रामीण विकास विभाग को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें कोमल कुमारी, खुशी कुमारी एवं प्रियांशु कुमारी प्रमुख हैं। परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में सराहनीय कार्य करने वालों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने ध्वजारोहण किया।

## बिहारशरीफ में बैंकों में लटके रहे ताले, उपभोक्ता रहे परेशान

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) के आह्वान पर मंगलवार को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का व्यापक असर बिहारशरीफ में देखने को मिला। बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, बिहारशरीफ के अंतर्गत आने वाली सभी शाखाएं हड़ताल के कारण पूरी तरह बंद रहीं, जिससे बैंकिंग सेवाएं ठप हो गईं और आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल पर गए बैंककर्मियों की प्रमुख मांगों में सप्ताह में पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करना तथा ग्रामीण बैंकों में आईपीओ के माध्यम से निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाना शामिल है। यूनियनों ने केंद्र सरकार से ग्रामीण बैंकों के प्रस्तावित आईपीओ को तत्काल वापस लेने की भी मांग की। उनका कहना है कि ग्रामीण बैंकों का निजीकरण किसानों, गरीबों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक साबित होगा। हड़ताल के तहत बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में वर्कर्स एवं ऑफिसर फेडरेशन के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में एकत्र हुए और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान संदीप कुमार, रविशंकर रजक, खालिद अनवर, सुधीर कुमार सिन्हा, राहुल कुमार, अजित कुमार, अजित कुमार, प्रीति कुमारी, साध्वी सामंत, कुमार गोपाल सहित विभिन्न बैंक यूनियनों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बैंककर्मियों की हड़ताल, पांच दिवसीय बैंकिंग की उठाई मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सहित विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों ने पाँच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने सहित अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार को एक दिवसीय हड़ताल की। यह हड़ताल यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर की गई, जिसमें बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी संगठनों के संयुक्त 9 घटक दलों के सदस्य शामिल हुए।

नवादा जिला के ए.आई.बी.ई.ए. के महासचिव सौरभ रंजन ने बताया कि 8 मार्च 2024 को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस और इंडियन बैंक एसोसिएशन के बीच पांच दिवसीय बैंकिंग सुविधा को लेकर पहले ही समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, लेकिन अब तक केंद्र सरकार की अनुमति लंबित है। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी 2026 को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस और वित्तीय सेवा विभाग के बीच बैठक भी हुई, लेकिन किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका, जिससे बैंक कर्मियों को हड़ताल के लिए मजबूर होना पड़ा।

हड़ताल में केनरा बैंक से सौरभ, रंजीत, कुतुबुद्दीन, आदित्य और मधुसूदन, बैंक ऑफ इंडिया से गौरव और विनोद, पंजाब नेशनल बैंक से कार्यनंद और हरेंद्र, तथा एसबीआई से समरजीत सहित अन्य कर्मचारी शामिल हुए। नवादा जिले के एसबीआई, पीएनबी, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक एवं अन्य बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी भी इस हड़ताल में सम्मिलित रहे।

एसबीआई मुख्य शाखा में हड़ताल के दौरान अमित कुमार पासवान, रविशंकर कुमार, रवि कुमार, दीपक पांडेय और उत्तम कुमार सक्रिय रूप से मौजूद रहे। कर्मचारियों ने कहा कि वर्तमान छह दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था के कारण कार्यभार अत्यधिक बढ़ गया है, जिसका सीधा असर उनके पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर पड़ रहा है। एलआईसी की तर्ज पर सोमवार से शुक्रवार तक पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने से कार्य-जीवन संतुलन बेहतर होगा।

कर्मचारियों ने यह भी कहा कि डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन लेन-देन और तकनीकी संसाधनों के विस्तार के कारण पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था पूरी तरह व्यवहारिक है और इससे सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित नहीं होगी।

## गनौरी रामकली बी.एड. कॉलेज में धूमधाम से हुआ झंडोत्तोलन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। गनौरी रामकाली बी.एड. कॉलेज में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज परिसर को तिरंगे, गुब्बारों एवं देशभक्ति स्लोगनों से सजाया गया था। ध्वजारोहण शैलेश कुमार द्वारा पूरे सम्मान के साथ किया गया, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संबोधन में शैलेश कुमार ने संविधान और नागरिक कर्तव्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सरकारी-गैर सरकारी कार्यालयों व शैक्षणिक संस्थाओं में गणतंत्र दिवस पर लहराया तिरंगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर व ग्रामीण अंचलों के विभिन्न सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों व शैक्षणिक संस्थाओं पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर आन बान और शान से राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। शाहाबाद प्रक्षेत्र पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्यालय में डीआईजी डा सत्यप्रकाश ने झंडोतोलन किया व प्रक्षेत्र के नागरिकों व पुलिसकर्मियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। बिसैप दो में कमाडेंट लिपि सिंह ने सलामी गारद का निरीक्षण किया व ध्वजारोहण किया। अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम नीलेश







कुमार अनुमंडल पुलिस कार्यालय पर प्रभारी एसडीपीओ गौरव यादव, डिहरी व्यवहार न्यायालय पर एसडीजेएम रजतदीप ने नगर थाना में थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, महिला कॉलेज में प्राचार्य डा. अशोक कुमार, जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में प्राचार्य डा. शैलेन्द्र ओझा, रोहतास डेयरी में एम डी धनंजय कुमार, पानी टंकी स्थित सनबीम पब्लिक स्कूल में डायरेक्टर राजीव रंजन, लाला कॉलोनी स्थित श्री अरविन्द एकेडमी में निदेशक कृष्णा प्रसाद, शिवगंज स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय में प्राचार्य संजय कुमार ने झंडातोलन किया। इस दौरान विद्यालय के संस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल छात्रों को प्राचार्य अरविन्द कुमार ने पुरस्कृत किया। अनुमंडल विधिज्ञ संघ कार्यालय में अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, मौके पर पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे। इंद्रपुरी थाना में थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी, रेलवे स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह, आरपीएफ पोस्ट पर निरीक्षक राम विलास राम, आरएसके पब्लिक स्कूल में निदेशक आनंद सिंह, सन राइजिंग स्कूल में निदेशक प्रशांत सिंह, नगर परिषद में मुख्य पार्षद शशि कुमारी, माता देवरानी चिकित्सालय में डॉक्टर निर्मल कुशवाहा, अंदरी देवी मेमोरियल अस्पताल में डॉक्टर बिरेंद्र, सूर्या क्लीनिक में डा नीलम, पंताजली योग आश्रम में उमाशंकर पासवान, जनता बालिका विद्यालय में निर्देशक जगनारायण पांडे सहित अन्य सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय व विद्यालयों में झंडोतोलन किया और मिठाइयां बांटी गई।

एसपी रौशन कुमार ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहन के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि जनता का भरोसा ही अपराध नियंत्रण की कुंजी है। देश के गणतंत्र को सुरक्षित रखने में पुलिस की भूमिका सर्वोपरि रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 77 वर्षों में 40 हजार पुलिसकर्मियों ने कर्तव्य निभाते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि सड़क दुर्घटनाएं, नाबालिग बच्चों की सुरक्षा, नशे की बढ़ती समस्या और साइबर अपराध जैसी चुनौतियां अब भी पुलिस के सामने बनी हुई हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, आधुनिक जांच पद्धतियों और तकनीकी संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। एसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण की सबसे अहम कड़ी आम जनता का भरोसा है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अपील की कि वे आम लोगों के प्रति संवेदनशील, शालीन और मानवीय व्यवहार रखें क्योंकि जनता का विश्वास ही कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाता है और गणतंत्र की आत्मा को जीवित रखता है। अंत में एसपी ने उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करने और जनता का भरोसा कायम रखने का संकल्प दोहराया। पुलिस लाइन में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में एस पी व डीएम उदिता सिंह ने संयुक्त रूप से सलामी गारद का निरीक्षण कियाद्यएसपी ने झंडोतोलन किया। डीएम व एसपी ने जिले में विधि व्यवस्था बनाये रखने में बलिदानी पुलिस कर्मियों के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## गणतंत्र दिवस पर श्री अरविंद एकेडमी के बच्चों ने सबका मन मोहा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय सम्बिका नगर स्थित श्री अरविंद एकेडमी में निदेशक कृष्णा प्रसाद ने झंडोत्तोलन किया और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसने सबका मन मोह लिया। झंडोतोलन का कार्यक्रम निदेशक महोदय के द्वारा किया गया । झंडोतोलन में विद्यालय के प्रधनाचार्य अरविंद भारती सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत यशिका सिंह के द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। बच्चों के द्वारा बहुत से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिसमें राधा-कृष्ण नृत्य, संदेशे आते है, मिट्टी के बेटे, नाटक अनपढ़ गब्बर और ऑपरेशन सिंदूर मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहे। श्री अरविंद एकेडमी के अकोढ़ी गोला शाखा के द्वारा भी कुछ नृत्य प्रस्तुत किये गए। सभी ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। सभी शिक्षकों के भरपूर सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

## भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का डॉ. प्रेम कुमार ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का स्वागत किया। इस अवसर पर वे गया टाउन के हरिदास सेमिनरी स्थित प्रेक्षा गृह में भारतीय जनता पार्टी जिला गया द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष के गया के प्रथम आगमन पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से मगध क्षेत्र लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और विकसित भारत व आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में तेजी से प्रगति कर रहा है। डॉ. प्रेम



कुमार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना का कार्य प्रारंभ हो गया है जिससे मगध क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों के किसानों को व्यापक लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि हृदय योजना के तहत गया को शामिल किया गया जिसके अंतर्गत अक्षयवट, सीता कुंड और ब्रहम सरोवर का नवीनीकरण कराया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि गया-बोधगया कॉरिडोर का निर्माण शीघ्र शुरू होने वाला है और इसका डीपीआर अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि आगामी सितंबर माह तक गया जंक्शन बिहार का पहला आधुनिक रेलवे स्टेशन के रूप में तैयार हो जाएगा। साथ ही आमस-दरभंगा, गया-डोभी-पटना, राष्ट्रीय राजमार्ग 82, वाराणसी-कोलकाता सहित कई राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण और उन्नयन किया गया है जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिली है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया टाउन में यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अगले छह महीनों में 55 करोड़ रुपये की लागत से ट्रैफिक लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। वहीं डोभी क्षेत्र में 1300 एकड़ भूमि पर औद्योगिक गलियारे के निर्माण से लगभग एक लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। अंत में उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संजय सरावगी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का संगठन और अधिक सशक्त होगा और प्रदेश तथा देश के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## माघ शुक्ल अष्टमी पर डालमियानगर में वार्षिक भंडारे का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** माघ शुक्ल पक्ष अष्टमी के पावन अवसर पर डालमियानगर स्थित मथुरापुर कॉलोनी हनुमान वाटिका में श्री पयहारी जी महाराज के शिष्य लाल जी बाबा के नेतृत्व में वार्षिक भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व वैदिक विधि-विधान के साथ हवन-पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। हवन पूजा का अनुष्ठान अरवल स्थित कल्याणी कुटी धाम से पधारे वैदिक मित्रों के साथ पयहारी जी महाराज के परम शिष्य सुनील बाबा के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर सुनील बाबा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरु पूजा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु पूजा का भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है।

## मैकू राम को तिलौथू हाई स्कूल के प्राचार्य का पुन: प्रभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिले के चर्चित तिलौथू इंटरस्तरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पद पर एक बार फिर मैकू राम को प्रभार देने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दिया। इसकी सूचना मंगलवार को तिलौथू क्षेत्र में आग की तरफ फैल गई और सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बताते चलें कि अक्टूबर 2025 में तिलौथू हाई स्कूल में प्रभारी प्रधानाध्यापक पद को लेकर हाई स्कूल परिसर में मारपीट व



हंगामा हुआ था। इसे लेकर दोनों पक्षों के लोगों की ओर से राजनीति भी खूब हुई थी। न्यायालय के निर्देश के आलोक में 10 जनवरी को उप विकास आयुक्त ने पत्र जारी कर कहा कि तथ्यों एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के मंतव्य के आलोक में मैकू राम को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू में योगदान करने का आदेश दिया जाता है किंतु विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने उक्त पत्र को अस्पष्ट बताते हुए मैकू राम को प्रभार देने से इंकार कर दिया। इसकी शिकायत मैकू राम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से की। तत्पश्चात 27 जनवरी को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कार्यालय आदेश जारी कर लिखा कि उच्च न्यायालय में दायर परिवार में पारित आदेश और निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग के पत्र के आलोक में इंटर स्तरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू में प्रभारी प्रधानाध्यापक पद पर मैकू राम को प्राधिकृत किया जाता है। इस मामले में मैकू राम का कहना है, कि सत्य परेशान हो सकता है, किंतु पराजित नहीं हो सकता। पूर्व प्रमुख सह राष्ट्रीय मोर्चा जिलाध्यक्ष कपिल कुशवाहा ने कहा कि मैकू राम को न्याय मिला है। आने वाले दिनों में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू की गरिमा को वापस लौटाने में मैकू राम अपनी भूमिका निभाएंगे।

## सामाजिक कार्यकर्ता राजू सिंह की हृदय गति रुकने से निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला।** प्रखंड क्षेत्र के बांक गांव निवासी अवकाश प्राप्त प्रोफेसर अनिरूद्ध सिंह का पुत्र और सामाजिक कार्यकर्ता राजू सिंह उम्र 53 साल का अचानक हृदय गति रुकने से रविवार को रात्रि में मौत हो गया। खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इस मौके पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें डाक्टर डी के सिंह, प्रोफेसर अजीत सिंह, संजय सिंह बाला, जगजीवन कालेज के अवकाश प्राप्त प्रिंसिपल बिरेंद्र सिंह, पत्रकार दिनेश सिंह, पैक्स अध्यक्ष कृष्णा कुमार सुशील कुमार सिंह सहित ढेर सारे लोग शामिल थे।

## डीएम की अध्यक्षता में लोक भूमि रोक सूची निवारण समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह कि अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तर पर लोक भूमि रोक सूची निवारण समिति की एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में लोक भूमि से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करना एवं उनके त्वरित व विधिसम्मत निवारण की दिशा में आवश्यक निर्णय लेना था। बैठक के दौरान समिति के समक्ष कुल 13 मामले विचारार्थ प्रस्तुत किए गए।



विस्तृत चर्चा एवं अभिलेखों के अवलोकन के उपरांत 06 मामलों में स्वीकृति प्रदान की गई जबकि 07 मामलों में आवश्यक अभिलेखों एवं तथ्यों में त्रुटियां पाई गईं। इन त्रुटिपूर्ण मामलों के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे सभी त्रुटियों का शीघ्र निराकरण कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करें, ताकि इन मामलों को आगामी बैठक में पुनः प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने समयबद्ध निष्पादन पर विशेष बल देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े ऐसे मामलों का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में अपर समाहर्त्ता, रोहतास, राजस्व पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से शुरू हुई पिंक बस सेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, गया जी द्वारा संचालित पिंक बस सेवा का शुभारंभ मंगलवार को कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गया के परिसर से किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजन सरकार, एसडीएम केशव आनंद, डीटीओ राजेश कुमार एवं महिला छात्रावास के हॉस्टल वार्डन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। यह सेवा गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की छात्राओं एवं महिला कर्मियों के लिए प्रारंभ की गई है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से गया शहर, रेलवे स्टेशन, रामशीला, खिजरसराय सहित प्रमुख स्थानों तक प्रतिदिन तीन बार सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित होगा। बिहार का पहला इंजीनियरिंग कॉलेज गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बिहार का पहला सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज बन गया है जहां छात्राओं के लिए विशेष पिंक बस सेवा उपलब्ध कराई गई है। इस पहल को महिला सुरक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। छात्रा मानस्वी आर्या ने कहा डॉ. राजन सरकार सर हमेशा छात्राओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर संवेदनशील रहे हैं। पिंक बस सेवा उनकी सोच और प्रयास का परिणाम है। छात्रा मुस्कान ने कहा प्रिंसिपल सर के नेतृत्व में कॉलेज में छात्राओं के लिए लगातार बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। यह पहल हम सबके लिए बहुत भरोसेमंद है। वहीं आकांक्षा ने कहा यह सुविधा बताती है कि कॉलेज प्रशासन छात्राओं की वास्तविक समस्याओं को समझता है और समाधान भी करता है। प्रो गरिमा छात्रावास अधीक्षक ने बताई कि यह एक सराहनीय पहल है। प्राचार्य हमेशा छात्रहित में तत्पर रहते हैं। कॉलेज के सभी छात्राएं एवं महिला स्टाफ में हर्ष व्याप्त है।

## भाजपा को मजबूती देने में कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण : संजय सरावगी

### गया जी आने पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष का किया अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के गया जी आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा द्वारा भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष का अंगवस्त्र तथा भगवान राधा-कृष्ण का चित्र भेंट कर अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और



नेताओं के प्रति हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी की असली शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी को मजबूती देने में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि संजय सरावगी के कुशल, अनुभवी और दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बिहार में और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठनात्मक ढांचा सुदृढ़ होगा, कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और पार्टी की नीतियां आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचेंगी। डॉ. मिश्रा ने यह भी कहा कि भाजपा का उद्देश्य 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। स्वागत करने वालों में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, गोपाल प्रसाद यादव, महेश यादव, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## आकांक्षी प्रखंड कोच में 'सीटी बजाओ, स्कूल चलो' अभियान का शुभारंभ

### गणतंत्र दिवस पर अनोखी पहल, उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉपआउट कम करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आकांक्षी प्रखंड कोंच के विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं ड्रॉपआउट की समस्या को कम करने के उद्देश्य से गणतंत्र दिवस के अवसर पर 'सीटी बजाओ, स्कूल चलो' एवं 'टन-टन-टन घंटी बजी' अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान प्रखंड के सभी प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों में लागू किया गया है। अभियान के तहत विद्यालयों के पोषक क्षेत्र के प्रत्येक गांव व टोले से पांच बच्चों को लीडर बनाया गया है जो प्रतिदिन सीटी बजाकर बच्चों को स्कूल जाने का संकेत देंगे। सभी बच्चे सुबह 8.45 बजे तक तैयार रहेंगे और सीटी बजते ही स्कूल के लिए निकलेंगे। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार रमण ने बताया कि यह पहल बच्चों व अभिभावकों को स्कूल समय की याद दिलाने में सहायक होगी। प्रधानाध्यापकों को बच्चों के लिए सीटी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

## सरकारी-गैर सरकारी संस्थानों में हुआ झंडोत्तोलन, छात्रों ने निकाली भव्य झांकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में सोमवार को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर झंडोत्तोलन कर राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय गीत गाए गए तथा स्वतंत्रता संग्राम के महान सपूतों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। प्रिंस पब्लिक हाइ स्कूल, काजी बिगहा में निदेशक सह राजद प्रखंड प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार के नेतृत्व में छात्राओं द्वारा भव्य झांकी निकाली गई जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख मणि देवी, कोंच थाना परिसर



में थानाध्यक्ष सुदेह कुमार, आंती थाना में थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव, आंती हाई स्कूल में बिनोद कुमार, ग्राम कचहरी तिनेरी में सरपंच रूबी शाहीन, आंती पंचायत सरकार भवन में सरपंच संजू देवी, जगमोहन बीघा में मुखिया सुनीता कुमारी तथा पुस्तकालय भवन मौला बिगहा में पुण्यदेव यादव द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इस मौके पर बीडीओ बिपुल भारद्वाज, अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, पीओ संजय कुमार, आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, तिनेरी मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब, राजद युवा नेता मो. आकिब आलम, मो. शाहिद उर्फ साहु, सामाजिक कार्यकर्ता सह राजद काबर पंचायत अध्यक्ष लालू यादव, चबूरा मुखिया संजय यादव, उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा के मुख्य संरक्षक जयनंदन शर्मा, जिला पार्षद शरीफा देवी, उनके प्रतिनिधि मोहन यादव, समाजसेविका पूजा भारती, काबर पंचायत के समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ जॉनसन, गौहरपुर मुखिया शिव कुमार चौहान, परसावां मुखिया दिलीप कुमार शंभूनाथ यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शेरघाटी में धूमधाम से मना 77वां गणतंत्र दिवस

### झंडोत्तोलन के साथ फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** सोमवार को शेरघाटी शहर में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया गया। शहर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शेरघाटी के अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने अपने आवास पर झंडोत्तोलन कर की। इसके बाद वे मुख्य समारोह स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को संबोधित किया।

मुख्य समारोह के दौरान अवर निर्वाची पदाधिकारी रंजय कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर नेयाज अहमद, प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद,राजस्व पदाधिकारी अमित कुमार सिंह अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन इमरान अली के द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को अनुशासित और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भी झंडोत्तोलन किया गया। जेपी मेमोरियल स्कूल, रंगलाल स्कूल, प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय, एडुकेयर पब्लिक स्कूल, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित अन्य स्कूलों में बच्चों ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## गणतंत्र दिवस पर शहीद भगत सिंह की स्मृति में विधायक अजय दांगी ने किया रक्तदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की स्मृति में शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा कोंच में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सरकारी अस्पताल के सामने विवेक मेडिकल एजेंसी के समीप आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ सोमवार सुबह 11 बजे



किया गया। सबसे पहला रक्तदान कोंच निवासी विवेकानंद शर्मा ने किया जिसके बाद बड़ी संख्या में रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टिकारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय कुमार दांगी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं रक्तदान कर युवाओं का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर विधायक श्री दांगी ने कहा कि टिकारी की जनता ने मुझे विधायक बनाया है तो जनता के लिए रक्तदान करना मेरा कर्तव्य है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मगध सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक, गया के चेयरमैन सह गुरुआ के पूर्व विधायक विनय यादव उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

## शराबी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव में शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया और मंगलवार को न्यायालय भेजा। आंती थाना में पदस्थापित पु0अ0नि0 मीरा कुमारी ने बताया कि शराब के विरुद्ध छापेमारी के लिए सशस्त्र बल के साथ सरकारी वाहन से प्रस्थान किया गया। सूचना के आधार पर महमूदपुर गांव निवासी गुड्डू चौधरी के घर पर छापेमारी की गई। हालांकि घर से किसी प्रकार की शराब या आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। इसी दौरान गांव में मौजूद एक व्यक्ति पुलिस कार्रवाई को देखकर हंगामा करने लगा। पूछताछ के क्रम में उसने अपना नाम गुड्डू चौधरी, पिता गनौरी चौधरी, निवासी महमूदपुर, थाना आंती, जिला गया बताया। पुलिस को उसके मुंह से शराब पीने की गंध आने पर उसे हिरासत में लेकर थाना लाया गया।

संपादकीय

## विंटर ओलंपिक : बर्फ–गर्मी के बीच मुकाबला!

फरवरी 2026 में जब इटली के मिलान और कॉर्टीना द'आम्पेजो में विंटरओलंपिक की शुरुआत होगी, तब खेल सिर्फ एथलीटों के बीच नहीं होगा. मुकाबला होगा बर्फ और बढ़ती गर्मी के बीच. ताजा वैज्ञानिक विश्लेषण साफ संकेत देता है कि जलवायु परिवर्तन अब विंटरओलंपिक जैसी प्रतिष्ठित वैश्विक प्रतियोगिताओं को भी चुनौती देने लगा है. कॉर्टीना द'आम्पेजो, जिसने 1956 में भी विंटर ओलंपिक की मेजबानी की थी, आज वैसा ठंडा नहीं रहा. बीते करीब 70 वर्षों में यहां फरवरी का औसत तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है.

पहले जहां फरवरी में औसत तापमान करीब माइनस 7 डिग्री सेल्सियस रहता था, अब वह शून्य के आसपास पहुंच गया है. नतीजा यह कि बर्फ की मोटाई भी घट रही है. शोध बताते हैं कि 1970 के दशक से 2019 तक यहां बर्फ की औसत गहराई 15 सेंटीमीटर कम हो चुकी है. हालात ऐसे हैं कि 2026 के खेलों के लिए इटली को 30 लाख क्यूबिक यार्ड से ज्यादा कृत्रिम बर्फ तैयार करनी पड़ेगी. यानी ऊंचे आल्प्स में होने के बावजूद प्राकृतिक बर्फ पर भरोसा नहीं किया जा सकता. यह स्थिति सिर्फ आयोजन की लागत नहीं बढ़ाती, बल्कि खेलों की निष्पक्षता और खिलाड़ियों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करती है. जब तापमान पर्याप्त ठंडा न हो तो बर्फ जम नहीं पाती, सतह गीली और असमान हो जाती है और चोट का खतरा बढ़ जाता है. यह संकट सिर्फ इटली तक सीमित नहीं है. 1950 के बाद जिन 19 शहरों ने विंटर ओलंपिक की मेजबानी की है, वे सभी आज पहले से ज्यादा गर्म हो चुके हैं.

औसतन इनमें तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है. विंटर पैरालंपिक की तस्वीर और भी चिंताजनक है. ये खेल आमतौर पर मार्च में होते हैं, जब मौसम और गर्म होता है. अनुमान है कि 2050 तक दुनिया के सिर्फ एक चौथाई संभावित मेजबान शहर ही ऐसे रह जाएंगे, जहां पैरालंपिक के लिए भरोसेमंद बर्फ और तापमान मिल सके. एक हालिया अध्ययन बताता है कि अगर मौजूदा उत्सर्जन रुझान जारी रहे, तो सदी के अंत तक विंटर पैरालंपिक जैसे आउटडोर खेल लगभग नामुमकिन हो सकते हैं.

पहले जहां 90 प्रतिशत से ज्यादा संभावित मेजबान शहर सुरक्षित माने जाते थे, वहीं आने वाले दशकों में यह संख्या तेजी से घटेगी. इस बदलते मौसम का असर खिलाड़ियों की तैयारी पर भी दिखने लगा है. स्नोबोर्डिंग और स्कीइंग जैसे खेलों के एथलीट अब 'बर्फ की तलाश' में एक जगह से दूसरी जगह भटकने को मजबूर हैं. अमेरिका और यूरोप में स्की सीजन पहले ही छोटा हो चुका है. कई अंतरराष्ट्रीय स्की प्रतियोगिताएं हाल के वर्षों में सिर्फ इसलिए रद्द करनी पड़ीं क्योंकि बर्फ नहीं थी या तापमान बहुत ज्यादा था.

आयोजक संस्थाएं टिकाऊ खेलों की बात जरूर कर रही हैं. अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का दावा है कि 2030 से ओलंपिक खेल 'क्लाइमेट पॉजिटिव' होंगे. लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अगर वैश्विक तापमान यूं ही बढ़ता रहा तो सिर्फ बेहतर प्रबंधन से समस्या हल नहीं होगी.

# विज्ञान की समझ हर विद्यार्थी में हो...

**अगर आज भी यह रपट आती है कि भारत में हजारों प्राथमिक विद्यालयों में एक-एक अध्यापक कई कक्षाओं को संभाल रहे हैं, तो शिक्षा में नई तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टि को आत्मसात करने का लक्ष्य कब पूरा होगा? पंजाब को ही लें, आज भी यहां अधिकतर छात्र कला संकायों की ओर जा रहे हैं। जबकि नई शिक्षा नीति यह कहती है कि शुरू से लेकर उच्च स्तर तक नई पीढ़ी कला और साहित्य के साथ-साथ विज्ञान एवं तकनीक का भी अध्ययन करे। दूसरी ओर आलम यह है कि स्कूलों में दाखिले का फीसद जरूर बढ़ गया है, लेकिन दसवीं तक आते-आते विद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी बढ़ रही है। इसकी वजह है-परिवारों की आर्थिक असुरक्षा और रोजगार की अनिश्चितता। वहीं देश की युवा पीढ़ी में काम करने की इच्छा लगातार घट रही है, तो इसका कारण उदारता से बांटी गई रेवड़ियां भी हैं।**

**सुरेश सेठ**

भारत में बदलाव और विकास को रफ्तार देने के लिए नवाचार एक अहम पहलू है। इस समय कृत्रिम मेधा के माध्यम से भारत सबसे अग्रणी होने का प्रयास कर रहा है। इंटरनेट की शक्ति को 6जी से आगे ले जाने की कोशिश हो रही है और हर पुराने तरीके को कृत्रिम मेधा की सहायता से बदलने की पहल हो रही है। दावा किया जाता है कि वैश्विक स्तर पर विज्ञान और नवाचार के मामले में भारत तेजी से उभर रहा है। शोध कार्यों में भी देश किसी से पीछे नहीं है। पेटेंट की बात की जाए तो इसके लिए उद्यम और प्रौद्योगिकी में हम लगातार नए अन्वेषण कर रहे हैं। पेटेंट मामले में भारत दुनिया में छठे स्थान पर पहुंच गया है। विज्ञान और इंजीनियरिंग के मामले में दावा किया जाता है कि हम शीर्ष देशों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। मगर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार की राह अब भी कई तरह की चुनौतियों से घिरी हुई है।

वैश्विक नवाचार में जो मुकाबला होता है, उसमें भारत ने लगातार अपनी बढ़त बनाई है और वह 90वें पायदान से तीसवें स्थान पर पहुंच गया है। भारत के भावी प्रौद्योगिकी मिशनों में भी इसका विस्तार करने और सार्वजनिक क्षेत्र में कृत्रिम मेधा के विकास का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन इसके लिए शिक्षा में जो परिवर्तन होना चाहिए, वह अभी तक नहीं हुआ है। शिक्षा परिसरों में जो नवाचार दिखाई देना चाहिए, वह भी नहीं दिखाई देता। निजी क्षेत्र ने विश्वविद्यालयों और शिक्षा संस्थानों में भारी निवेश किया है। पंजाब को ही लें। इस राज्य में तीन मुख्य विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और दूसरे विश्वविद्यालय जरूर खुल गए हैं, लेकिन उनमें विद्यार्थियों की कमी तो है ही, वहीं सटीक पाठ्यक्रमों का अभाव भी नजर आता है। यहां कहीं नवाचार नहीं दिखाई देता है। केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान शुरू किया था। इसमें देश की विभिन्न शिक्षा प्रणालियों को एक साथ मिला कर सीधा रास्ता निकालने की कोशिश की गई थी। अब इस अभियान में भी नवाचार



की घोषणा शिक्षा मंत्री ने की है। शिक्षा क्षेत्र में बड़े सपने देखने के साथ भारत अब अंतरिक्ष विज्ञान में भी नई बुलंदियों को छूना चाहता है। वह अमेरिका या रूस के मुकाबले किसी भी तरह पीछे नहीं रहना चाहता। हालांकि दूसरे क्षेत्रों में विकास की अब भी बहुत गुंजाइश है। वैसे मुद्दे की बात यह है कि शिक्षा के सभी पुराने ढर्रे अब बदले जाने चाहिए। विज्ञान की समझ हर विद्यार्थी में हो, तभी शिक्षा में विकास के सपने पूरे हो सकेंगे। मगर इन सबके लिए पूंजी चाहिए। नीति आयोग यह कहता है कि कम से कम छह फीसद व्यय शिक्षा के विकास पर होना चाहिए, लेकिन आजादी के इतने वर्षों बाद और विकास की बुलंदियों को छू लेने के दावों के बावजूद देश ने कभी भी सकल घरेलू उत्पाद में से छह फीसद शिक्षा पर खर्च नहीं किया। हमेशा यह खर्च आंकड़ों में दिखाया जाता है, फीसद में नहीं, ताकि आबादी के लिहाज से तेजी से बढ़ते हुए देश में शिक्षा में बदलाव की धीमी गति को लेकर कोई उलझन पैदा न हो।

हम शिक्षा के विकास में कृत्रिम मेधा के जरिए विश्व का नेतृत्व करना चाहते हैं। सरकार का कहना है कि कृत्रिम बुद्धिमता नैतिक, पारदर्शी और डेटा गोपनीयता सिद्धांतों पर आधारित हो। इसके अलावा यह समावेशी और मितव्ययी हो, लेकिन सच तो यह है कि मितव्यय के नाम पर धन का आबंटन अब भी कम है, लेकिन न तो यह समावेशी हो सका है और न ही वहनीय। सवाल यह है कि अगर समावेशी, रोजगारपरक और अन्वेषणपूर्ण शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाना है, तो इसके लिए उद्यम कहां है?

अगर आज भी यह रपट आती है कि भारत में हजारों प्राथमिक विद्यालयों में एक-एक अध्यापक कई कक्षाओं को संभाल रहे हैं, तो शिक्षा में नई तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टि को आत्मसात करने का लक्ष्य कब पूरा होगा? पंजाब को ही लें, आज भी यहां अधिकतर छात्र कला संकायों की ओर जा रहे हैं। जबकि नई शिक्षा नीति यह कहती है कि शुरू से लेकर उच्च स्तर तक नई पीढ़ी कला और साहित्य के साथ-साथ विज्ञान एवं तकनीक का भी अध्ययन करे। दूसरी ओर आलम यह है कि स्कूलों में दाखिले का फीसद जरूर बढ़ गया है, लेकिन दसवीं तक आते-आते विद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी बढ़ रही है। इसकी वजह है-परिवारों की आर्थिक असुरक्षा और रोजगार की अनिश्चितता। वहीं देश की युवा पीढ़ी में काम करने की इच्छा लगातार घट रही है, तो इसका कारण उदारता से बांटी गई रेवड़ियां भी हैं। अजब विडंबना है कि एक ओर देश आर्थिक शक्ति बनता दिख रहा है और हम भविष्य में तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने का दावा कर रहे हैं। आजादी के शतकीय महोत्सव 2047 तक हम महाशक्ति बनना चाहते हैं। दूसरी ओर युवा पीढ़ी को अनुकंपा के जरिए धीरज रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसे विरोधाभास नहीं तो और क्या कहा जा सकता है। उच्च शिक्षा में ज्यादातर विद्यार्थी कला और साहित्य क्षेत्र में शोध करना चाहते हैं। विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में शोध की प्रवृत्ति नहीं बढ़ रही। हम कृत्रिम मेधा से नवाचार की ओर बढ़ना चाहते हैं, लेकिन हमारा शोध इस क्षेत्र की बुलंदियों की ओर जाता नहीं दिख रहा। हम कृत्रिम मेधा से नवाचार की बात जरूर करते हैं, लेकिन सवाल है कि कितने प्रशिक्षण संस्थान हमने इसके लिए बनाए हैं। कितने अध्यापकों को हमने नई शिक्षा विधि में निपुण बनाया है? नई शिक्षा नीति तो कहती है कि युवा पीढ़ी के प्रशिक्षण को किताबों के साथ-साथ यथार्थ से भी जोड़ा जाना चाहिए, मगर वास्तव में ऐसा हो नहीं पा रहा है। पुरानी नौकरियां अब खत्म हो रही हैं, क्योंकि दफ्तरों में सब काम कागज रहित होता जा रहा है। हालांकि अब भी अधिकतर संस्थानों में नौकरियों का वही पुराना ढर्रा है। दूसरी ओर चिकित्सा और इंजीनियरिंग की डिग्रियां अब युवा पीढ़ी के लिए अंतिम विकल्प नहीं रह गई हैं। इसमें दोराय नहीं कि अब कृत्रिम मेधा में दक्ष पीढ़ी तैयार हो रही है। यही लक्ष्य भी होना चाहिए। मगर अभी तक इसमें नवाचार सतही स्तर पर ही दिखाई देता है। पाठ्यक्रमों में बदलाव नहीं दिख रहा और न ही इस दिशा में पुस्तकें लिखी जा रही हैं। अध्यापन विधि भी नहीं बदल रही। जबकि यथार्थ के धरातल पर नई पीढ़ी को खड़ा करना नई शिक्षा नीति का लक्ष्य होना चाहिए। फिलहाल इस बारे में दावे तो किए जाते हैं, लेकिन यह वास्तविक रूप से कहीं गतिमान नजर नहीं आता। अगर निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित कर समावेशी विकास के लिए दरवाजे खोलने हैं, तो समावेशी शिक्षण होना चाहिए। इस पर अभी बहुत काम करने की जरूरत है। कृत्रिम मेधा के उपयोग में आगे बढ़ने के दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन हमारी उत्पादन प्रक्रिया में इसके इस्तेमाल से लागत कम होती नजर नहीं आती। कृषि क्षेत्र में तो आज भी कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल न के बराबर है। समग्र शिक्षा अभियान में नवाचार का सपना सुंदर है, परंतु देश इस दिशा में तेजी से बढ़ता हुआ नजर नहीं आता। ऐसे में शिक्षा को नवाचार से जोड़ने के प्रयास करने होंगे।

अध्यात्म

## गुरु ने शिष्य को बताया सफलता के सही मायने



जिंदगी में व्यक्ति सफल होने के लिए बहुत परिश्रम करता है। सफलता के साथ व्यक्तित्व में बदलाव आता है। कभी-कभी ऊंचाई पर पहुंचने के बाद व्यक्ति को लगता है कि हमारे आस-पास के लोग हमें और ऊपर जाने से रोक रहे हैं। इसमें घर, परिवार, अनुशासन, माता-पिता, गुरु और समाज शामिल हैं। लेकिन हमें बस ऐसा लगता है। घर, परिवार और गुरु आदि हमारे आगे बढ़ने की ताकत हैं। आपके सामने गुरु और शिष्य की एक कहानी का वर्णन करेंगे। गुरुकुल में एक गुरु अपने शिष्यों के जीवन को निखारने का काम करते थे। एक दिन एक शिष्य ने अपने गुरु से पूछा कि गुरुदेव ये सफल जीवन क्या होता है? शिष्य की बात सुनकर गुरुदेव उसे पतंग उड़ाने के लिए अपने साथ लेकर गए। शिष्य शानदार तरीके से पतंग उड़ा रहा था। गुरु अपने शिष्य को पतंग उड़ाते हुए देख रहे थे। पतंग उड़ाते-उड़ाते शिष्य को लगा कि धागा कम पड़ रहा है। उसने गुरु जी से कहा कि धागे की कमी के कारण यह ज्यादा ऊपर नहीं जा पा रही है।

गुरुदेव ने कहा कि अब क्या करें? शिष्य ने तपाक से जवाब दिया कि पतंग के इस धागे को काट देते हैं। इससे पतंग पूरे आजादी से ऊपर उड़ सकेगा। शिष्य ने गुरु से पूछा कि क्या हम इसे तोड़ दें? गुरु ने जवाब दिया तुम्हें लगता है तो धागे को तोड़ दो। शिष्य ने धागे को तोड़ दिया।

धागा टूटने के बाद पतंग थोड़ा सा ऊपर गया। परंतु कुछ समय के बाद पतंग हवा में असंतुलित होकर लहराने लगा। देखते ही देखते वह एक अनजान जगह पर गिर गया। इस घटना के बाद के बाद शिष्य निराश होकर गुरुदेव की तरफ देखने लगा। तब गुरु ने अपने शिष्य को जीवन का दर्शन समझाया।

**शिक्षा**

गुरु ने शिष्य से कहा कि ऊंचाई पर पहुंचने पर अपने आस-पास के लोगों से रिश्ता नहीं तोड़ना चाहिए। यही सब हमें अपने जड़ों से बांधकर रखते हैं।

# दुनिया में पर्यावरण पर मंडराता नया खतरा...

**आज की दुनिया ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां जलवायु संकट मानव सभ्यता के भविष्य को तय करने वाला बड़ा प्रश्न बन चुका है. वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि कोयला, तेल और गैस पर हमारी निर्भरता जल्द कम नहीं हुई तो धरती का तापमान ऐसे स्तर तक पहुंच जाएगा, जहां जीवन की वर्तमान संरचनाएं टिक नहीं पाएंगी. इसके बावजूद वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा आज भी जीवाश्म ईंधनों के इर्द-गिर्द घूम रहा है. इस पूरी व्यवस्था की भयावह बात यह है कि जब कोई सरकार पर्यावरण और जनता के हित में कदम उठाने की कोशिश करती है, तो उसे 'न्याय' के नाम पर दंडित किया जाता है.**

**कुमार सिद्धार्थ**

पिछले कुछ दशकों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश समझौतों के जरिए एक ऐसा कानूनी ढांचा खड़ा किया गया है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियां सरकारों पर मुकदमा कर सकती हैं. इसे 'निवेशक-राज्य विवाद निपटान प्रणाली' (आईएसडीएस) कहा जाता है. इसके तहत यदि कोई सरकार पर्यावरण, स्वास्थ्य या सामाजिक हित में ऐसा निर्णय लेती है, जिससे किसी कंपनी के मुनाफे पर असर पड़ता है, तो वह कंपनी सरकार से न केवल अपने निवेश की भरपाई, बल्कि 'संभावित भविष्य के मुनाफे' का भी दावा कर सकती है. ये मुकदमे सामान्य अदालतों में नहीं, बल्कि गुप्त ट्रिब्यूनलों में चलते हैं, जहां न पारदर्शिता होती है, न जनता की भागीदारी और न ही लोकतांत्रिक जवाबदेही. यह व्यवस्था अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक गहरा खतरा है. सरकारें जनता द्वारा चुनी जाती हैं, ताकि वे जनता और पर्यावरण के हित में फैसले लें. लेकिन आईएसडीएस जैसे प्रावधानों के कारण वही सरकारें कंपनियों के डर से पीछे हटने लगती हैं.

आईएसडीएस की मार सबसे पहले उन देशों पर पड़ी है, जिन्होंने पर्यावरण और जनता के हित में साहसिक फैसले लिए. जर्मनी ने जब परमाणु ऊर्जा से बाहर निकलने का निर्णय किया तो ऊर्जा कंपनी वाटनफॉल ने उस पर अरबों यूरो का दावा ठोंक दिया. पाकिस्तान ने एक खनन परियोजना को पर्यावरणीय कारणों से रोका तो उस पर छह अरब डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया गया, जो उसके पूरे शिक्षा और स्वास्थ्य बजट से भी ज्यादा था. स्लोवेनिया में एक ब्रिटिश कंपनी को केवल यह कहने पर कि फ्रैकिंग से पहले पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन जरूरी है, सरकार पर 120 मिलियन यूरो का मुकदमा कर दिया गया और अंततः सरकार को झुकना पड़ा. कोलंबिया में आदिवासी समुदायों के संघर्ष से एक कोयला खदान परियोजना रुकी, लेकिन कंपनियों ने ब्रिटेन-कोलंबिया संधि के तहत सरकार से मुआवजा वसूल लिया. इन उदाहरणों का खतरनाक असर यह है कि सरकारें पर्यावरण बचाने से पहले अब यह सोचने लगती हैं कि कहीं उन्हें अंतरराष्ट्रीय अदालतों में अरबों डॉलर का हर्जाना न भरना पड़ जाए. इसे 'रेगुलेटरी चिल' कहा जाता है, यानी कानून बनाने की हिम्मत तो रहती है, मगर उन्हें लागू करने का साहस नहीं बचता. नोबल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री जोसेफ स्टिग्लिट्ज ने इस व्यवस्था को 'कानूनी आतंकवाद' निरूपित किया है, क्योंकि यह सरकारों को डराकर लोकतांत्रिक फैसलों को पलटने का हथियार बन चुकी है. लेकिन यह प्रक्रिया केवल कानूनी तंत्र तक सीमित नहीं है. इसका एक और, उससे भी अधिक क्रूर रूप वेनेजुएला में देखने को मिलता है. वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार हैं. लंबे समय से यह देश अमेरिकी साम्राज्यवाद और वैश्विक तेल कंपनियों की नजर में खटकता रहा है, क्योंकि उसने अपने तेल संसाधनों पर राष्ट्रीय नियंत्रण



स्थापित करने की कोशिश की.

अमेरिका ने वहां की निर्वाचित सरकार को अस्थिर करने के लिए आर्थिक प्रतिबंध लगाए, उसकी अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने की कोशिश की और खुले तौर पर सत्ता परिवर्तन की राजनीति चलाई. तेल के लिए एक संप्रभु देश के लोकतंत्र को कुचल देना और अंतरराष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाना यह दिखाता है कि जब संसाधनों का सवाल आता है तो लोकतंत्र और मानवाधिकार कितने बौने साबित हो जाते हैं. अब सवाल यह है कि भारत इस पूरी तस्वीर में कहां खड़ा है? क्या हम खुद को इस खतरे से सुरक्षित मान सकते हैं? शायद नहीं. भारत आज तेजी से वैश्विक पूंजी और निवेश के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है. कोयला खनन, तटीय औद्योगिक परियोजनाएं, परमाणु संयंत्र, बड़े बांध, तेल और गैस की खोज ये सभी क्षेत्र पहले से ही पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के अधिकारों को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं. यदि भविष्य में भारत ऐसे निवेश समझौतों का हिस्सा बनता है, जिनमें आईएसडीएस जैसे प्रावधान होंगे, तो हमारी सरकारों पर भी वही दबाव आएगा, जो कई देशों पर है. भारत में पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रियाओं को 'विकास में बाधा' बताकर कमजोर किया जा रहा है. कई बार परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है, जनसुनवाई को औपचारिकता बना दिया जाता है और स्थानीय लोगों की आपत्तियों को अनदेखा कर दिया जाता है. यदि इसके ऊपर अंतरराष्ट्रीय मुकदमों का डर भी जुड़ गया, तो पर्यावरण संरक्षण लगभग असंभव हो जाएगा. तब सरकारें जनता और प्रकृति के नहीं, बल्कि निवेशकों और कंपनियों के प्रति जवाबदेह होंगी. भारत जैसे देश के लिए यह विशेष रूप से खतरनाक है, क्योंकि यहां विकास की कीमत पहले गरीब, आदिवासी और हाशिए पर पड़े समुदाय चुकाते हैं. जंगलों से विस्थापन, खनन से प्रदूषण, नदियों के सूखने और जमीन के बंजर होने से उनकी आजीविका छिन जाती है. यदि सरकारें अंतरराष्ट्रीय दबाव में आकर पर्यावरणीय फैसलों से पीछे हटने लगेंगी, तो इन समुदायों के अधिकार पूरी तरह कुचल दिए जाएंगे. वेनेजुएला का उदाहरण और आईएसडीएस जैसी कानूनी व्यवस्थाएं मिलकर साफ कर देती हैं कि आज का वैश्विक तंत्र संसाधनों की रक्षा के नाम पर नहीं, बल्कि संसाधनों की लूट को वैध ठहराने के लिए खड़ा किया गया है. एक तरफ कहा जाता है कि दुनिया को जलवायु संकट से बचाना है, दूसरी तरफ उन कंपनियों को कानूनी और राजनीतिक संरक्षण दिया जाता है जिनका अस्तित्व ही इस संकट को गहराने पर टिका है. भारत को इस पूरे परिदृश्य से गंभीर सबक लेना चाहिए. हमें ऐसे किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते से सावधान रहना होगा जो हमारी लोकतांत्रिक संप्रभुता और पर्यावरण संरक्षण की क्षमता को कमजोर करता हो. संसद को यह अधिकार मिलना चाहिए कि वह व्यापार और निवेश समझौतों की पूरी तरह समीक्षा करे, उन पर बहस करे और जरूरत पड़ने पर उन्हें अस्वीकार भी कर सके.

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में आपकी आय बढ़ेगी। मित्रों के साथ किसी महत्वपूर्ण कार्य की चर्चा कर सकते हैं। नया काम शुरू करने के लिये दिन बेहद अनुकूल है।

**वृषभ**
आज पुराने कर्जों से छुटकारा मिल सकता है। आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। अटके हुये कार्यों को आप दोबारा शुरू कर सकते हैं।

**मिथुन**
भावनात्मक रूप से थोड़ा कमजोर महसूस करेंगे। व्यापार में दोगुनी वृद्धि हो सकती है। यदि नयी नौकरी के लिये इन्टरव्यू दे रहे हैं तो सफलता मिलेगी।

**कर्क**
आपके कार्यों की लोग सराहना करेंगे। व्यवसाय को लेकर परेशानी हो सकती है। रक्तचाप के रोगियों को समस्या होने की आशंका है।

**सिंह**
किसी सामाजिक कार्य के लिये आपकी प्रशंसा हो सकती है। नव विवाहित लोग कहीं घूमने जा सकते हैं। मन में नये विचार उत्पन्न होंगे।

**कन्या**
आपके सामाजिक यश में वृद्धि होगी। मेहनत का उत्तम लाभ मिलेगा। सिर में थोड़ा भारीपन हो सकता है। दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता रहेगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिये अत्यधिक विशेष रहेगा। व्यापार में कुछ तकनीकी समस्या हो सकती है, जिसे आप शाम तक सुलझा लेंगे।

**वृश्चिक**
रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिये दिन काफी अच्छा है। अनावश्यक कार्यों को अधिक समय देने के कारण आवश्यक कार्य छूट सकते हैं।

**धनु**
घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा से लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। बुजुर्ग लोगों का सम्मान अवश्य करें। दिन के उत्तरार्ध भाग में रुका हुआ सरकारी काम बन सकता है।

**मकर**
व्यापार में नये लोगों से थोड़ा सम्भलकर व्यापार करें। कोई स्वास्थ्य समस्या है तो चिकित्सक से परामर्श ले लें। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। किन्तु आप अपने काम से सन्तुष्ट नहीं रहेंगे।

**कुंभ**
प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। बड़ा काम करने का विचार बनेगा। शेयर और लॉटरी आदि से धन लाभ मिलने की सम्भावना बन रही है।

**मीन**
महत्वपूर्ण कार्य अटक सकता है। यात्राओं के दौरान सावधानी रखें। बुरे लोगों की संगत के कारण धन हानि हो सकती है। गुप्त शत्रु आपको नुकसान पहुँचाने का प्रयास करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### 40 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को मनेर के रामघाट पुल के समीप से पुलिस ने सूचना पर छापेमारी करते हुए एक स्कूटी सवारी युवक को पकड़ा। जिसके जांच पड़ताल के दौरान स्कूटी पर रख एक बैग से 40 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब और स्कूटी के साथ दोनों युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक पटना के मंदिरी का रहने वाला राहुल कुमार और सिवान का रहने वाला मिथिलेश कुमार के रूप में पहचान हुई है। छापेमारी टीम में मनेर थाना के दरोगा अफसर अली, पप्पू कुमार, रितेश रंजन सहित कई लोग थे।

### हर्ष के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 77वां गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया गया। इस क्रम में सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों पर हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन किया गया। अथमलगोला प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर, करजान पंचायत सरकार भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , थाना परिसर सहित सभी शिक्षण संस्थानों में गणतंत्र दिवस की धूम देखी गई। हाई स्कूल करजान सूर्यपुरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं वरिष्ठ नागरिक संघ करजान सूर्यपुरा शाखा कार्यालय परिसर में भी अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह द्वारा झंडोत्तोलन कर संविधान निर्माण में योगदान देने वाले सपूतों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन करते हुए संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला गया।

### गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मनेर के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। इस दौरान मनेर नगर परिषद कार्यालय में नगर सभापति विद्याधर विनोद, थाना परिसर में थानाध्यक्ष रजनीश कुमार, महादेव स्थान स्थान स्टार पॉइंट पर खानकाह के गद्दीनशी सैयद शाह तारिक एनयतुल्लाह फिरदोशी, बीडीएम पब्लिक स्कूल में संरक्षक विजय शंकर, ब्यापुर पंचायत भवन में मुखिया लखी कुमार, मगरपाल पंचायत में मुखिया मैनेजर सिंह, किता चौहत्तर पश्चिमी पंचायत भवन पर मुखिया अशोक सिंह, रामपुर तोफिर पंचायत भवन पर मुखिया कमलापति देवी ने झंडोत्तोलन कर तिरंगा को सलामी दी। मौके पर बीडीओ सुधीर कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी सिद्धार्थ हर्षवर्धन, पूजा कुमारी, उपसभापति शंकर कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष गुड्डु खान, पार्षद स्नेहा कुमारी, अखिलेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि रणवीर कुमार, समाजसेवी संजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### त्रैमासिक बैठक में अधिकारियों की कम उपस्थिति पर भड़के विधायक



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड के 13 पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति सदस्य की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रखंड प्रमुख उपेंद्र पासवान की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बाढ़ के विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह ने शिरकत करते हुए बैठक में अनुपस्थित सरकारी पदाधिकारी पर नाराजगी प्रकट की । साथ ही अप्रैल महीने में होने वाले बैठक में सभी अधिकारी को उपस्थित होने को कहा है । कार्यक्रम के दौरान रहीमपुर रूपस पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह के द्वारा विधायक और उपस्थित पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। इस दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष शिवदयाल सिंह उर्फ नागा सिंह, मुखिया योगेंद्र प्रसाद सिंह पंचायत के दर्जनों जनप्रतिनिधि ने अपने पंचायत में होने वाले कार्यों को लेकर बैठक में चर्चा की इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी मार्केटिंग ऑफिसर भी उपस्थित है।

### न्यायालय पेशी में पहुंचे कर्मवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार के दिन बाढ़ के गुलाब बाग निवासी विधानसभा पूर्व राजद के कर्मवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया बाढ़ व्यवहार न्यायालय लाया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की मजबूत व्यवस्था देखी गई बताते चलें कि 2 वर्ष पूर्व एक हत्या मामले में अप्राथमिक अभियुक्त बनाया गया था। मृतक के परिजनों के द्वारा लल्लू मुखिया को निर्दोष बताने के लाख प्रयास के बावजूद भी लल्लू मुखिया को जेल जाना ही पड़ा। उन्हें देखने के लिए उनके समर्थकों की भारी भीड़ कचहरी एरिया में इकट्ठा हो गई और कई लोग उनसे चलते-चलते मुलाकात किया। इस दौरान उनके समर्थकों ने अपने लोकप्रिय मुखिया को बेवजह भागलपुर जेल भेज कर सत्ताधारी पक्ष पर जबरन परेशान करने का आरोप लगाया।

### दियारा के लोगों ने दिया कई मांगों को लेकर धरना

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में दियारा के लोगों ने कई सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। धरना में शामिल लोगों ने दियारा के गंगा नदी के किनारे की सभी जमीनों की सर्वे कराकर रसीद काटने, जेपी गंगा पथ गंगा नदी के किनारे से ले जाने और काटव पीड़ितों को उपवार में मिले जमीनों की सर्वे कराकर रशीद काटने की मांग की। इसके अलावा सीओ पूजा कुमारी को एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर पूर्व विधायक सूर्यदेव त्यागी, मुखिया लाल किशोर सिंह, पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार श्याम बिहारी राय चौधरी, ब्रह्म प्रकाश यादव बृजनंदन सिंह, मित्तन कुमार, बृजभूषण सिंह सहित कई थे।

### बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन में झंडोतोलन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के शुभ अवसर पर बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि., नेहरु पथ (बेली रोड) पटना में अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के द्वारा फेडरेशन परिसर में झण्डोतोलन किया गया एवं माननीय अध्यक्ष के द्वारा सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामना दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विवेक कुमार सिंह, अध्यक्ष रेरा, बिहार एवं ममता सिंह, अध्यक्ष, भूमि विकास बैंक, पटना उपस्थित रहीं। इस अवसर पर फेडरेशन के निदेशकगण में रविन्द्र ठाकुर, आरके सिन्हा, श्री अनीलभूषण एवं अन्य मौजूद रहें साथ ही समारोह में फेडरेशन के प्रबंध निदेशक ईपी मित्रा एवं क्षेत्रिय पदाधिकारी, मानवेन्द्र कुमार सिंह, समेत सभी पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण भी मौजूद थे।

### बहुराज्यीय सहकारी भूमि विकास बैंक ने गणतंत्र दिवस समारोह किया आयोजित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 77वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर बहुराज्यीय सहकारी भूमि विकास बैंक सीमित, बुद्ध मार्ग, पटना के अध्यक्ष ममता सिंह के द्वारा बैंक परिसर में झण्डोतोलन किया गया एवं अध्यक्ष के द्वारा इस अवसर पर सहकारिता के सभी संस्थानों, सहकारिता नेताओं, बैंक के सभी निदेशकों, शाखा समिति के सभी अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों तथा बिहार झारखण्ड के सभी किसान भाइयों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना दिया गया। झण्डोत्तोलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विजय कुमार सिंह , अध्यक्ष, राष्ट्रीय सहकारी आवास बोर्ड / संघ, नई दिल्ली एवं रविन्द्र ठाकुर सहकारिता नेता उपस्थित हुए। इस अवसर पर भूमि विकास बैंक के निदेशकगण एवं प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। साथ ही बैंक के विद्वान अधिवक्ता, आरपी चौधरी एवं बैंक के प्रबंध निदेशक डॉ कौशलेन्द्र सिंह, मुख्य निगरानी पदाधिकारी, राम प्रवेश सिंह, सांख्यिकी पदाधिकारी राजेन्द्र कुमार तथा बैंक के अन्य सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने झण्डोतोलन में भाग लिया।

### गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 77वें गणतंत्र दिवस के मौके पर मसौढी के हासाडीह स्थित विद्या ग्राम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पुलवामा कांड में शहीद संजय सिन्हा की पत्नी बेबी देवी के द्वारा झंडातोलन कार्यक्रम किया गया, इस मौके पर एनसीसी छात्रों के द्वारा मार्च परेड के बाद झांकी निकाली गई, वहीं तकरीबन 20 से अधिक विद्यालयों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कि गई, सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन अरविंद रंगकर्मी एवं शिक्षक पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से की,प्रस्तुति में छठ की छठा, जट - जटीन, रानी लक्ष्मीबाई समेत कई कार्यक्रमों से दर्शक मंत्र मुक्त हो गए।

# गणतंत्र दिवस पर पुनपुन के मरांची महादलित टोले में मुख्यमंत्री झंडातोलन कार्यक्रम हुए शामिल


मुख्यमंत्री के समक्ष सिद्धेश्वर मांझी ने फहराया झंडा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 77 वां गणतंत्र दिवस के मौके पर पटना जिले के पुनपुन प्रखंड के महादलित टोला मरांची गांव में झंडा तोलन कार्यक्रम में शिरकत किया, जहां बुजुर्ग व्यक्ति सिद्धेश्वर मांझी( 72वर्ष ) ने मुख्यमंत्री के समक्ष झंडातोलन किया,जहां मुख्यमंत्री ने सलामी दी और राष्ट्रगान गान के बाद सब को शुभकामना दी।वही संबोधन में गांव में कई योजनाओं की सौगात दी, जिसमें मराची गांव में सामुदायिक केंद्र, अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र बनाने, मराची गांव को नेशनल हाईवे से जोड़ने,आहर पाईन खुदाई करने के अलावा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के चाहरदिवारी करने की योजना की स्वीकृति देते हुए घोषणा की है, इसके अलावा चार कल्याणकारी योजनाओं के तहत मंच से सात लाभुकों को लाभ दिया। जिसमें राष्ट्रीय आंधता एवं दृष्टिहानी नियंत्रण योजना के तहत कपिल पासवान और सुंदरी देवी को चश्मा पहनाया एवं महिला रोजगार योजना के तहत अंजू देवी एवं सीमा देवी को चेक प्रदान की एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत निशु देवी को स्वीकृति पत्र दिया, इसके अलावा जन वितरण प्रणाली योजना के तहत रेणु देवी और ललेश कुमार को स्वीकृति पत्र दिए,इस अवसर सांसद संजय झा, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, विधायक श्याम रजक, विधायक ,विधान पार्षद रविंद्र सिंह समेत कई राजनीतिक हस्ती मौजूद रहे। बहरहाल इसके साथ ही पूरे गांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन पर उत्साह देखते बन रहा था, सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए संकल्पित हैं और प्रत्येक साल हर महादलित टोले में जाकर झंडातोलन करते हैं, इसके पीछे वजह यह है कि महादलित समाज के सबसे अंतिम पंक्ति मुख्यधारा में लाना चाहते हैं। बिहार को देश के टॉप फाइव राज्यों में अग्रणी करेंगे।महादलितों का भी संवैधानिक अधिकार है, इसलिए हम हर साल महादलित टोले में जाकर झंडातोलन कार्यक्रम मे शामिल होते हैं और अपने अधीनस्थ तमाम अधिकारियों मंत्रियों को भी महादलित टोले में जाकर झंडा फहराने का निर्देश दिए हैं. चारों तरफ हम काम करवा रहे हैं, विकास के विशेष कार्यक्रम चलाए गए है, वही मौके पर पटना कमिश्नर कुमार रवि, डीएम डॉ त्याग राजन, उपविकास आयुक्त, एसएसपी कार्तिकेय शर्मा, एसडीएम अभिषेक कुमार समेत पूरा जिला प्रशासन मुस्तैद रहा।

## यूजीसी एक्ट के विरोध में बाढ़ के सड़क पर युवाओं के द्वारा किया गया आंदोलन



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ में सरकार के द्वारा यूजीसी एक्ट लाने के लिए भाजपा सरकार के द्वारा किए जा रहे पहल का विरोध होना शुरू हो गया है। मामला अब तूल पकड़ लिया है हालत यह है कि मंगलवार के दिन बाढ़ के अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय चौक पर विभिन्न पार्टी एवं विशेष कर भाजपा के ही कार्यकर्ता हाथ में बैनर पोस्टर लिए सड़क पर उतर आए और यूजीसी कानून को काला कानून बताया इस मौके पर दर्जनों लोगों ने अपने हाथ में बैनर पोस्टर लिए सड़क मार्च करते हुए अनुमंडल मुख्यालय तक पैदल यात्रा करते हुए कार्यालय पहुंचकर एसडीओ गरिमा लोहिया को एक ज्ञापन भी सौंपते हुए मामले पर पहल करने का निवेदन किया। इस काला कानून का विरोध अब धीरे-धीरे बाढ़ में भी जोड़ पकड़ने लगा है । इस दौरान लोगों ने कहा कि यह एक काला कानून है जो की कॉलेज में पढ़ने वाले स्वर्ण जाति के बच्चों के लिए यह लाइफ चौपट करने वाला कानून है। छोटे से मामले में फंसने पर तीन से 10 साल तक की सजा कॉलेज के बच्चों को हो सकती है और यह सजा बच्चों के करियर को चौपट कर देगा। कल तक भाजपा का झंडा थाम कर घर-घर विधानसभा चुनाव में वोट मांगने वाला युवा अब भाजपा कार्यकर्ता धीरे-धीरे अब एकजुट होने लगे हैं। वहीं लोगों ने बताया कि आर्टिकल 14 में जनता के समान अधिकार की चर्चा है। जिसका उल्लंघन किया जा रहा है। यह सामाजिक सौहार्द बिगड़ने वाली एक सरकार की रणनीति है। जिसका पूरे समाज पर बूरा असर पड़ेगा। समाज में भाजपा सरकार उच्च- नीच के बीच भेद को और बढ़ाने का काम कर रही है जो कि गलत है। यदि इस कानून को लागू किया गया तो उच जाति के लोग कहीं के नहीं रहेंगे। सरकार को अगर यह नियम कानून लाना है तो वह उच जाति के लिए अलग कॉलेज की व्यवस्था करें यह कानून लाने के पहले ही भाजपा के लोगों का इस्तीफा देने का दौर शुरू हो गया है। मजे की बात है कि जो सरकार यह काला कानून लाना चाहती है उसी के समर्थक सड़क पर उतर चुके हैं।

## एएन कॉलेज में प्राचार्या ने किया झंडातोलन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुग्रह नारायण महाविद्यालय में 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेखा रानी के कर-कमलों द्वारा प्रातः 10.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज का विधिवत झंडातोलन किया गया। झंडातोलन के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, जिससे सम्पूर्ण परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. रेखा रानी ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे संविधान में निहित मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त आधारशिला है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्र-छात्राएँ एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुसंगठित एवं अनुशासित ढंग से किया गया।महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट भी सक्रिय रूप में उपस्थित रहें।

## मसौढी में विधायक अरूण मांझी ने की जनसुनवाई

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नव निर्वाचित विधायक अरूण मांझी ने मंगलवार को मसौढी प्रखंड के जदयू कार्यालय में जनता की समस्या को लेकर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया, मौके पर जदयू नगरअध्यक्ष अश्विनी गोलडी,प्रखंड अध्यक्ष ग्रामीण सुनील वर्मा, समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल रहे और इस जनसुनवाई में विभिन्न पंचायतों से आए हुए विभिन्न समस्या से विधायक को रूबरू कराया। क्षेत्रवासियों ने विधायक को सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, आवास और पेंशन जैसी विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और मौके पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।इसके साथ ही विधायक अरूण मांझी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान का भरोसा दिलाया।

## पीजी रेलखंड के नदवां में चला आरपीएफ का बुलडोजर, पचास से अधिक अवैध दुकानें ध्वस्त



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर रेलवे की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए आरपीएफ ने सख्त कदम उठाया है। नदवा स्टेशन के समीप चलाए गए विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान में रेल भूमि पर अवैध रूप से संचालित पचास से अधिक दुकानों को बुलडोजर की मदद से हटा दिया गया। कार्रवाई के दौरान इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। रेलवे सुरक्षा बल की इस कार्रवाई से लंबे समय से रेलवे की जमीन पर कब्जा कर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। आरपीएफ प्रभारी प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण करना कानूनन अपराध है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि किसी ने दोबारा रेल भूमि पर दुकान, ठेला या अस्थायी निर्माण किया, तो न सिर्फ उसका सामान जब्त किया जाएगा, बल्कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई भी की जाएगी। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण स्टेशन परिसर में यात्रियों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी, साथ ही रेल परिचालन और सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था। इन्हीं कारणों से यह विशेष अभियान चलाया गया। आरपीएफ ने स्पष्ट किया है कि रेलवे संपत्ति की सुरक्षा को लेकर आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। वहीं मुखिया शंकर कुमार सिंह ने मांग की है की अतिक्रमण की कारवाई आधा अधुरा हुआ है। रेलवे के किनारे भी भी बहुत सी दुकाने है जिससे बाजार प्रभावित होता है,स्टेशन के आस पास भी बहुत अतिक्रमण है।

## अगलगी कांड में दो मासूम बच्चे जिंदा जलने से मौत मामले में मृतक के परिजनों से मिले विधायक



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीते शनिवार की दोपहर मसौढी के दनाडा गांव में एक झोपड़ी में दो मासूम बच्चे जिंदा जलने से मौत हो गई थी, इस घटना के बाद पूरा गांव मर्माहत रहा, इस घटना को लेकर मसौढी विधायक अरुण मांझी मंगलवार को मृतक के परिजनों से मुलाकात की और यथासंभव मदद करने का भरोसा जताते हुए,पिडित दो मासूम बच्चों के पिता संजय को ढढांस बंधाया, विधायक अरुण मांझी ने परिजनों को आश्वस्त किया की पोस्टमार्टम के बाद आपदा की तरफ से मिलने वाली राशि मिलेगी, आवास योजना का लाभ देने के लिए बीडीओ को निर्देश दिये, इसके अलावा उसके घर तक की गली को अपने विधायक फंड से ढलाई करवाने की बात कही, बहरहाल शनिवार की दोपहर खलिहान स्थित एक झोपड़ी में लगी आग में एक ढाई साल की बच्ची और एक 7 साल का मासूम बच्चा जलने से मौके पर ही मौत हो गई थी।

## बाढ़ में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर अनुमंडल कार्यालय, एसडीपीओ कार्यालय, बाढ़ थाना तथा नगर परिषद कार्यालय सहित विभिन्न सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) गरिमा लोहिया ने झंडोत्तोलन किया। वहीं एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ आनंद कुमार सिंह , अवर निबंधन कार्यालय में डाक्टर रत्नामनी केसरी , बाढ़ थाना परिसर में थानाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह तथा नगर परिषद बाढ़ में नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ गायमाता ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।

## गणतंत्र दिवसः मसौढी में गांव से लेकर शहर तक शान से लहराया तिरंगा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को मसौढी में देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। गांव की गलियों से लेकर शहर की सड़कों तक तिरंगा शान से लहराता रहा। सुबह से ही सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रभक्ति का उत्साह दिखाई दिया। मसौढी सिविल कोर्ट में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंकाश चंद्र, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंजीव कुमार ,एडीजेएम शुभम त्रिपाठी अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, नवीन कुमार,नवीन कुमार गौतम शामिल रहे।वहीं अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम अभिषेक कुमार ने झंडातोलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को स्मरण करते हुए उनके बलिदान को नमन किया। इसके बाद अनुमंडल पुलिस कार्यालय में सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा,मसौढी जेल में एसडीएम अभिषेक कुमार, अनुमंडल अस्पताल में अस्पताल प्रभारी के बाद अधिवक्ता संघ की ओर से अध्यक्ष अरविंद कुमार, महासचिव राकेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह अशोक शामिल रहे, नगर परिषद में अध्यक्ष पिंकी देवी, मसौढी प्रखंड कार्यालय में प्रमुख सद्दाम हुसैन मौके पर बीडीओ, सीओ,उप प्रमुख उपस्थित रहे, मसौढी थाना में थानाध्यक्ष विवेक भारती के अलावा गांधी मैदान में विधायक अरुण मांझी, रेड क्रॉस, रजिस्ट्री कार्यालय समेत सभी कार्यालयों में झंडा तोलन किया गया ,वहीं हांसाडीह विद्या ग्राम स्थित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन क्या किया जहां पर सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा कई कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई, मौके पर राहुल चंदा डॉ मंगल समेत कई लोग शामिल हुए।

## बिहार राज्य सब जूनियर खो खो प्रतियोगिता का समापन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, खगौल, पटना में आयोजित बिहार राज्य सब जूनियर खो खो प्रतियोगिता का समापन आज दिनांक 26.01.2026 को संध्या 05:00 बजे हो गया। 25 जून 2026 से शुरू हुए इस दो दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता के अंतिम दिन सेमीफाइनल मैच एवं फाइनल मैच खेले गये, जिसके परिणाम इस प्रकार रहे। बालक सेमीफाइनल मैच हुए जिसमें नालंदा और भागलपुर की टीम ने भाग लिया, नालंदा की टीम 08 अंक अर्जित किया और भागलपुर की टीम ने 12 अंक अर्जित किया। इस प्रकार भागलपुर की टीम ने 14 अंक अर्जित किया और बक्सर की टीम ने 16 अंक अर्जित किया। इस प्रकार दो अंको से बक्सर की टीम विजयी रही।

## 'सुबह' काव्य संग्रह के नवीन संस्करण का लोकार्पण सम्पन्न

### पटना में गरिमामय साहित्यिक समारोह आयोजित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हिंदी साहित्य जगत के लिए गौरव का क्षण उस समय उपस्थित हुआ जब प्रख्यात हिंदी साहित्यकार एवं पूर्व विभागाध्यक्ष (हिंदी) दिल्ली पब्लिक स्कूल, श्रीमती नीलम प्रभा के 121 कविताओं से सुसज्जित चर्चित काव्य संग्रह सुबह के नवीन संस्करण का लोकार्पण एक सादगीपूर्ण किंतु गरिमामय समारोह में सम्पन्न हुआ। पुस्तक का लोकार्पण सिद्धार्थ इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, पटना के निदेशक दिलजीत खन्ना द्वारा किया गया। यह काव्य संग्रह गुरूकुल पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित है, जिसके प्रकाशक श्री विनीत गेरा स्वयं हैदराबाद के प्रतिष्ठित साहित्यकार हैं। समारोह में कैप्टन मोहन रावत की विशेष उपस्थिति रही। अपने संबोधन में दिलजीत खन्ना ने संग्रह की प्रत्येक कविता को हृदयस्पर्शी, मूल्यवान और संवेदनशील' बताते हुए कहा कि यह कृति जीवन के विविध भावों, आशा, सकारात्मकता और मानवीय मूल्यों का अत्यंत सुंदर साहित्यिक प्रतिरूप है। उनके अनुसार 'सुबह' केवल कविता-संग्रह नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि को आलोकित करने वाला प्रेरक साहित्य है। प्रख्यात साहित्यकार हृषीकेश सुलभ ने अपने अभिमत में कहा कि नीलम प्रभा का काव्य-संसार विविधता से परिपूर्ण है। "सुबह" की कविताओं में प्रकृति और मानवीय चेतना का अद्भुत संयोग है। भाषा का निजी संसार, भाव-पक्ष की प्रबलता और सहज काव्य-शिल्प इन कविताओं को बहुस्तरीय बनाते हैं तथा पाठक से आत्मीय संबंध स्थापित करते हैं। हिंदी के वरिष्ठ कवि अरूण कमल ने इस संग्रह को विशिष्ट बताते हुए लिखा कि संभवतः यह हिंदी की पहली कृति है जो पूरी तरह "सुबह विषय पर केन्द्रित है। उनके अनुसार संग्रह की प्रत्येक कविता में निजी संगीत, लयात्मकता, बिम्ब-समृद्धि तथा भाषाई वैविध्य है। उन्होंने कहा कि नीलम प्रभा ने रात और दिन के सीमांत को अद्भुत काव्यात्मक गरिमा प्रदान की है और यह कृति उनके जीवनानुभवों की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति है। प्रथम संस्करण के अवसर पर भी हिंदी साहित्य जगत के अनेक विद्वान उपस्थित रहे थे। वरिष्ठ साहित्यकार योगेन्द्र कृष्ण ने पुस्तक की विस्तृत समीक्षा लिखते हुए लेखिका के साहित्यिक अवदान और जीवन-यात्रा पर प्रकाश डाला था। अन्य साहित्यकारों में सुमन केशरी, श्री संजीव कुमार (सचिव, तक्षशिला एजुकेशनल ट्रस्ट) तथा कई प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और रचनाकारों ने भी इस कृति को संवेदनशील, लयात्मक और साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। "सुबह काव्य संग्रह का यह नवीन संस्करण हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण योगदान के रूप में देखा जा रहा है, जो भावनात्मक गहराई, भाषा-सौंदर्य और मानवीय संवेदनाओं का सशक्त दस्तावेज है।

## मुग्ध करनेवाली प्रांजल भाषा थी 'मुक्त' जी की, 'साहित्य सारथी' थे बलभद्र कल्याण

### साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ जयंती-समारोह एवं राष्ट्रीय-गीतोत्सव



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** काव्य-सौष्ठव के लिए विख्यात प्रफुल्ल चंद्र ओझा 'मुक्त' की भाषा अत्यंत प्रांजल और मुग्धकारी थी। उनके गद्य में भी कविता का लालित्य और माधुर्य देखा जा सकता है। उन्होंने साहित्य की प्रायः सभी विधाओं में अधिकार पूर्वक लिखा। वहीं अनन्य हिन्दीसेवी बलभद्र कल्याण नगर के मनीषी विद्वानों के बीच 'साहित्य-सारथी' के रूप में जाने जाते थे। जब साहित्यिक गतिविधियों का केंद्र रहे, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने भी मौन धारण कर लिया था, तब साहित्य-सारथी बलभद्र कल्याण ने अपना द्विचक्री-रथ पर आरूढ़ होकर नगर में साहित्यिक चुप्पी को तोड़ा और एक नवीन सारस्वत-आंदोलन का शंख फूँका था। साहित्यिक आयोजनों की झड़ी लगाकर राजधानी को पुनः जीवंत बना दिया। यह बातें सोमवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, आयोजित गणतंत्र दिवस एवं जयंती-समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, मुक्त जी आकाशवाणी से भी सक्रियता से जुड़े रहे। वे मंचों की शोभा ही नही विद्वता के पर्याय भी थे। उन्होंने अपने विद्वान पिता साहित्याचार्य चंद्रशेखर शास्त्री द्वारा आदिकवि महर्षि बाल्मीकि विरचित विश्व-विश्रुत महाकाव्य 'रामायण' के हिन्दी-अनुवाद का श्रम-साध्य प्रकाशन किया था, जो एक बड़ी उपलब्धि है। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, कल्याण जी की पुत्री सुजाता वर्मा, डा रत्नेश्वर सिंह, डा पूनम आनन्द, विभारानी श्रीवास्तव, शुभचंद्र सिन्हा, ई आनन्द किशोर मिश्र आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय-गीतोत्सव का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि और शायर आरपी घायल, आराधना प्रसाद, श्याम बिहारी प्रभाकर, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, आदि ने भी राष्ट्रीय-गीत, गजलों से राष्ट्रीय-ध्वज और दोनों साहित्यिक विभूतियों को नमन किया।

# जिले में आन बान शान से लहराया तिरंगा

## झांकियों और सम्मान समारोह ने बढ़ाई कार्यक्रम की शोभा






**बेतिया/नरकटियागंज/मैनाटांड़/गौनाहा/साठी/बगहा/रामनगर//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। मुख्य समारोह स्थानीय महाराजा स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहाँ सुबे के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री, सह-प्रभारी मंत्री मंगल पांडेय ने परेड का निरीक्षण कर झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक, चम्पारण क्षेत्र हरकिशोर राय, जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन, उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।मुख्य समारोह के उपरांत समाहरणालय प्रांगण में जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह, विकास भवन में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन द्वारा तथा पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इसके साथ ही जिले के सभी कार्यालयों, विभागों एवं महादलित बस्तियों में भी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा झंडोतोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे पूरे जिले में राष्ट्रभक्ति का माहौल बना रहा। **मैनाटांड प्रतिनिधि** के अनुसार प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने झंडातोलन किया। इस दौरान विधायक समृद्ध वर्मा ने सभा को संबोधन कर गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वहीं मैनाटांड थाना में थानाध्यक्ष शंभू शरण गुप्ता इनरवा थाना में थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा भंगहा थाना में रौशन कुमार पुरुषोत्तमपुर थाना में सुधा कुमारी मानपुर थाना में संजय कुमार,उप डाकघर में उप डाकपाल सुनील कुमार सिंह मैनाटांड अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विजय कुमार चौधरी ने आदि ने झंडातोलन किया। **नरकटियागंजप्रतिनिधि** के अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों व आवास पर आन बान शान से तिरंगा लहराया और झंडे को सलामी दी गई। सबसे पहले अनुमंडल आवासीय कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय व शहीद चौक पर एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी, आईसीडीएस में सीडीपीओ कुमारी श्वेता ने ध्वजारोहण किया गया और तिरंगे को सलामी दी गई। इसी तरह सीओ आवास, आरपीएफ, जीआरपी, निबंधन उप डाकघर, अंचल निरीक्षक, शिकारपुर थाना, नगर परिषद, अनुमंडल अस्पताल, बाजार समिति एवं चयनित महादलित टोला तथा सभी पंचायत कार्यालयों में 77 वे गणतंत्र पर तिरंगा लहराया और उसे सलामी दी गई। वही गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्र गान प नृत्य किया। इसके साथ ही कृषि, मनरेगा, आंगनवाड़ी, स्वच्छता व जीविका दीदियों के द्वारा मनोरम झांकी निकाली गई। पुलिस प्रशासन द्वारा परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम ने गणतंत्र दिवस के बारे में लोगो को अवगत कराते हुए बताया कि संविधान के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाये गए स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, कृषि, सिचाई आदि कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के उपरांत बेहतर प्रदर्शन करने वालो में प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान बीडीओ सूरज कुमार सिंह, सीओ सुधांशु शेखर,प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार साह, समेत अनुमंडल, प्रखंड अंचल समेत सभी विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। उधर एसएसबी 44 वाहिनी मुख्यालय में डीआईजी सुरेश सुब्रमण्यम द्वारा ध्वजारोहण किया गया और तिरंगे को सलामी दी गयी। **मझौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार प्रखंड के सभी सरकारी एवं गैरसरकारी कार्यालय परिसरों, पंचायत भवनों तथा विद्यालयों में पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख सुक्ता मुखी ने तिरंगा फहराया। अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने संविधान की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अनुपम प्रसाद, आंगनबाड़ी कार्यालय में सीडीपीओ पुनम कुमारी तथा मनरेगा कार्यालय में कार्यक्रम पदाधिकारी तरुण कुमार ने ध्वजारोहण किया।थाना परिसर में थानाध्यक्ष अमर कुमार, केन यूनियन में सचिव सचिदानंद राय और शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया इकाई में प्रेसिडेंट आर.के. गनेरीवाला ने तिरंगा फहराया। पंचायत भवन में मुखिया सत्यप्रकाश ने एकता का संदेश दिया। हर जगह राष्ट्रगान के साथ शहीदों को नमन किया गया। **साठी प्रतिनिधि** के अनुसार थाना क्षेत्र के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन बान और शान से लहराया गया। शम्स कॉलेज और अब्दुल कलाम कॉलेज में मुख्य अतिथि हाफिजुर रहमान ने झंडा तोलन किया । इस दौरान अबूल कलाम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजन राज, प्रोफेसर डॉक्टर समीउरहमान, अखलाक रहमान, प्रधान लिपिक अजय कुमार राव, दीपक कुमार मौजूद रहे। वही शम्स में संस्था के सचिव ओबैदुर रहमान, प्राचार्य कलाम आजाद, मोतिउर रहमान, डॉक्टर शोएल, लिपिक नीतीश कुमार पांडे, और जावेद आलम मौजूद थे। वही निशा लव एवं डिग्री कॉलेज में हाजी मोहम्मद आमिल ने झंडा तोलन किया, इस दौरान प्राचार्य अरुण कुमार श्रीवास्तव, निदेशक मोतिउर रहमान, प्रिंसिपल प्रतिमा हेनरी, प्रोफेसर अंकिता कुमारी मौजूद रही। जबकि गुरु द्रोण एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट पर जिला पार्षद कलीम गफ्फार ने झंडा तोलन किया। इस दौरान प्रेस क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे। पंचायत भवन पर मुखिया सनी दुबे ने झंडा लहराया, जबकि भपटा में मुखिया नवीन कुमार, सतवारिया पंचायत भवन पर मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष सविता देवी ने झंडा तोलन किया। वहीं धोबनी पंचायत में मुखिया लाल बहादुर शाह ने झंडे को सलामी दी। **बगहा प्रतिनिधि** के अनुसार गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह अनुमंडलीय मैदान में हुआ ।इस अवसर पर डीसीएलआर सह प्रभारी एसडीएम अंजलिके कृति ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। मुख्य ध्वजारोहण कार्यक्रम में एसपी रामानंद कुमार कौशल, एसडीपीओ बगहा कुमार देवेंद्र, अवर निबंधन पदाधिकारी अंबुज कुणाल सिंह, एमएलसी भीष्म सहनी, नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि पप्पू गुप्ता सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। ध्वजारोहण के पूर्व प्रभारी एसडीएम अंजलिके कृति ने एसडीपीओ कुमार देवेंद्र के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड में बिहार पुलिस, बीएमपी, डीएपी, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट गाइड के साथ-साथ सनराइज सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सन फ्लावर पब्लिक स्कूल, डीएम एकेडमी एवं सनबीम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अपने संबोधन में प्रभारी एसडीएम ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि इन योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। परेड के समापन के बाद विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। अनुमंडल प्रशासन द्वारा परेड में बेहतर करने वाले प्लाटून कमांडरों को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया वहीं स्वतन्त्रता सेनानी परिजनों को भी अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद विमल खेल मैदान में एसपी रामानंद कुमार कौशल ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। इसके अलावा प्रखंड बगहा एक में प्रमुख चंद्रावती देवी, प्रखंड बगहा-2 में प्रमुख शिव कुमारी देवी, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बगहा में कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु, नगर सरकार भवन में सभापति पुष्पा गुप्ता, एसडीपीओ कार्यालय में कुमार देवेंद्र ,पटखौली थाना हृदयान, नगर थाना में शैलेश कुमार ,अनुमंडलीय अस्पताल बगहा डॉ.ए. के.तिवारी ,पीएचसी हरनाटांड़ डॉ राजेश सिंह नीरज , अर्बन पीएचसी बगहा दो डॉ अरशद कमाल ,डीएम एकेडमी बगहा में राकेश कुमार यादव , प्रोजेक्ट बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बगहा एक में डॉ आनंद मोहन,सहकारिता प्रोजेक्ट बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बगहा दो में नागेंद्र प्रसाद सिंह , बीबीएन कॉलेज आसानी सचिव मदन प्रसाद गुप्ता सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल निदेशक रंजना सिंह, सिटी मांटेसरी पब्लिक स्कूल प्राचार्य सीमा स्वधा सहित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में आन-बान-शान के साथ तिरंगा फहराया गया। **गौनाहा प्रतिनिधि** के अनुसार गौनाहा प्रखंड के प्रखंड, अंचल, कृषि कार्यालय, शिक्षा कार्यालय, आईसीडीएस,मनरेगा भवन, बीस सूत्री भवन, रेफरल अस्पताल, गौनाहा, सहोदरा व मटियरिया थाना परिसर, रेंज ऑफिस मंगुराहाँ, एसएसबी बीओपी सीरिसिया, मटियरिया, मंडीहा, मंगुराहा, भीखना ठोरी, भतुजला में, सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में सोमवार को 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आन बान व शान से लहराया गया तिरंगा। प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ,अंचल कार्यालय में सीओ,शिक्षा कार्यालय में आरओ दीपक कुमार,रेफरल अस्पताल में प्रभारी डॉ.शशि कुमार, सहोदरा थाना में ऋतुराज कुमार, गौनाहा में अमित कुमार व मटियरिया में राकेश कुमार, मंगुराहा रेंज में रेंजर सुनील कुमार पाठक व सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में प्रधान शिक्षक, पंचायतों में मुखिया व ग्राम कचहरी में सरपंचों ने तिरंगा फहरा कर झंडे की सलामी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### मोतिहारी गांधी मैदान में प्रभारी मंत्री ने किया झंडोतोलन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन प्रभारी मंत्री पूर्वी चंपारण विजय कुमार चौधरी द्वारा किया गया। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह गांधी मैदान में परेड का निरीक्षण जिला प्रभारी मंत्री ने किया ' साथ हीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह गांधी मैदान में निकाली गई झांकी में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शिक्षा विभाग पुलिस विभाग एवं आई सी डी एस को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किये प्रभारी मंत्री। बाल उद्यान में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया जिसमें जिलाधिकारी के साथ जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समाहरणालय परिसर में स्थापित भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर जिलाधिकारी सहित वरीय पदाधिकारी के द्वारा माल्यार्पण किया गया। समाहरणालय मुख्य भवन के सामने जिलाधिकारी ने झंडोत्तोलन किया गया। साथ हीं सदर अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा ने झंडोत्तोलन किया गया।




### आन-बान-शान से 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया।सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में गणतंत्र दिवस को झंडोतोलन किया गया।इस अवसर पर प्रखण्ड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख निधि यादव, सीएचसी में डॉ रामनरेश कुमार, डॉ आशुतोष कुमार,कृषि कार्यालय में बीईओ रामकुमार पासवान, मनरेगा कार्यालय मे आरो सम्राट कुमार, जेई बिमल भारतेन्दु,जितना थाने में थानाध्यक्ष सुधीर कुमार, जदयू कार्यालय मे जदयू अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष उमाकांत प्रसाद,राजद कार्यालय में पूर्व विधायक डॉ शमीम अहमद तथा पंचायत भवन में एक दिन की प्रस्तावित सरपंच अंगिता कुमारी द्वारा झंडो तोलन किया गया ।झंडो तोलन के बाद एक दिन की प्रस्तावित सरपंच अंगिता द्वारा कई प्रस्ताव पास किया।अंगिता का प्रथम प्रस्ताव सरपंच पंजी में बाल मजदूरी पर था।नन्हें बच्चों को पढ़ाने के बदले काम पर भेजना और विशेष कर माता पिता द्वारा लड़कों को पढ़ना और लड़कियों को नहीं पढ़ाना अपराध बताया।दूसरा प्रस्ताव स्वच्छता को लेकर था।दुसरे प्रस्ताव से अंगिता ने समाज को एक दिशा देने का प्रयास किया।उसने प्रस्ताव पारित कर बताया कि बनकटवा में बीआरसी रोड तथा पेट्रोल पम्प रोड में सड़क किनारे खुले में शौच पर आपत्ति दर्ज किया।पंजी में प्रस्ताव पारित किया कि सड़क किनारे खुले में शौच करनेवाले परिवार शौचालय का निर्माण करें।जरूरत पड़ने पर वह प्रखण्ड कार्यालय से सम्बन्ध स्थापित कर शौचालय निर्माण के लिए सरकार द्वारा प्राप्त राशि से शौचालय का निर्माण करें।



### सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न कार्यालय व विद्यालयों में 26 जनवरी को लेकर सुबह से ही उल्लास देखी गई, वहीं विद्यालयों के द्वारा भारत माता की झांकी के साथ ही साथ बड़ी संख्या में कतारबद्ध तरीके से श्याम पुर बाजार के विभिन्न चौंक चौराहों से नारे गुंजायमान रही, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख सोनी देवी, अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार, अंचलाधिकारी अनामिका सिंह, राजस्व अधिकारीअदिती राय, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद,परमा नन्द प्रसाद, थाना में थाना ध्यक्ष पप्पु पासवान, वंशीधर राजकीय उच्चतर माध्यमिक 2 में मोहन प्रसाद, शिक्षक सिबू पाण्डेय,नितू पाण्डेय, व्यापार मंडल में हफीज अंसारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर सन्तोष कुमार,बी एच एम संजय शर्मा, भाजपा कार्यालय में नितेश कुमार पटेल, लालाबाबू सिंह, नवोदय बाल विद्या मंदिर में सुनिल सिंह,माया पब्लिक स्कूल औरैया के द्वारा भारत माता की झांकी सहित भव्य रैली निकाली गई, हरपुर थाना में थाना प्रभारी राहुल कुमार, नकरदेई थाना में भरत कुमार के द्वारा धूम धाम से मनाई गई,इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों में सफीअहमद, बच्चू मुखिया, शम्भू प्रसाद गुप्ता,मणि राज कुमार, उपस्थित थे।



### चिरैया में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में सोमवार को 77 वां गणतंत्र दिवस काफी हर्षोल्लास पूर्वक एवं धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय प्रखण्ड मुख्यालय के प्रांगण मे प्रखंड प्रमुख मीना देवी ने झंडोतोलन किया। इस अवसर पर बीडीओ डॉ संजय कुमार, सीओ आराधना कुमारी, राजस्व अधिकारी श्रीनिवास प्रसाद आदि उपस्थित थे। वही बीआरसी के प्रांगण में बीईओ सरोज कुमार सिंह, पशु चिकित्सालय में डॉ रवि रंजन कुमार, सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्याम पासवान, चिरैया थाना के प्रांगण मे थानाध्यक्ष महेश कुमार, शिकारगंज थाना परिसर में थानाध्यक्ष गोपाल कुमार, महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के प्रांगण में एचएम प्यारे सतीश कुमार सिंह, उ.मा. वि खड़तरी पश्चिमी में एचएम अरुण कुमार सुमन, उ.मा. वि रामपुर दक्षिणी में एचएम योगेंद्र प्रसाद, उ.मा. वि महुआवा पश्चिमी में एचएम संजय कुमार निराला, उ.म. वि रामपुर मे एचएम मिराज अंसारी, उ.म.वि लक्ष्मीपुर में एचएम ध्रुव देव बैठा, आदर्श मध्य विद्यालय चिरैया में एचएम डॉ अरुण कुमार एवं उ.म.वि खड़तरी मध्य के एचएम राकेश रंजन आदि सहित सभी पंचायत भवनों पर मुखिया एवं प्रखंड के सभी सरकारी एवं गैरसरकारी प्रतिष्ठानों में उनके प्रमुखों द्वारा झंडोत्तोलन कर शान से तिरंगा लहराया गया। जहां सभी जगहों पर मिठाइयां व जलेबियां बांटी गई। इस मौके पर कई पदाधिकारी, कर्मी तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया।



## महात्मा गांधी केंद्रीय विवि में गरिमामय ढंग से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव के ओजस्वी संबोधन से गूंजा संविधान - बोध, विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 26 जनवरी 2026 को 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। गांधी भवन परिसर में आयोजित इस समारोह में ध्वजारोहण, माननीय कुलपति का प्रेरणादायी संबोधन तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव के आगमन के साथ हुआ। परिसर निदेशक प्रो. प्रसून दत्त द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर कुलपति महोदय का स्वागत किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत कुलपति महोदय द्वारा राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) के कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर तथा परेड का निरीक्षण किया गया। एन.सी.सी. कैडेट्स की अनुशासित परेड और सटीक संचालन ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। कुलपति का प्रेरक संबोधन अपने गणतंत्र दिवस संबोधन में कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत का संविधान किसी पर थोपा गया दस्तावेज नहीं है, बल्कि 'हम भारत के लोग' द्वारा स्वयं को दिया गया संकल्प है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों से संविधान में निहित कर्तव्य, नैतिकता और उत्तरदायित्व को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कुलपति ने विवि की शैक्षणिक एवं शोध उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हाल ही में विश्वविद्यालय के शिक्षकों को विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में स्थान प्राप्त हुआ है, जो विश्वविद्यालय की अनुसंधान क्षमता और वैश्विक पहचान का प्रमाण है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक प्रक्रियाओं का व्यापक डिजिटलीकरण किया गया है तथा पुस्तकालय को रेडियो तरंग पहचान प्रणाली से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकों के स्व-प्रवेश एवं स्व-निर्गमन की सुविधा उपलब्ध होगी। अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर अपने विचार रखते हुए कुलपति ने कहा कि आज वैश्विक राजनीति और नई विश्व व्यवस्था में भारत की भूमिका निरंतर सुदृढ़ हो रही है और एक सशक्त राष्ट्र वही होता है, जिसके नागरिक सजग, शिक्षित और उत्तरदायी हों। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा।

## छपरा विधि मंडल चुनाव को लेकर एकमा में अधिवक्ताओं की बैठक

**महामंत्री पद के लिए अधिवक्ता विनय सिंह को समर्थन देने का किया ऐलान**

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा विधि मंडल चुनाव को लेकर एकमा स्थित कल्याणी विवाह भवन में अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता राम अयोध्या राम ने की, जबकि संचालन अधिवक्ता राजकेश्वर सिंह द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिवक्ता विनय सिंह को महामंत्री पद के लिए समर्थन देने का आश्वासन दिया। वहीं आगामी विधि मंडल चुनाव में उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

बैठक के दौरान मंच से कई अधिवक्ताओं ने अपने सुझाव और विचार भी रखे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि हम लोगों की सम्मान और हक की लड़ाई लड़ने वाला हमारा प्रतिनिधि होना चाहिए अगर विनय सिंह को हम महामंत्री पद के लिए चुनते हैं, तो वह हमारे हक के लिए हमेशा संघर्षरत रहेंगे। सभा में मुख्य रूप से धर्मनाथ सिंह, राजेंद्र राम, रामनारायण राय, अभिमन्यु राय, रंजीत सिंह, संजय श्रीवास्तव, मनीष सिंह, लोकनाथ यादव, उमेश सिंह, विजय पांडेय, मनबोध सिंह, सुमन सिंह, शेख आलिम, भूषण सिंह, पंकज सिंह, सुमन कुमार सिंह सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे। महामंत्री पद के प्रत्याशी विनय सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए विधि मंडल में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर विस्तार से अपनी बात रखी।

## एकमा व आसपास के क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस समारोह



**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार सहित प्रखंड व आसपास के क्षेत्रों में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड परिसर में प्रमुख अंजू देवी, नगर पंचायत कार्यालय पर मुख्य पार्षद श्वेता रानी, ई किसान भवन पर बीएओ शुभम पाल, बीआरसी भवन पर बीईओ योगेंद्र बैठा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय परिसर में एसडीपीओ राजकुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, एकमा थाना परिसर में थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह, रसूलपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव, एकमा सीएचसी में डॉ साजन कुमार व राजस्व कचहरी भवन पर सीओ अमलेश कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान एकमा विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह, बच्चा सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, विपिन सिंह, माकपा नेता अरुण कुमार, बीडीओ डॉ. अरुण कुमार, सीओ अमलेश कुमार, नपं ईओ रमन राज, उप मुख्य पार्षद रानु कुमार आदि अन्य लोग मौजूद थे। इसके अलावा रामाधार सिंह बीएड कालेज में सचिव ई जयप्रकाश सिंह, गुरुकुल पब्लिक स्कूल एकमा में डायरेक्टर रतन सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी, कन्या मध्य विद्यालय एकमा में एचएम अरुण कुमार सिंह, यूएमएस टोला डोमन राय में प्रधानाध्यापक कुमार रश्मि रंजन, यमुना सिंह इंटर कॉलेज एकमा में लोजपा (रा) के प्रदेश महासचिव कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, उमाशंकर सिंह महाविद्यालय जलालपुर में प्राचार्य अभिनव प्रियदर्शी, रिद्धि सिद्धि सेन्ट्रल स्कूल नचाप में निदेशक राकेश कुमार सिंह व क्षितिश्वर नाथ सिंह महाविद्यालय में सचिव परमेश्वर सिंह, आमडाढ़ी पंचायत भवन पर मुखिया चंदा सिंह, नचाप-भजौना पंचायत भवन पर मुखिया परमेंद्र कुमार सिंह उर्फ मनीष कुमार सिंह, व्यापार मंडल एकमा परिसर में अध्यक्ष बच्चा सिंह, राजापुर स्थित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की लघु शाखा में प्रबंधक सतीश कुमार यादव, प्राथमिक विद्यालय राजापुर में नगर पार्षद नेहा कुमारी व प्रधानाध्यापक लखन लाल प्रसाद आदि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसी क्रम में अवर निबंधन कार्यालय, मुख्य डाकघर, एकमा रेलवे स्टेशन, चयनित महादलित बस्तियों सहित विभिन्न जगहों पर लोगों के बीच मिठाईयों का वितरण किया गया। देश भक्ति गीतों के बीच सामाजिक नाटक, एकांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के बाद पुरस्कारों का वितरण किया गया।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की हुई प्रस्तुति






## छात्र- छात्राओं एवं जिले के कलाकारो की प्रस्तुतियां सराहनीयः जिलाधिकारी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के तत्त्वावधान मे शहर के महात्मा गांधी प्रेक्षागृह मे भव्य संध्याकालीन सांस्कृतिक समारोह का आयोजन हुआ। शिक्षा विभाग के संयोजन में आयोजित सांस्कृतिक समारोह मे विभिन्न विधालय एवं संस्थान के छात्र- छात्राओं तथा जिले के स्थापित कलाकारो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने उपस्थित छात्र - छात्राओ, अभिभावको एवं गणमान्य लोगों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दीं तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के कलाकारो द्वारा आकर्षक व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि आज के समारोह मे स्कूली बच्चे- बच्चियो एवं स्थानीय कलाकारों ने देशभक्ति, शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत एवं लोक संस्कृति से जुड़े अनेको मनभावन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा के परचम लहराए, तथा उनकी प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे समूह लोकनृत्य मे सरकारी विधालय से एम.जे. के. कन्या इंटर कॉलेज ने प्रथम, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कोटवा ने द्वितीय तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बड़ा बरियारपुर ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि निजी विधालय और संस्थान की ओर से समूह लोकनृत्य मे माउंट लिटेरा जी स्कूल ने प्रथम, जवाहर इंटरनेशनल स्कूल, लक्ष्मीपुर ने द्वितीय तथा एपेक्स इंटरनैशनल स्कूल, गायघाट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं समूह लोकगीत मे एम. जे. के. कन्या इंटर कॉलेज ने प्रथम, पंडित छोटेलाल मिश्र संगीत महाविद्यालय ने द्वितीय तथा आकाश इंस्टीयूट, मोतिहारी के प्रतिभागियो ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियो को प्रशस्तिपत्र, मेमेंटो एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम मे भाग लेने वाले सभी बच्चे - बच्चियो एवं स्थानीय कलाकारो को भी सम्मानित किया गया। इन प्रतियोगिता के लिए गठित निर्णायक मंडल मे एम. एस. कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार, वरीय संस्कृतिकर्मी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, संजय कुमार पाण्डेय, गुलरेज शहजाद एवं अभय अनंत शामिल थे। स्कूली एवं संस्थान के बच्चो की सांस्कृतिक प्रस्तुति के पश्चात दूसरे सत्र मे जिले के प्रतिष्ठित कलाकारों की सांगीतिक प्रस्तुतियां हुई। सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत विवेक शिरोमणि ने शास्त्रीय गायन से कार्यक्रम का आगाज किया। विवेक ने मध्य लय तीन ताल मे राग 'कलावती' पेश किया।

## एकमा के हरपुर गांव निवासी एएसआई श्याम सिंह उर्फ छोटू सिंह गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल पदक से सम्मानित



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिला के नगर पंचायत एकमा बाजार के हरपुर गांव निवासी व झारखंड पुलिस में पदस्थापित एएसआई श्याम सिंह उर्फ छोटू सिंह को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य समारोह में झारखंड राज्यपाल पदक से अलंकृत किया गया है। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार द्वारा उन्हें यह सम्मान उनकी अदम्य साहस, उत्कृष्ट सेवा व वीरता कार्यों के लिए प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि इसके पूर्व 15 अगस्त 2023 को भी एएसआई श्याम सिंह को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया था। बताया गया है कि श्याम सिंह की नियुक्ति वर्ष 1999 में हुई थी और तब से उन्होंने अपने सेवा काल में असाधारण कार्यों से पहचान बनाई है। वर्ष 2007 में चतरा जिले में नक्सली को हथियार सहित पकड़ने पर मुख्यमंत्री वीरता पुरस्कार, वहीं 2010 में सराहनीय सेवा के लिए मुख्यमंत्री पुरस्कार उन्हें मिल चुका है। इसके अलावा 2002 से अब तक झारखंड स्टेट शूटिंग कॉम्पटीशन में राइफल, कार्बाइन, स्टेनगन व पिस्तौल वर्ग में लगातार गोल्ड मेडल जीतते रहे हैं और कई बार ओवरऑल चैम्पियन रह चुके हैं। अपने पूरे सेवा काल में उन्हें 250 से अधिक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

# बरौनी रिफाइनरी ने मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

## इंडियन ऑयल की भूमिका को राष्ट्र के सतत उर्जा प्रदाता के रूप में किया रेखांकित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी ने 77वें गणतंत्र दिवस को बड़े उत्साह और राष्ट्रीय गर्व के साथ मनाया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह में कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ प्रबंधन, रिफाइनरी के अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिवारजन, मीडिया प्रतिनिधि तथा स्थानीय गणमान्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में सत्य प्रकाश ने गणतंत्र दिवस के महत्व को रेखांकित किया और भारतीय संविधान के ऐतिहासिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इंडियन ऑयल की भूमिका को राष्ट्र के सतत ऊर्जा प्रदाता के रूप में रेखांकित करते हुए समर्पण, एकता और जिम्मेदारी के महत्व पर बल दिया, जो एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए आवश्यक है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को रिफाइनरी प्रमुख द्वारा विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया।जिनमें सीआईएसएफ एस्कर्टस, परेड कमांडर्स, बेस्ट टर्नआउट अवार्ड, सेफ्टी एवं हाउसकीपिंग अवार्ड, विशेष उपलब्धि पुरस्कार के विजेता शामिल थे। बीआरडीएवी, केन्द्रीय विद्यालय और सम्पदा कार्यालय द्वारा प्रस्तुत सुंदर झांकियों ने समारोह की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। इंडियन ऑयल में 25 और 30 वर्षों की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को प्रतिष्ठित दीर्घ सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। श्री प्रकाश ने उनकी निष्ठा और परिश्रम की सराहना करते हुए उन्हें बरौनी रिफाइनरी की सफलता की नींव बताया। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय विद्यालय और बीआरडीएवी के मेधावी विद्यार्थियों तथा राष्ट्रीय ताइक्वांडो चौम्पियनशिप 2025-26 के पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। सांसतिक संध्या कार्यक्रम ने समारोह में नई ऊर्जा का संचार किया। जिसमें देशभक्ति से भरपूर संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। पूरे समारोह में उपस्थित जनसमूह ने समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराया।

# मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में जोश के साथ मना गणतंत्र दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** 77 वे गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल प्रांगण में प्राचार्य डाक्टर परासर त्यागी व डा बी के सिंह ने संयुक्त रूप से झंडोतोलन किया गया तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रष्ट्रगीत, नृत्य व पिरामिड करतब दिखाये। इस अवसर पर सरस्वती पूजा पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी के उत्कृष्ट 12 प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल देकर पुरस्कृत किया तत्पश्चात 12 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल प्रतिभागी को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला स्थापना दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मैराथन में प्रथम आए आयुष कुमार को निदेशक संजय प्रधान एवं शिक्षकों ने मेडल देकर सम्मानित किया। गणतंत्र दिवसके अवसर पर छातिओना मे प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज में भी झंडो तोलन किया गया। मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के अध्यक्ष आरएस रुंगटा एवं उपाध्यक्ष महावीर रूंगटा ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रभात फ़ेरी एवं महापुरुषों के नारे लगाए गए।

### नावकोठी में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में 77वां गणतंत्र दिवस सोमवार को हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर आजादी और लोकतंत्र के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को सरकारी एवं निजी संस्थानों में सम्मानपूर्वक फहराया गया तथा झंडे को सलामी दी गई।प्रखंड मुख्यालय परिसर में सर्वप्रथम 9बजे पूर्वाह्न में प्रखंड प्रमुख अनीता देवी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उसके बाद से ही मनरेगा कार्यालय में कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीकांत, बीआरसी कार्यालय में बीडीओ सह बीईओ राहुल रंजन, थाना परिसर में थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु एसडीपीओ अमरजीत तिवारी ने झंडोत्तोलन किया।पीएचसी नावकोठी में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी तथा आयुर्वेदिक औषधालय में डा. अश्विनी कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

# आन, बान और शान के साथ फहराया गया तिरंगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हसपुरा।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हसपुरा प्रखंड में सरकारी, गैरसरकारी, शैक्षणिक एवं राजनीतिक संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। पूरे प्रखंड में देशभक्ति का माहौल बना रहा और तिरंगे की सलामी के साथ झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने ध्वजारोहण किया। थाना परिसर में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, व्यापार मंडल परिसर में अध्यक्ष जयकृष्ण कुमार पटेल, खाद्य आपूर्ति कार्यालय में प्रशांत कुमार, सीडीपीओ कार्यालय परिसर में सुपरवाइजर कलावती कुमारी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में वार्डे न रंभा कुमारी तथा बीआरसी परिसर में दीपक कुमार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। राजनीतिक कार्यालयों में जदयू कार्यालय में चन्द्रेश पटेल एवं भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार ने झंडोत्तोलन किया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. कुणाल कामाख्या नारायण, महिला कॉलेज में प्राचार्य गीता कुमारी, हसपुरा पंचायत भवन में मुखिया संगीता देवी, डुमरा पंचायत में मुखिया सत्यभामा देवी ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा अमझर शरीफ में पम्मी कुमारी, अहियापुर में अजीत कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा, इटवां में राकेश कुमार, जैतपुर में सतेन्द्र पासवान, पचरुखिया बाजार स्थित पैराडाइज कोचिंग सेंटर में रणधीर एवं सुधीर कुमार, साधना संगीत महाविद्यालय में रौशन कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों में झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी, अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी, उपप्रमुख सतेन्द्र चौधरी, डॉ. देवलाल पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं हसपुरा बड़े खेल मैदान में एनएसएसटी निजी शिक्षण संस्थान के स्कूली बच्चों द्वारा झांकी प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# पुलिस ने 700 ग्राम गांजा के साथ एक को किया गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर बाजार क्षेत्र के मिल्की गांव में पालीगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक व्यक्ति को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि इलाके में कुछ लोग गंजा का अवैध कारोबार कर रहे हैं। इसी के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाया और मिल्की गांव में छापेमारी की। ग्रामीणों ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने 700 ग्राम गांजा के साथ भीम मोची, पिता दविन्द्र मोची, को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी को पालीगंज थाना लाया गया, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# रफीगंज में हर्षोल्लास के साथ हुआ झंडोत्तोलन, शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में गूंजा देशभक्ति का रंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर रफीगंज अनुमंडल के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, पंचायत भवनों, थानों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और देशभक्ति से ओत-प्रोत माहौल देखने को मिला।

प्रखंड कार्यालय में प्रमुख गीता सिंह, नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष मिरिख दरख्शा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार, रफीगंज थाना में डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार, कासमा थाना में थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह तथा पौथू थाना में थानाध्यक्ष सोमेश्वर कुमार ने ध्वजारोहण किया। महादलित टोला में शोभा कारू, विद्युत कार्यालय में सहायक अभियंता आकाश राज, व्यापार मंडल कार्यालय में अध्यक्ष अशोक सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। शैक्षणिक संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। रानी ब्रज राज +2 उच्च विद्यालय में विधायक प्रमोद कुमार सिंह, कन्या +2 उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक रविंद्र सिंह, मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक मशकूर आलम तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कविता कुमारी ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा करमी उच्च विद्यालय, डॉ. विजय सिंह महाविद्यालय, संजय सिंह यादव महाविद्यालय, विभिन्न पैक्स भवनों, पंचायत भवनों, एआरसीसी कार्यालय, निजी विद्यालयों, एनजीओ तथा राजनीतिक दलों के कार्यालयों में भी झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित हुए। आर.बी.आर. उच्च विद्यालय में एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत परेड और सलामी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी, अंचलाधिकारी भारतेन्दु सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. गुलाम साहिद, उपाध्यक्ष आरती देवी, कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा, उप प्रमुख रजंती देवी सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# सरकारी वाहनों में लगे अवैध हूटर हटाने का डीएम ने दिया निर्देश

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम श्रीकांत शास्त्री ने जिले में सरकारी वाहनों पर नियमों के विरुद्ध लगाए गए हूटर एवं बीकन के उपयोग पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। जिला पदाधिकारी श्री शास्त्री ने इसको गंभीरता से लेते हुए इन्हें तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि कई जिला स्तरीय एवं वरीय पदाधिकारियों द्वारा अपने सरकारी वाहनों में हूटर एवं बीकन का अधिष्ठापन किया गया है। जो प्रचलित नियमों के पूर्णतः विपरीत एवं गैर-कानूनी है। सभी जिला स्तरीय एवं वरीय पदाधिकारियों को आदेशित किया है कि वे अपने-अपने सरकारी वाहनों से हूटर एवं बीकन को 24 घंटे के भीतर हटाना सुनिश्चित करें। इस आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को सौंपी गई है, जिन्हें अपने-अपने क्षेत्र में इस निर्देश का कड़ाई से पालन कराना होगा। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारियों को इस संबंध में की गई कार्रवाई की अनुपालन प्रतिवेदन सीधे जिला पदाधिकारी को समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। इस आदेश की प्रतिलिपि आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी को भी भेज दी गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है।

# गणतंत्र दिवस पर तिरंगे को दी गई सलामी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड व थाना क्षेत्र के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास पूर्वक पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि के साथ लोगों ने तिरंगा फहराया और सलामी दी। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख स्मिता कुमारी, थाना परिसर में वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डक्टर राम नरेश शर्मा, वीरपुर इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी परिसर में संस्थापक सह वीरपुर पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व पूर्व मुखिया रामप्रवेश सिंह, वीरपुर पूर्वी पंचायत भवन परिसर में मुखिया पूनम देवी, बी आर सी में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी स्नेहलता वर्मा, बैजनाथ प्रसाद सिंह उच्च विद्यालय वीरपुर के प्रांगण में विद्यालय के प्रधान नीरज कुमार, वीरपुर पश्चिम पंचायत भवन परिसर में मुखिया त्रिपुरारी कुमार, भवानंदपुर पंचायत भवन परिसर में मुखिया दीपक कुमार, द ग्रेट सोसायटी यूथ क्लब में प्रखंड वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, मधुसूदन गौशाला फजिलपुर के परिसर में गौशाला अध्यक्ष सह भाजपा महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ऋचा सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फजिलपुर में विद्यालय के शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने झंडोत्तोलन किया और तिरंगे को सलामी दी। मौके पर जिला परिषद सदस्या शिल्पी कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता रौशन चौरसिया, पूर्व जिला परिषद सदस्या सुल्ताना बेगम, विपीन पासवान, पूर्व प्रखंड प्रमुख मीना देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर, अंचलाधिकारी भाई वीरेंद्र, पंसस स्मिता कुमारी, अफरोज आलम, मोहम्मद खालिद, अमित कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रेनबो साइंस एवं ग्रामर क्लासेस में प्रतिभा खोज सामान्य ज्ञान पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के न्यू एरिया स्थित रेनबो साइंस एवं ग्रामर क्लासेस द्वारा प्रतिभा खोज सामान्य ज्ञान पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ज्ञान गंगा इंटर स्कूल की निदेशक सोनाली कुमारी यादव, पूर्व मुखिया शहजादा शाही, तजम्मुल खान, दीपक दिनकर, डॉ. तुलसी यादव एवं संस्था के निदेशक रंजीत कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर निदेशक रंजीत कुमार यादव ने अतिथियों को अंगवस्त्र, माला एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। निदेशक रंजीत कुमार यादव ने बताया कि एक माह पूर्व प्रखंड स्तरीय प्रतिभा खोज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें चयनित मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

# संदेश में ट्रक चालक से 35 हजार की लूट, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संदेश/भोजपुर।** संदेश थाना क्षेत्र के रेपुरा गांव के समीप स्टेट हाइवे 81 पर बालू लोड करने जा रहे एक ट्रक चालक से तीन चार की संख्या में आये बदमाशों ने 35 हजार रुपये लूट लिया। चालक के बयान पर थाना में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। पुलिस त्वरित कारवाई कर रेपुरा गांव से दो लोगों को पकड़ लिया जिसमें बहादुर चौधरी का पुत्र अभिजीत कुमार व स्व लालदेव चौधरी का पुत्र रामा शंकर है। उसके बाद जेल भेज दिया। सारण जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के जैतीय वाजितपुर निवासी चालक प्रदीप कुमार ट्रक लेकर 28 नम्बर सोन बालू घाट पर बालू लोड करने के लिए जा रहा था। उसी समय रेपुरा गांव के स्टेट हाइवे 81 पर मूर्ति विसर्जन करने के लिए 10 से 15 आदमी जा रहे थे। 3-4 लड़का मिल कर ट्रक को रोका। शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। चालक ने पैसा देने से मना किया। उसके बाद बदमाशों ने लाठी, डंडा से वाहन के सीसा, लुकिंग ग्लास, हेड लाइट फोड़ने लगे। इसके बाद भी चालक ने पैसा नही दिया। बदमाशों ने ट्रक चालक को उतारकर पीटने लगे। जख्मी हालत देख बदमाशों ने चालक के पॉकेट से 35 हजार रुपये लूट कर फरार हो गये। जख्मी चालक किसी तरह संदेश थाना पहुचा। मामला दर्ज कराया तब जाकर पुलिस ने दो आदमी को पकड़ लिया।

# बिहार राज्य धार्मिक न्याय पर्षद कार्यालय में अध्यक्ष ने किया झंडोत्तोलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी के विद्यापति मार्ग स्थित बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के कार्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो रणबीर नंदन ने झंडोतलन कर तिरंगे को सलामी दी। इस मौके पर प्रो रणबीर नंदन ने कहा हमारे स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के अथक प्रयास से भारत आजाद हुआ और हमारे संविधान निर्माताओं ने देश के धर्मनिरपेक्ष व संप्रभुता वाला संविधान बनाकर देश का शान बढ़ाया। आज हम उन्हीं लोगों को याद का देश का गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने कर्तव्य पथ पर निर्भिकता से चलकर देश व प्रदेश के विकास में लगे हुए हुए हैं। झंडोत्तोलन के बाद अपने संबोधन में प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमें हमारे अधिकारों, कर्तव्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि समावेशी समाज का निर्माण तभी संभव है, जब हम शिक्षा और संवेदना को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए पर्षद की ओर से गरीब और जरूरतमंद बच्चों के बीच पेंसिल और स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर वेद विद्यालय के बटुको ने मंत्रोच्चार के साथ झंडोतोलन में भाग लिया। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य आनंद कुमार, हेमराज राम, दयानंद कुमार, तुषार कांति, तुल्स्यान, विजय, अमन, बिक्की सहित कई लोग उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**पालीगंज (पटना)।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूरे अनुमंडल क्षेत्र में देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज का भव्य झंडोतोलन किया गया। सरकारी, गैरसरकारी कार्यालयों एवं सामाजिक संस्थानों में उत्साह और देशभक्ति के माहौल के बीच कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद वीर हरदेव सिंह की मूर्ति तोरणी पर माल्यार्पण से की गई। इसके बाद अनुमंडल आवास, व्यवहार न्यायालय, अनुमंडल कार्यालय, डीएसपी कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र बैठा, निबंधन कार्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा पालीगंज थाना परिसर में थानाध्यक्ष सुमन कुमार द्वारा झंडोतोलन किया गया। थाने में पदस्थापित सभी पदाधिकारी,जवानों ने झेंडे की सलामी दी। इस अवसर पर पालीगंज थाना परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था। झंडोतोलन के समय बैंड की धुन पर बज रहे राष्ट्रीय गीतों ने सभी को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। झंडोतोलन से पूर्व थाना परिसर में शहीद दरोगा रमाशंकर सिंह के स्मारक पर अधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय पालीगंज के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक झांकी प्रस्तुत कर गणतंत्र दिवस को और भी यादगार बना दिया। पालीगंज आर्य समाज

बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(RFCTLARR-2013 की धारा–5 के अधीन लोक सुनवाई)

माननीय मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के आलोक में औरंगाबाद जिलान्तर्गत 2–लेन रफीगंज बाजार बाईपास पथ (कुल लंबाई 8.00 कि0मी0) पथ के निर्माण के लिए सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना हेतु भू–अर्जन अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई ए0एन0 सिन्हा, सामाजिक संस्थान, पटना द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया है, जिसका ड्राफ्ट कॉपी प्राप्त हुआ है। इस निमित संबंधित स्थल पर सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन हेतु RFCTLARR-2013 की धारा 5 के तहत लोक सुनवाई किया जाना आवश्यक है। अतएव सूचित किया जाता है कि रफीगंज अंचल जिला–औरंगाबाद में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **1.10812** एकड़ कुल मौजा–1, कुल प्लॉट–04 में मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | मौजा | सुनवाई की तिथि, समय एवं स्थान का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | रफीगंज | फेसरा | दिनांकः– 29·01·2026<br>समयः– 11.00 बजे पूर्वा0 में<br>स्थलः– प्रखंड परिसर, रफीगंज |

चूँकि उक्त भूमि परियोजना हेतु तुरंत अपेक्षित है, अतएव राज्य सरकार ने सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कार्यान्वित करने का विनिश्चय किया है।

सामाजिक प्रभाव आकलन के निमित लोक सुनवाई की निर्धारित तिथि को हितबद्ध रैयत स्थल पर उपस्थित रहेगें। अंचल अधिकारी, रफीगंज अपने अंचल अन्तर्गत अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों को सुनवाई के समय स्थल पर उपस्थित रहने हेतु सूचित करेंगे।

निर्धारित तिथि को अधियाची निकाय के प्रतिनिधिगण, राजस्व अधिकारी –सह– कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, औरंगाबाद लोक सुनवाई में भाग लेंगे। अंचल अधिकारी, रफीगंज, अंचल निरीक्षक, रफीगंज तथा हल्का कर्मचारी, फेसरा लोक सुनवाई के समय एस0आई0ए0 दल की सहयोग के लिए उपस्थित रहेंगे। लोक सुनवाई की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग अधियाची विभाग द्वारा करायी जायेगी।

समाहर्त्ता
औरंगाबाद

PR- 022738 (Revenue) 2025-26

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

**बिहार सरकार**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
पुर्नः अल्पकालीन नीलामी सूचना सं0–02/वितीय वर्ष 2025–26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रखंड कार्यालय औरंगाबाद, मदनपुर, ओबरा में अवस्थित पुराने संरचना को तोड़ने के पश्चात मलवा हटाने का कार्य के लिए नीलामी आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखनीय है, कि उक्त परिसर में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। नीलामी की न्यूनतम राशि एवं अन्य विवरणी नीचे अंकित तालिका के अनुरूप होगी। नीलामी की बोली दिनांक–06.02.2026 को 2:00 बजे अपराह्न में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतू इच्छुक/फॉर्म उक्त तिथि एवं समय पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर भाग ले सकते है।

| क्र0 सं0 | निलामी की विवरणी | निलामी की न्यूनतम राशि (रूपये में ) | जमानत की राशि (राशि रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Demolishing of Existing Circle Officer and BDO Residence in the Premises of Block Colony Aurangabad | 77600 | 7760 | 15 दिन |
| 2 | Demolishing of Existing Block Building Ration Card Kendra, Adhar Card Kendra and Circle Inspector Office Building in the Premises of Block Madanpur Aurangabad | 35900 | 3590 | 15 दिन |
| 3 | Demolishing of Existing Circle Officer and Block Office in the Premises of Block Colony Obra | 18400 | 1840 | 15 दिन |

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा विस्तृत जानकारी के लिए (state.bihar.gov.in/prdbihar) पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद

PR. No. 22603 (BCD) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# सड़क सुरक्षा हर व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी : अभिलाषा शर्मा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिले में एक व्यापक जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ दिलाई गई तथा उन्हें यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट एंड गाइड के सदस्यों द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा जागरुकता पैदल मार्च को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पैदल मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाला गया, जिसमें स्काउट एंड गाइड के सदस्यों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नारे एवं संदेशों के माध्यम से आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता उपेंद्र पंडित, जिला अपर समाहर्ता विशेष शाखा मो सादुल हसन खा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्काउट एंड गाइड के बच्चे उपस्थित रहे।

## बच्चों के विवाद में तीन ज़ख्मी

**मदनपुर/नबिटा सं।** मदनपुर के बनियां में सोमवार को बच्चों की लड़ाई में अभिभावक आपस में भीड़ गए। मारपीट में दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गए। घायलों में उस गांव निवासी मुना पासवान की बेटी अंजू कुमारी, मुन्ना पासवान की पत्नी मानों देवी एवं योगेन्द्र पासवान शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। जानकारी के अनुसार, बच्चे आपस में खेल रहे थे। खेल में किसी तरह बात बिगड़ गई। तू तू मैं मैं के बाद विवाद झगड़ा में तब्दील हो गया। घायलों का इलाज़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया।

## 17 साल जेल की सजा काट कर निकला आरोपित, पूनः गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अपहरण के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट कर निकले बदमाश ने पीड़ित परिवार से 1 लाख रूपये फिरौती की मांग की। न देने पर बदमाश ने अंजाम भुगतने की धमकी दी। मामले में अंबा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बदमाश को पुनः गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दरअसल मामला अंबा बाजार स्थित नवीनगर रोड का है। पुलिस जांच में सामने आया कि फिरौती मांगने वाला बदमाश बड़ेम थाना क्षेत्र के कंकेर गांव निवासी दिलीप साव है। हाल ही में जेल से रिहा हुआ था। साल 2008 में दिलीप पर अरुण कुमार गुप्ता के बेटे ऋतिक राज के अपहरण और जानलेवा हमले का आरोप लगा था। उस समय पुलिस दबिश के कारण उसने ऋतिक को बाजार में छोड़ दिया था, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। इधर पुनः बदमाश जेल से बाहर आते ही उसी पीड़ित युवक के पिता से एक लाख रूपये की फिरौती मांग रहा है। पीड़ित ने 13 जनवरी को एफआईआर कराया। इसके बाद सोमवार को बदमाश गिरफ्तार हो गया है। बदमाश ने लेटर में लिखा है कि उसके 17 साल बर्बाद हुए है। अब वो किसी भी हद तक जा सकता है।

# कारतूस व विस्फोटक बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु औरंगाबाद पुलिस एवं सीआरपीएफ द्वारा संयुक्त रूप से लगातार एंटी नक्सल अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में संयुक्त कार्रवाई के फ़लवरूप मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोबरदाह पहाड़ के पास सर्च अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। इस दौरान 44 जिंदा कारतूस, 32 खोखा, 25 मीटर कोडेक्स वायर, 29 कॉमर्सियल डेटोनेटर, 1 केन आईडी के साथ डेटोनेटर, 1 प्रेशर मेकेनिज्म के साथ 2 मीटर तार एवं 9 वोल्ट का 01 बैटरी बरामद किया गया है। कार्रवाई की भनक पाकर नक्सली मौके से फरार हो गए। बरामद आईडी एवं डेटोनेटर को यथावत स्थान पर ही सुरक्षात्मक तरीके से विनष्ट किया गया। जानकारी के मुताबिक, सुरक्षाबलों को इस हमले की साजिश की जानकारी पहले ही मिल गई थी। मदनपुर एसडीपीओ चंदन कुमार ने बताया कि इस संबध में मदनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कहा कि नक्सलियों की साजिश को समय रहते नाकाम करना सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## सड़क दुर्घटना में ई-रिक्शा सवार महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** हाइवा की ठोकर से ई-रिक्शा सवार महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के एनएच- 139 पर डीएवी स्कूल के समीप की है। मृतका की पहचान दाऊदनगर थाना क्षेत्र के पत्थर कट्टी गांव निवासी गोविंद कुमार की 29 वर्षीया पत्नी गीता देवी के रूप में की गई है। घटना में ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। गुस्साए लोगों ने एनएच-139 पर कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीणों का कहना था कि इस मार्ग पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसमें अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। लोगों ने एनएच-139 को जल्द से जल्द फोर लेन बनाने की मांग दोहराई और प्रशासन से ठोस कदम उठाने की अपील की। उनका कहना था कि भारी वाहनों की तेज रफ्तार और संकरी सड़कें दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रही है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
नवल किशोर सिंह
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
रेफरल अस्पताल, कुटुंबा (औरंगाबाद)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

कमलेश कुमार
प्रधानाध्यापक
राजकीय मध्य विद्यालय
खुटहन (हसपुरा) औरंगाबाद

आप सभी जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक कुमार
आवास सहायक
केसरिया, पूर्वी चम्पारण


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. जेएमपी-इलेक्ट-72-आरई-2025, दिनांक 24.01.2026;** उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला-मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा निविदा सं. जेएमपी-इलेक्ट-72-आरई-2025 के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख/समय 18.02.2026 को 15.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे अनदेखा कर दिया जाएगा। **कार्य का नामः** जमालपुर में आईआरआईएमईई, एसजीएच हॉस्टल की एयर कंडीशनिंग के साथ ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि तथा सहायक बुनियादी सुविधा का कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्यः** रु. 1,46,16,462.44; **बयाना राशिः** रु. 2,23,100; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **बोली शुरू होने की तारीखः** 04.02.2026; बोलीदाताओं को ऑनलाइन बोली लगाने की विस्तृत नियमों एवं विनियमों तथा पद्धति के लिए **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

(MISC-368/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# वेयर हाउस की सुरक्षा-व्यवस्था का डीएम ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा वेयरहाउस का जायजा लेने पहुंचे। विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेशानुसार प्रत्येक माह ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा वेयरहाउस में रखे गए ईवीएम एवं वीवीपैट के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था एवं अभिलेखों की गहन जांच की गई।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

A. R. AUTOMOBILE
ब्लॉक के सामने, हसपुरा (औरंगाबाद)
मो.-8757582935, 7717769295
नोट : सेल, सर्विस, पार्ट्स भी मिलता है।
प्रो-ऋषि कुमार

JHARKHAND EDUCATION PROJECT COUNCIL
GOVERNMENT OF JHARKHAND
CM SCHOOL OF EXCELLENCE
मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (CMSOE)
CBSE से मान्यता प्राप्त
शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए
नामांकन प्रारंभ
बालवाटिका और कक्षा 1 में भी नामांकन प्रारंभ

विद्यालय में सुविधाएं
➤ नि:शुल्क शिक्षा
➤ अत्याधुनिक आधारभूत संरचना
➤ विज्ञान, आईसीटी एवं भाषा लैब
➤ मजबूत सूचना प्रौद्योगिकी
➤ प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षक
➤ खेल एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण
➤ डिजिटल स्मार्ट क्लास
➤ आधुनिक पुस्तकालय
ऐसे जमा करे नामांकन आवेदन
ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से जमा किया जा सकता है आवेदन
ऑनलाइन नामांकन के लिए विजिट करे
https://evidyavahini.jharkhand.gov.in/soeAdmission
आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख
16 फरवरी, 2026
झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद
PR -371787(Jharkhand Education Project Council) 25-26

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, रक्सौल(पूर्वी चंपारण)
ग्रामीण सड़कों को बेहतर एवं मजबूत बनाने हेतु विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाएं :
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
- मुख्यमंत्री टोला संपर्क निश्चय योजना
- मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना

मजबूत सड़कें समृद्ध गांव
कार्यपालक अभियंता
गांव-गांव तक पहुंची सड़क और समृद्धि

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, सोनपुर (सारण)
- बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने का संकल्प मूर्त रूप ले रहा है।
- ग्रामीण सड़कों का रख-रखाव सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के हरसंभव कदम उठाये जा रहे हैं।
- सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित विशिष्टियों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के लिए सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया है।
- पारदर्शिता के लिए हर योजना स्थल पर विवरणी बोर्ड लगाना अनिवार्य है।

ई. प्रियंका सिंह
कार्यपालक अभियंता

## घरेलू विवाद में बुजुर्ग दंपति जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मामूली विवाद में बहु ने दिव्यांग सास और ससुर को मारपीट कर जख्मी कर दी जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज करवाया गया। इलाज के दौरान ज़ख्मी पनवारा निवासी 70 वर्षीय फुलेश्वर मलाह एवं उनकी पत्नी 65 वर्षीया मीना देवी ने बताई कि वह अपनी बहु रिता देवी से खाना खाने के लिए मांगी। उसने खाना तो नहीं दी बल्कि लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दी है। उन्होंने कहा कि इस उम्र में कहां कमाने जाएं। बेटा भी अपनी पत्नी की ही बात मानता है। जख्मी दंपत्ति ने इलाज कराने के बाद थाना में शिकायत आवेदन दी है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने जांच-पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM
INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT BODHGAYA
(AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF TOURISM, GOVT. OF INDIA & DEPT. OF TOURISM, GOVT. OF BIHAR)
NCHMCT
BIHAR TOURISM
DEGREE IN HOTEL MANAGEMENT
3 Years B.Sc. in Hotel Management
1½ Year Diploma in F & B Service
1½ Year Diploma in Food Production
DRCC Facility Available (बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड) for Hotel Management Degree Course
100 % Job Assistance (देश एवं विदेश के विभिन्न पांच सितारा होटलों, एयर लाइन्स, क्रूज लाइन्स सहित सरकारी एवं अर्धसरकारी विभागों में नौकरी की सुविधा)
हेल्पलाइन नंबर : +91-8987276070, +91-9608271879, 0631-2952143
पता - गया - डोभी रोड, बोधगया - 824234
वेबसाइट : www.ihmbodhgaya.com
इ-मेल : ihmbodhgaya@gmail.com
आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है


# 77वें गणतंत्र दिवस पर प्रभारी मंत्री ने झंडे को दी सलामी

## देश के प्रति समर्पण भावना ही है राष्ट्रधर्म : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** राज्य के उधोग, पथ निर्माण एवं जिला प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने आज यहां कहा कि हमारा यह पुनीत कर्तव्य एवं दायित्व है कि हम सभी मिलकर अपनी गौरवशाली परम्पराओं के प्रति अपनी निष्ठा एवं सहयोग से इस देश की जनतांत्रिक प्रणाली को और ठोस एवं मजबूत स्थिति प्रदान करने के लिये अपने तन-मन से सहयोग एवं सहभागिता का दृढ़ संकल्प लें। देश के प्रति समर्पण की भावना ही हमारा राष्ट्रधर्म है। उन्होंने स्थानीय सैंडिस मैदान में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त हमने काफी विकास किया है।



विकास की इस अनवरत यात्रा में भागलपुर जिला भी अपनी कर्मठता एवं जागरूक जनसहयोग से गतिमान है। भागलपुर जिला सिल्क नगरी के रूप में जाना जाता है, वर्तमान में यहाँ लगभग चार हजार पाँच सौ हथकरघा बुनकर एवं ग्यारह हजार पावरलूम बुनकर है। विगत वर्ष में कुल एक हजार दौ सौ बुनकरों को कार्यशील पूंजी का लाभदिया गया है। इसके अतिरिक्त सिल्क सामग्र योजना में कुल 07 लाभुकों एवं राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद के तहत कुल 23 लाभुकों को लाभान्वित किया गया है। जिला में 23 बड़े उद्योग धंधे है, जो बिहार राज्य निवेश प्रोत्साहन पार्षद द्वारा लाभान्वित हैं। इनमे चावल मिल, टॉफी फैक्ट्री, सॉफ्ट ड्रिंक फैक्ट्री, लीलन कपड़ा फैक्ट्री आदि है। पी0एम0 विश्वकर्मा योजना से भागलपुर में करीब दौ हजार दौ सौ लाभान्वित हैं। इसके अतिरिक्त करीब छह हजार सफल पंजीकृत लाभुक हैं एवं करीब दौ हजार एक सौ लाभुक टूल कीट प्राप्त कर चुके हैं। भागलपुर जिले में हाल में ही पीरपैंती थर्मल पावर के लिए अडानी पावर प्रोजेक्ट द्वारा लगभग 30 हजार करोड़ रूपये का निवेश थर्मल पावर प्लांट का निर्माण हेतु किया गया है, जो 2400 मेगा वाट बिजली का उत्पादन करेगा, जिससे भविष्य में बिहार विद्युत उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर हो सकेगा। इसी प्रकार भविष्य में विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना, नये हवाई अड्डा के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। भागलपुर जिला में अवस्थित विक्रमशिला विश्वविद्यालय सदियों पूर्व ज्ञान की धरती रही है। भागलपुर के चार रत्न यथा- कतरनी चावल, जर्दालु आम, मंजुषा कला एवं भागलपुर सिल्क को प्रमाणिक राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त है। विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभयारण्य भारत के प्रमुख डॉल्फिन संरक्षण और पर्यटन केंद्रों में से एक है। भागलपुर के सुलतानगंज से कहलगांव तक गंगा नदी का करीब 60 किमी का भाग डॉल्फिन अभयारण्य के रूप में संरक्षित है। यहाँ दुर्लभगंगेटिक डॉल्फिन जीवित रहते हैं, जो भारत के राष्ट्रीय जलीय जीव भी हैं। रोजगार हेतु राशि उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में रोजगार हेतु 237 आवेदकों का ऋण वितरित किया गया है एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत कुल 163 आवेदकों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला भागलपुर जिला का एक महत्वपूर्ण मेला है, इसमें देश-विदेश से श्रद्धालु सुलतानगंज से गंगा जल भर, पैदल कच्ची कांवर पथ से पैदल ही देवघर जाते हैं। श्रद्धालुओं के बेहतर सुविधा हेतु जिला प्रशासन की ओर से टेंट सिटी का निर्माण कराया जाता है। साथ ही सभी श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित स्थलों पर चिकित्सा सेवा, पेयजल एवं शौचायल की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाती है। इसके अतिरिक्त चलन्त मेडिकल वाहन भी 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं।

# कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्र बढ़ाए जाने को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती श्वेता कुमारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में 1400 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों के उसी भवन में एक मतदान केंद्र बढ़ाया जाना है। उन्होंने बताया कि कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए भागलपुर में 19 मतदान केंद्र पहले से हैं जिन मतदान केन्द्रों में मतदाता की संख्या 1400 से अधिक हो गई है वैसे मतदान 7 मतदान केंद्र के उसी भवन में एक अतिरिक्त मतदान केंद्र बनाया जा रहा है। जिन मतदान केंद्र अतिरिक्त मतदान केंद्र के लिए कमरा बढ़ाया जा रहा है वे हैं। प्रखंड कार्यालय सबौर में कमरा न0- 2, जिला कृषि कार्यालय भवन में कमरा न0- 3, कमरा न0- 4, कमरा न0- 5, (यानी तीन मतदान केंद्र बढ़ेंगे), टाउन हॉल भवन नगर भवन कमरा न0- 2, प्रखंड कार्यालय भवन पीरपैंती में कमरा न0- 2 तथा प्रखंड कार्यालय कहलगांव में कमरा न0- 2 को अतिरिक्त मतदान केंद्र बनाया जाएगा। इस प्रकार अब मतदान केन्द्रों की संख्या 26 हो जाएगी। राजनीतिक दलों के साथ आयोजित बैठक में लिए गए प्रस्ताव को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल पूर्णिया को भेजा जाएगा। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधि मौजूद थे।

# एसडीम ने अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** सोशल मीडिया के माध्यम से मानहानि, अपमान, झूठा आरोप एवं सरकारी पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज के द्वारा बिक्रमगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई ।

**क्या है मामला :** एसडीएम बिक्रमगंज ने दर्ज प्राथमिकी में मूल रूप से आरोप लगाते हुए कहा है कि वर्तमान में अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हूँ। दिनांक 25. 01-2026 को उदय प्रताप यादव, अधिवक्ता द्वारा सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रूप से मेरे विरूद्ध अत्यंत आपत्तिजनक, अपमानजनक, झूठे एवं दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाए गए है। जानबूझकर मुझे निरंकुश एसडीओ कहा गया, जो रात भर बालू या आलू के चक्कर में घूम रहा है। यह कहा गया कि मुझे चपरासी बनना चाहिए था पर स्वजातीय सरकार के बदौलत एसडीओ बन गया, जो स्पष्ट रूप से जातिगत द्वेष, घृणास्पद टिप्पणी और मानहानि को दशोता है। इसके अतिरिक्त यह भी आरोप लगाया गया कि मैं रातभर कनपटी टोपी पहनकर बालू माफियाओं से पैसा वसूलता हूँ, जो पूर्णतः असत्य, मनगढंत एवं मेरी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से किया गया। इस प्रकार के वक्तव्य न केवल मेरी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि सरकारी पद की गरिमा को भी गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाते हैं, साथ ही आम जनता में भ्रम फैलाते हैं। आरोपी के उक्त कृत्य से मेरी सामाजिक, प्रशासनिक छवि को अपूरणीय क्षति पहुँची है तथा यह कृत्य सुनियोजित रूप से बालू माफियाओ की मिलि भगत से मुझे बदनाम करने एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने के उद्देश्य से किया गया है।

# इंटर कॉलेज मैदान में एसडीएम ने किया झंडोत्तोलन

## जवानों, कैडेट्स की परेड एवं सलामी में शामिल हुए अधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** गणतंत्र दिवस के 77 में अवसर पर बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विभागों में भी झंडोतोलम किया गया जहां जवानों एवं कैडेट्स ने परेड में भी भाग लिया। झंडोत्तोलन के लिए मुख्य स्थल इंटर कॉलेज के मैदान में समारोह आयोजित किया गया था, जहां एसडीएम प्रभात कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर एसडीएम और एसडीपीओ ने परेड का निरीक्षण किया और जवानों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के बाद, विभिन्न कार्यालयों में भी झंडोत्तोलन किया गया, जिसमें एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह, अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम प्रभात कुमार, प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार सिंह उर्फ लाली सिंह, नगर परिषद कार्यालय में सभापति मनोरंजन सिंह और थाना परिसर में थानाध्यक्ष ललन कुमार ने झंडा फहराया। इस अवसर पर कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने



मार्च पास्ट किया और झांकियां निकालीं। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत और नारे गूंजते रहे। कई सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

### विधायक ने दलित बस्ती में फहराया झंडा

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जहां विधायक दिनारा आलोक सिंह ने दलित बस्ती में जाकर झंडोत्तोलन किया तो वहीं विधानसभा के दावथ सूर्य पूरा एवं दिनारा के विभिन्न कार्यालय पर तिरंगे फहराए गए। विधानसभा के दिनारा सूर्यपूरा दावथ सहित नगर पंचायत कोआथ मैं धूमधाम से झंडोत्तोलन किया गया। गणतंत्र दिवस के 77 वर्षगांठ के अवसर पर स्थानीय विधायक आलोक कुमार सिंह के द्वारा दिनारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बीसी कला पंचायत के ग्राम कोइरिया महा दलित टोला में महादलित परिवार के साथ के राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर विधायक ने चुनाव बाद के अपने कार्यो का लेखा-जोखा दिया और पूरे कार्यकाल अपने दिनारा विधानसभा में लोगों के लिए उपस्थित रहने की बातें कहीं। इस अवसर पर क्षेत्र के सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों तथा एनडीए के कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।

### कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने फहराया तिरंगा

**दरभंगा।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दरभंगा समाहरणालय में जिलाधिकारी कौशल कुमार द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, उप विकास आयुक्त श्री स्वप्निल, अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी मनोज कुमार,अपर समाहर्ता (जिला लोक शिकायत) राजेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्त्ता (आपदा) सलीम अख्तर, अपर समाहर्ता विभागीय जांच राकेश कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) चांदनी सिंह, वरीय उप समाहर्ता पदाधिकारीगण सहित सभी पदाधिकारीगण एवं समाहरणालय के कर्मी उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस पर एलएनएमयू कुलपति ने फहराया तिरंगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** भारतीय गणतंत्र के 77 वें पुनीत दिवस पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय मुख्यालय भवन से प्रातः 9.30 बजे ध्वजोत्तोलन किया। साहस, शांति और समृद्धि के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने के बाद कुलपति ने एनसीसी परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड सलामी के बाद समूचे विश्वविद्यालय परिवार को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने भारतीय संस्कृति, संप्रभुता, समरसता और राष्ट्रप्रेम को सर्वोच्च मानते हुए स्वच्छ ,शिक्षित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण पर बल दिया। अपने संबोधन में कुलपति ने गणतंत्र दिवस को भारत के संवैधानिक मूल्यों, संविधान की शक्ति और



नागरिक अधिकारों का प्रतीक बताया। उन्होंने वैश्विक वातावरण के अनुकूल देश को वर्ष 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी का आह्वान किया। कुलपति ने मूल्यपरक शिक्षा, उन्नत शोध और आत्मनिर्भरता की भावना को भरते हुए विश्वविद्यालय द्वारा स्किल डेवलपमेंट, वोकेशनल कोर्सेज, सॉफ्ट कॉम्पोनेंट आदि के विकास और विस्तार पर अपने विचार रखें। अपने संबोधन में कुलपति ने आगे कहा कि आज़ादी के बाद भारतवासियों के सामने एक नए भारत के निर्माण की चुनौती थी। नया भारत कैसा हो? सशक्त और सर्व- धर्म - समभाव की चेतना यहां कैसे स्थापति हो? कर्तव्य-बोध की भावना कैसे नागरिकों में उद्बुध हो? ऐसे तमाम प्रश्न थे , जिनके हितार्थ संविधान सभा की स्थापना हुई। कुलपति ने विश्वविद्यालय के खेल, एनसीसी, एनएसएस विंग में छात्र-छात्राओं के राज्य और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व की भी सराहना की। इस पुनीत अवसर पर कुलपति ने पाल्यों को अनुकंपा के आधार पर लनामिवि, सेवा अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ कर्मचारी के पद पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत वेतनमान एवं अन्य भत्ते सहित नियुक्ति पत्र का वितरण किया। कुल 36 को कुलपति ने विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य स्वरूप जुड़ने का स्वागत किया। सोमवार को विश्वविद्यालय परंपरा का निर्वहन करते हुए कुलपति ने महात्मा गांधी सदन, मुख्यालय भवन और कुलपति आवासीय कार्यालय में झंडोतोलन किया। कर्मचारी संघ कार्यालय एवं छात्र संघ कार्यालय में कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, वहीं नरगौना मुख्य भवन में वरिष्ठ संकायाध्यक्ष प्रो मो शाहिद हसन तथा दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रो हरे कृष्ण सिंह ने निदेशालय कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए सलामी दी। राष्ट्रगान की धुन, दिल्ली गेट की झांकी में केसरिया, सफ़ेद व हरे बंदनवार व सुगंधित फूलों से समूचा विश्वविद्यालय परिसर राष्ट्रीय पर्व की कांति से शोभायमान रहा।

# कॉलेज में प्राचार्य ने किया झंडोत्तोलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्तिथ श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के प्रांगण में प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) अनिल कुमार सिंह ने गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी।इसके पूर्व उन्होंने कॉलेज संस्थापक बाबा विष्णु प्रकाश उदासीन उर्फ झखड़ बाबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि बड़ी कुर्बानियों के बाद हमें ये आजादी मिली है।भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।यह संप्रभु, समाजवादी,



धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। उन्होंने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों से भविष्य के लिए पानी बचाने, जल संग्रहण और पर्यावरण संरक्षण की अपील की। इस मौके पर कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण गीतों पर अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी।


## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

### सैरात बन्दोबस्ती की शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 178 दिनांक 21.01.2026 जिसका PR No 371326 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत सैरात की बन्दोबस्ती की आम सूचना निर्गत की गई थी, जिसमें क्रमांक संख्या 02 एवं 05 का सुरक्षित जमा की राशि एव जमानत की राशि में कुछ त्रुटि होने के कारण पुनः बदलाव किया जाता है। जो निम्नवत् है :–

| क्रमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | दानरो नदी टैक्सी एवं टेम्पु स्टैण्ड टॉल टैक्स तथा टैक्सी स्टैण्ड | 644000 | 64500 |
| 02 | सोनपुरवा टैक्सी एवं टेम्पू स्टैंड टॉल टैक्स | 1209500 | 121000 |

अन्य सभी बातें एवं शर्त यथावत् रहेगी।

PR 371638 Urban Development(25-26)#D

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद गढ़वा


# होटल मौर्या में दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना के गांधी मैदान स्थित प्रतिष्ठित होटल मौर्या में मंगलवार को दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 39वें संस्करण का भव्य शुभारंभ किया गया। यह प्रदर्शनी 28 जनवरी तक आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रीति प्रिया (फाउंडर, भूमिहार महिला समाज), बिंदु रानी, नेहा त्यागी एवं लायन वीना गुप्ता (पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, लायंस क्लब एवं पास्ट प्रेसिडेंट, बिहार काउंसिल ऑफ वूमेन) द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर



किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और डिजाइनर्स की रचनात्मकता की सराहना की। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों से आए 40 से अधिक डिजाइनर्स और बुटीक ब्रांड्स द्वारा वेडिंग व फ़ेस्टिव परिधान, साड़ियां, लहंगे, सूट, इंडो-वेस्टर्न ड्रेसेस, हैंडमेड ज्वेलरी, होम डेकोर, गिफ्ट आइटम्स, फुटवेयर्स एवं अन्य लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स प्रदर्शित किए गए हैं। प्रदर्शनी के आयोजक एवं संस्थापक संजय अग्रवाल ने बताया कि बुटिक्स ऑफ इंडिया का उद्देश्य ग्राहकों को एक ही छत के नीचे फैशन, परंपरा और आधुनिकता का बेहतरीन संगम उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा, वेडिंग और फ़ेस्टिव सीजन के साथ-साथ आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए इस बार खास रंगीन और ट्रेंडी कलेक्शन शामिल

# केविनकेयर का चिक क्रेम हेयर कलर कैटेगरी में प्रवेश, पटना में लॉन्च किया चिक क्विक क्रेम हेयर कलर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केविनकेयर का चिक ब्रांड, पटना के बाजार में हेयर कलर कैटेगरी में एक क्रांतिकारी उत्पाद- चिक क्विक क्रेम हेयर कलर लेकर आया है। इस घोषणा के साथ चिक ने क्रेम हेयर कलर कैटेगरी में अपनी एंट्री दर्ज की है। यह उत्पाद एक अनोखे 10-मिनट के फास्ट एक्शन फॉर्मूले से लैस है, जो क्रेम हेयर कलरिंग को और आसान और समय-बचाने वाला बनाता है। इसमें आंवला और भृंगराज जैसे प्राकृतिक तत्वों की अच्छाई शामिल है, जिससे यह गहरे, नैचुरल दिखने वाले रंग का अनुभव देता है। यह लॉन्च चिक के उस मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें हर घर तक इनोवेटिव और आसान हेयर कलरिंग सॉल्यूशंस पहुँचाना शामिल है। ब्रांड ने लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी को ब्रांड एंबेसडर बनाया है और राज्य में एक व्यापक मार्केटिंग कैंपेन शुरू किया है, जिसमें प्रिंट, ऑनलाइन और डिजिटल माध्यम शामिल हैं। चिक क्विक क्रेम हेयर कलर एक सिंगल-यूज़ सैशे में उपलब्ध है, जो अन्य क्रेम हेयर कलर्स से अलग एक सुविधाजनक पैक है। यह उपभोक्ताओं की मुख्य समस्याओं- लंबे समय तक लगने वाली एप्लीकेशन, रूखापन और पाउडर फॉर्मेट में होने वाली गंदगी को दूर करता है। यह प्रोडक्ट कम तैयारी के साथ एक स्मूद कलरिंग अनुभव सुनिश्चित करता है। तीन आकर्षक शेड्स- नेचुरल ब्लैक, नेचुरल ब्राउन और बरगंडी में उपलब्ध यह रेंज उपभोक्ताओं की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। मात्र 10 रुपए की कीमत में यह क्रेम फॉर्मेट पटना के किफायती उपभोक्ताओं के लिए हेयर कलरिंग को और सुलभ और समावेशी बनाता है। 10 मिनट की फास्ट एक्शन टेक्नोलॉजी के साथ, चिक क्विक क्रेम हेयर कलर गहरे रंग और चमकदार फिनिश के साथ हेयर कलरिंग अनुभव को नया रूप देता है, बिना इंतजार, बिना झंझट। लॉन्च पर बोलते हुए, केविनकेयर के बिजनेस हेड- पर्सनल केयर, रजत नंदा ने कहा, ल्लपटना में हेयर कलर बाजार तेजी से बदल रहा है।


## समाहरणालय, औरंगाबाद

(RFCTLARR-2013 की धारा–5 के अधीन लोक सुनवाई)

बिहार सरकार

औरंगाबाद जिलान्तर्गत उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद के लिए जम्हरिया, जलवन, मनका जलवाहा एवं बारा लघु नहर के निर्माण के लिए सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना हेतु भू–अर्जन अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान, पटना द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया है, जिसका ड्राफ्ट कॉपी प्राप्त हुआ है। इस निमित संबंधित स्थल पर सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन हेतु RFCTLARR-2013 की धारा 5 के तहत लोक सुनवाई किया जाना आवश्यक है। अतएव सूचित किया जाता है कि देव एवं मदनपुर अंचल जिला–औरंगाबाद में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **5.625** एकड़ कुल मौजा–**5**, कुल प्लॉट–**80** में मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | मौजा | सुनवाई की तिथि, समय एवं स्थान का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | मदनपुर | जलवन | दिनांकः– 29.01.2026<br>समयः– 11.00 बजे पूर्वा0 में<br>स्थलः– पंचायत भवन, मनका |
| 2 | | बनिया | |
| 3 | | झिकटिया | |
| 4 | | मनका | |
| 5 | देव | जम्हरिया | दिनांकः– 29.01.2026<br>समयः– 01.00 बजे अप0 में<br>स्थल– पंचायत भवन, जम्हरिया |

चूँकि उक्त भूमि परियोजना हेतु तुरंत अपेक्षित है, अतएव राज्य सरकार ने सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कार्यान्वित करने का विनिश्चय किया है।

सामाजिक प्रभाव आकलन के निमित लोक सुनवाई की निर्धारित तिथि को हितबद्ध रैयत स्थल पर उपस्थित रहेगें। अंचल अधिकारी, देव एवं मदनपुर अपने अंचल अन्तर्गत अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों को सुनवाई के समय स्थल पर उपस्थित रहने हेतु सूचित करेंगे।

निर्धारित तिथि को अधियाची निकाय के प्रतिनिधिगण, अपर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद लोक सुनवाई में भाग लेंगे। अंचल अधिकारी, देव एवं मदनपुर, अंचल निरीक्षक, देव एवं मदनपुर तथा हल्का कर्मचारी, जलवन, बनिया, झिकटिया, मनका, जम्हरिया लोक सुनवाई के समय एस0आई0ए0 दल की सहयोग के लिए उपस्थित रहेंगे। लोक सुनवाई की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग अधियाची विभाग द्वारा करायी जायेगी।

PR- 022737 ( Revenue ) 2025-26

समाहर्त्ता, औरंगाबाद

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार में बनेगी...

जाएगा। मधुबनी जिले के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई, छात्रावास, पुल-पथ और बाढ़ नियंत्रण से जुड़े कई बड़े कार्य पूरे किए गए हैं। प्रगति यात्रा के दौरान स्वीकृत सात योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। जिले में रिंग रोड, नया बस अड्डा, औद्योगिक क्षेत्र, पर्यटन स्थल विकास और पश्चिमी कोसी नहर के विस्तार जैसे प्रोजेक्ट्स से विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का भी बिहार को पूरा सहयोग मिल रहा है। आने वाले वर्षों में बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा और देश के विकसित राज्यों की कतार में शामिल होगा।

# बंधन बैंक ने स्टैंडर्ड सेविंग्स अकाउंट के लिए मासिक एवरेज बैलेंस घटाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बंधन बैंक ने सुलभ बैंकिंग समाधान के माध्यम से हर भारतीय को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। समावेशी विकास और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के अनुरूप, बैंक ने स्टैंडर्ड सेविंग्स अकाउंट के लिए मासिक औसत शेष (एमएबी) की आवश्यकता में महत्वपूर्ण संशोधन की घोषणा की है, जबकि खाते की सभी सुविधाएँ और लाभ पहले की तरह ही रहेंगे। स्टैंडर्ड सेविंग्स अकाउंट के लिए एमएबी की आवश्यकता को 5,000 रुपए से घटाकर 2,000 रुपए किया जा रहा है, जो 1 फरवरी, 2026 से प्रभावी होगी। हालाँकि, इस खाते से जुड़े प्रोडक्ट फीचर्स और लाभों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह कदम देशभर के लाखों ग्राहकों, विशेषकर अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए बैंकिंग को अधिक किफायती और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता कम कर, बंधन बैंक यह सुनिश्चित करना चाहता है कि प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी वित्तीय दबाव के पूर्ण-सेवा बचत खाते के लाभ उठा सके। इस अवसर पर बैंक के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य व्यवसाय अधिकारी राजिंदर कुमार बब्बर ने कहा, गणतंत्र दिवस समानता और सशक्तिकरण का उत्सव है।

# औरंगाबाद जिले ने हर क्षेत्र में की तीव्र प्रगति : संतोष कुमार सुमन

## औरंगाबाद में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के मुख्य समारोह स्थल गांधी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री सह प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। झंडोत्तोलन से पूर्व प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया और सलामी ली गई। इसके बाद स्कूली छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात प्रभारी मंत्री द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने जिलेवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया तथा हाल के दिनों में देश की सीमाओं पर मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा तथा ओबरा प्रखंड अंतर्गत खरांटी ग्राम निवासी 19 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी जगतपति कुमार को विशेष रूप से स्मरण किया। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि औरंगाबाद जिले ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा, अल्पसंख्यक कल्याण, महिला सशक्तीकरण, विद्युत आपूर्ति, पर्यटन एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में तीव्र प्रगति की है। उन्होंने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास, अटल टिंकरिंग लैब, विज्ञान एवं गणित प्रयोगशालाएं, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाएं, टैबलेट वितरण तथा गणित समर कैंप जैसी योजनाओं से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत जिले में 2.41 लाख से अधिक बच्चों को पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं के माध्यम से जिले के 3,00,652 लाभुकों को प्रतिमाह 1100 रुपये की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष 99 प्रतिशत से अधिक आवास



स्वीकृत किए जा चुके हैं और बड़ी संख्या में आवास पूर्ण भी किए जा चुके हैं। पंचायत सरकार भवन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना और सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर अस्पताल और अनुमंडल अस्पतालों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। नवजात शिशुओं के लिए विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई, कुपोषित बच्चों के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र तथा गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड एवं निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। कृषि क्षेत्र में हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना, मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और बागवानी फसलों के विस्तार की जानकारी देते हुए प्रभारी मंत्री ने बताया कि औरंगाबाद जिला स्ट्रॉबेरी उत्पादन के क्षेत्र में राज्य में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। महिला सशक्तीकरण के अंतर्गत महिला संवाद कार्यक्रम, जीविका के माध्यम से रोजगार सृजन तथा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के क्रियान्वयन की जानकारी भी दी गई। संबोधन के पश्चात प्रभारी मंत्री द्वारा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एकीकृत बाल विकास सेवा, शिक्षा विभाग, मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग, परिवहन विभाग, उद्योग विभाग तथा उद्यान विभाग द्वारा प्रस्तुत झांकियों का अवलोकन किया गया। झांकी प्रतियोगिता में कृषि विभाग को प्रथम, परिवहन विभाग को द्वितीय तथा शिक्षा विभाग को तृतीय स्थान प्रदान किया गया और संबंधित पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। इस अवसर पर सरकारी भूमि पर आवास बनाकर रह रहे भूमिहीन लोगों को भूमि बंदोबस्ती के तहत भूमि पर्चा प्रदान किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि एवं सराहनीय कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। खेल विभाग के अंतर्गत कुमारी वसुंधरा को राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण एवं कांस्य पदक तथा गुड्डू कुमार को दसवीं इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय खेल में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए फरजाना खातून, सामुदायिक समन्वयक कुटुम्बा एवं प्रियंका कुमारी, सामुदायिक समन्वयक देव को सम्मानित किया गया। उद्योग विभाग के अंतर्गत आनंद राज, समन्वयक स्टार्टअप सेल, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय औरंगाबाद को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। समारोह में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता आपदा लोक शिकायत जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, अपर समाहर्ता विशेष शाखा मोहम्मद सादुल हसन खां, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं, मीडिया प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# भारत के विकास और समृद्धि में एनटीपीसी का अहम योगदान : एल. के. बेहेरा

## एनटीपीसी नवीनगर में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित, मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** एनटीपीसी नवीनगर में 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके पश्चात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों, डीजीआर गार्ड्स, बाल भारती पब्लिक स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत परेड से परियोजना प्रमुख ने गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एल. के. बेहेरा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामना दीं और कहा कि भारत के विकास और समृद्धि में एनटीपीसी का अहम योगदान है। उन्होंने संयंत्र की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए



सभी विभागों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी द्वारा निकटवर्ती गांवों के 35 चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं के बीच छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। साथ ही वर्ष 2026 के नए सीएसआर कैलेंडर का लोकार्पण भी किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में स्वरा महिला संघ, केंद्रीय विद्यालय, बाल भारती पब्लिक स्कूल एवं बाल भवन के छात्रों द्वारा देशभक्ति से प्रेरित सांस्कृतिक नृत्य और संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बाल भारती पब्लिक स्कूल एवं नवीनगर स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा झांकियों के माध्यम से अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। समारोह का प्रमुख आकर्षण एनटीपीसी कर्मचारियों एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कर्मियों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत कराटे प्रदर्शन रहा। इसके अतिरिक्त केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों द्वारा प्रभावशाली शस्त्र ड्रिल का भी प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करने के लिए उन्हें बीयूएच मेरिटोरियस अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। समारोह में अनिल कुमार टी. सी., महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, राकेश शर्मा, महाप्रबंधक परियोजना, राघवेंद्र सिंह, डिप्टी कमांडेंट, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा आरती बेहेरा, स्वरा महिला संघ की अध्यक्षा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देश के विकास के लिए बीआरबीसीएल दृढ प्रतिज्ञ : दीपक रंजन देहुरी

## बीआरबीसीएल में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बीआरबीसीएल परिसर में 26 जनवरी 2026 को 77वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्र ध्वज






फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की और राष्ट्र निर्माण में बीआरबीसीएल की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाल भवन एवं प्ले स्कूल के नन्हे बच्चों, श्री श्री अकादमी के छात्र-छात्राओं तथा संगिनी लेडीज क्लब की सदस्यों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां निकाली गईं। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की परेड ने समारोह को अनुशासन और गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीआरबीसीएल के कर्मचारियों को मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेरिटोरियस अवार्ड से सम्मानित किया गया। सामाजिक दायित्व पहल के अंतर्गत दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। समारोह पूरे उत्साह और प्रेरणादायी वातावरण के साथ संपन्न हुआ।

# औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने अपने आवासीय कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए संविधान के प्रति निष्ठा और राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आस्था और देशहित में कार्य करने के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह, सुनील शर्मा, किसान



मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सुभाष कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष गोल्डन, युवा मोर्चा के अध्यक्ष विकास सिंह, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, परसडी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अमरीश सिंह, जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड अध्यक्ष राकेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुजीत सिंह, राकेश देवता, अभिषेक कुमार बसु, पप्पू सिंह, विजेंद्र मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता रामविलास सिंह, भारतीय जनता पार्टी नेता अनिल ओडिया, टुन्ना गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

# अनुग्रह नारायण महाविद्यालय नबीनगर में गणतंत्र दिवस का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नबीनगर।** अनुग्रह नारायण महाविद्यालय नबीनगर में गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. सत्येंद्र प्रजापति के निर्देशानुसार महाविद्यालय के वित्तेक्षक डॉ. आफताब अहमद फरीदी द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर दिवस की सार्थकता को स्मरण करते हुए महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने पूर्ण अनुशासन के साथ राष्ट्रध्वज को सलामी दी और परेड का आयोजन किया। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर प्रफुल्ल कुमार ने किया। सम्मान गार्ड, वॉयस कैडेट और गर्ल्स कैडेट की प्लाटून का नेतृत्व रवि कुमार, शशि रंजन, निक्की कुमारी और जूही कुमारी ने किया, जबकि पायलटिंग की जिम्मेदारी काजल और नंदिनी ने निभाई। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनसीसी कैडेट्स को मेडल प्रदान किए गए। इनमें बड़ी संख्या में रक्तदान करने वाले कैडेट्स भी शामिल रहे। कार्यक्रम में हैदर इमाम, अक्षय जैन, डॉ. नंदकिशोर चौधरी, कमलेश सिंह, कमला, अरुण, अजय सिंह सहित विभिन्न शिक्षकेत्तर कर्मी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राजकीय पॉलिटेकनिक में मना 77वां गणतंत्र दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राजकीय पॉलिटेकनिक, औरंगाबाद में 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, अनुशासन और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. बी. के. सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. बी. के. सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान की महानता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए तकनीकी ज्ञान





और कौशल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत और नृत्य की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को देशप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया। समारोह में संस्थान के सभी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की उन्नति, शांति और समृद्धि की कामना के साथ किया गया।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल दयानंद विहार में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार पाठक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके बाद ध्वज के सम्मान में विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय कैडेट कोर कैडेटों एवं विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करते हुए तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य विजय कुमार पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत भरतनाट्यम नृत्य से हुई। इसके बाद कुमारी सौम्या ने हिंदी भाषण और कुमारी स्पर्श ने अंग्रेजी भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा एलकेजी और कक्षा दो के विद्यार्थियों ने 'अनेकता में एकता' विषय पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा छठी और सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा समूह गान प्रस्तुत किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय कैडेट कोर के विद्यार्थियों ने पिरामिड का निर्माण किया। कक्षा दसवीं और बारहवीं में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों



एवं उनके अभिभावकों को प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों और अन्य छोटे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एकांकी 'दीपदान' ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कक्षा पांचवीं की एक छात्रा ने अपने प्रभावपूर्ण भाषण से श्रोताओं को प्रभावित किया। कक्षा तीसरी से छठी तक के विद्यार्थियों ने मकर संक्रांति से संबंधित नृत्य प्रस्तुत कर भारतीय कला और संस्कृति को दर्शाया। कार्यक्रम में प्रख्यात चिकित्सक डॉ. शीला वर्मा ने भी मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया। इसके बाद 'हम भारत के हैं रखवाले' देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा नौवीं की छात्रा अंजलि कुमारी ने संस्कृत भाषण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कक्षा सातवीं, आठवीं और नौवीं के विद्यार्थियों ने कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में विद्यालय के वरीय शिक्षक लालदेव यादव ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इसके पश्चात विद्यालय में गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और कला विषयों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री सीमेंट के महाप्रबंधक अतुल कुमार, तथा विशिष्ट अतिथि श्री सीमेंट के मानव संसाधन प्रमुख राकेश कुमार सिंह ने प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन एवं निरीक्षण किया। कार्यक्रम के अंत में वरीय शिक्षक बिपिन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में विद्यार्थियों के बीच मिष्ठान वितरण किया गया।

# दानी बिगहा डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना 77वां गणतंत्र दिवस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल दानी बिगहा में लोकतंत्र का महापर्व 77वाँ गणतंत्र दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी राघवेंद्र प्रताप सिंह (छोटका बाबू) और आलोक बाबू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रगान और वंदे मातरम के पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्पना मिश्रा द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इसके बाद विद्यालय के चार हाउस–अग्नि, आकाश, त्रिशूल और पृथ्वी–के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। स्वागत भाषण में प्रधानाचार्या ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में न्याय, स्वतंत्रता, समता, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और बंधुत्व के मूल्यों को रेखांकित करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा उच्च आदर्शों को आत्मसात कर देश की उन्नति में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कक्षा छठी और सातवीं की छात्राओं ने तिरंगे को समर्पित समूह गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और शांति पाठ के साथ किया गया।

# पूर्व सांसद लूटन बाबू की प्रतिमा का शिलान्यास

## रामनरेश सिंह वाटिका में लगेगी प्रतिमा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनुग्रह नारायण सिन्हा मेमोरियल कॉलेज के समीप नवनिर्मित पार्क में औरंगाबाद के पूर्व सांसद स्व. रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू की आदमकद प्रतिमा का शिलान्यास किया गया और इस पार्क का नाम राम नरेश सिंह वाटिका रखा गया। स्व. रामनरेश सिंह के सुपुत्र पूर्व




सांसद सुशील कुमार सिंह एवं भाजपा के वरीय नेता सुनील कुमार सिंह की मौजूदगी में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस वाटिका में पूर्व सांसद ने ध्वजारोहण भी किया। मौके पर औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, जदयू के राज्य कार्यकारिणी सदस्य विश्वनाथ सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह समेत जिले के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी वर्ग, युवा एवं आमजन उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रध्वज को नमन करते हुए स्व. राम नरेश सिंह के त्याग, संघर्ष, जनसेवा और कर्तव्यनिष्ठ जीवन को याद किया। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि स्व. राम नरेश सिंह 'लूटन बाबू' का संपूर्ण जीवन वंचितों, शोषितों और आमजन की आवाज बनकर संघर्ष करने की मिसाल रहा। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाकर सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे निडर, स्पष्टवादी और जनभावनाओं से जुड़े हुए नेता के रूप में सदैव याद किए जाते रहेंगे। उनके विचार, मूल्य और आदर्श आज भी समाज को सत्य, सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनका जीवन नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है, जो जनसेवा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने की सीख देता है।